CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 24°C
न्यूनतम : 10°C

मुजफ्फरनगर, बुधवार 12 नवम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 301 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 20 जमादिउल उला 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




**महाभारत सर्किट के विकास के लिए दो करोड़ का बजट स्वीकृत** पेज 2



**सम्राट राणा ने आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक** खेल टाइम्स



**बिहार में चुनाव और दिल्ली में विस्फोट** सम्पादकीय



**इस्लामाबाद कोर्ट कैंपस ब्लास्ट में 12 की मौत, 36 लोग घायल** पेज 12

# डा.उमर का दोस्त डा. सज्जाद गिरफ्तार

## करीब 20 घंटे बाद एनआईए को सौंपी जांच, मृतक संख्या बढ़कर 12 हुई, दो महिलाएं भी शामिल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सोमवार शाम हुए कार ब्लास्ट की जांच करीब 20 घंटे बाद एनआईए को सौंप दी गई। इस बीच ब्लास्ट में मरने वालों की संख्या मंगलवार को बढ़कर 12 हो गई। इनमें 2 महिलाएं हैं। 20 घायलों का इलाज जारी है। लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 के पास सोमवार शाम करीब 6.52 बजे हुए ब्लास्ट में जिस सफेद आई-20 कार का इस्तेमाल हुआ, उसका सीसीटीवी फुटेज मंगलवार को सामने आया। मेट्रो स्टेशन की पार्किंग से निकल रही कार में काला मास्क पहने एक शख्स बैठा दिखाई दिया।

पुलिस के मुताबिक कार में बैठे शख्स का नाम डा. मोहम्मद उमर नबी है। वह पुलवामा का रहने वाला है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक उसने विस्फोटकों से खुद को उड़ा लिया था। उसके डीएनए टेस्ट के लिए जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पुलवामा में उसके माता-पिता और दो भाइयों को हिरासत में लिया है। पुलवामा से ही उमर के दोस्त डा. सज्जाद को भी हिरासत में लिया गया। उसकी एक दिन पहले ही शादी हुई है। इधर हरियाणा के फरीदाबाद से एक महिला डा. शाहीन शाहिद की गिरफ्तारी हुई है। पुलिस के मुताबिक शाहीन भारत में जैश-ए-मोहम्मद की महिला विंग जमात-उल-मोमीनात की हेड थी। पाकिस्तान में आतंकी अजहर मसूद की बहन सादिया इसकी चीफ है। फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीमों ने ब्लास्ट वाली जगह से सबूत जुटाए हैं। यहां से कई सैंपल लिए गए हैं। ब्लास्ट के वाहनों के हिस्से कई मीटर दूर जाकर गिरे थे। ब्लास्ट की तीव्रता इतनी तेज थी कि धमाके वाली जगह से काफी दूर खड़ी एक कार के दोनों एयर बैग ऑटोमैटिक खुल गए थे।

### दिल्ली ब्लास्टः डीएनए टेस्ट के लिए भाई और मां-बाप हिरासत में, फरीदाबाद से डा. शाहीन जैश महिला विंग की हेड गिरफ्तार



### सीसीटीवी में पुलवामा का डाक्टर कार चलाते दिखा

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सोमवार शाम लालकिला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 के पास सफेद रंग की जिस हुंडई आई-20 कार में धमाका हुआ, उसका एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। सीसीटीवी फुटेज में काले रंग का मास्क पहने एक शख्स पार्किंग एरिया से कार लेकर निकलता दिखाई दिया।

### दिल्ली धमाके में यूपी के पांच लोगों की मौत

**लखनऊ।** बीते सोमवार का दिन दिल्ली के लिए एक काले दिन के रूप में याद किया जाएगा। लाल किला मेट्रो स्टेशन के नजदीक कार में हुए धमाके में 12 लोगों की मौत हुई, जिसमें से पांच लोग उत्तर प्रदेश के रहने वाले थे। इन पांच लोगों में दो अमरोहा जिले के अशोक, लोकेश, मेरठ के मोहसिन, श्रावस्ती के दिनेश और शामली के नोमान हैं। शामली के झिंझाना निवासी 22 वर्षीय नोमान अंसारी कस्बे में कास्मेटिक की दुकान करता था। सोमवार शाम वह अमन के साथ सामान खरीदने दिल्ली गया था। पार्किंग में गाड़ी खड़ी करने के बाद वहां से निकल रहे थे कि इस दौरान तेज धमाका हुआ, जिसमें नोमान की मौत हो गई, जबकि उसका भाई अमन गंभीर घायल हो गया।

## दिल्ली धमाके के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा: मोदी



**थिम्फू।** भूटान के दो दिवसीय दौरे पर गए प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली में हुई कार विस्फोट की घटना पर दुख व्यक्त किया और साथ ही ये भी कहा कि इस घटना के जिम्मेदार लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। प्रधानमंत्री ने दिल्ली विस्फोट की घटना को साजिश करार दिया। उन्होंने ये भी कहा कि वे बीती रात जांच एजेंसियों के संपर्क में रहे और धमाके से जुड़ी जानकारी लेते रहे। सोमवार शाम दिल्ली में बम धमाका हुआ और पीएम मोदी तय कार्यक्रम के अनुसार, मंगलवार सुबह भूटान पहुंचे। यहीं उन्होंने दिल्ली विस्फोट की घटना पर बयान दिया। पीएम मोदी ने थिम्फू में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि आज मैं यहां बहुत भारी मन से आया हूं।

## 16 एग्जिट पोल में बिहार में एनडीए सरकार

पटना/नई दिल्ली, वार्ता

**बिहार चुनाव** के एग्जिट पोल में एनडीए की बड़ी बढ़त के संकेत मिले हैं। 16 एजेंसियों के पोल ऑफ पोल्स में एनडीए को 154 सीटें मिलने का अनुमान है। महागठबंधन 83 सीटों पर सिमटता दिख रहा है, जबकि अन्य के खाते में 5 सीटें जा सकती हैं। पहली बार चुनाव में उतरी प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी बेअसर नजर आ रही है। उसे 3-5 सीटें मिलने का अनुमान है।

पिछले चुनाव में एनडीए को 125, महागठबंधन को 110 और अन्य को 8 सीटें मिली थीं। यानी इस बार एनडीए को करीब 29 सीटों का फायदा, जबकि महागठबंधन को 28 सीटों का नुकसान होता दिख रहा है। राज्य में 243 सीटों पर 2 फेज में चुनाव हुआ। पहले फेज में 121 सीटों पर 65 फीसदी वोटिंग हुई है। वहीं दूसरी फेज में रिकॉर्ड 68.5 फीसदी मतदान हुआ है। रिजल्ट 14 नवम्बर को आएगा। पिछले 3 विधानसभा चुनावों (2010, 2015, 2020) के एग्जिट -शेष पृष्ठ दो पर



- **154 सीटों के साथ एनडीए को बहुमत, महागठबंधन 83 सीटों पर सिमट रहा, पीके की जन सुराज बेअसर**
- **पिछले दो चुनावों में गलत साबित हुए थे एग्जिट पोल, बिहार में एग्जिट पोल पूरी तरह भरोसेमंद नहीं रहे**

### आजादी के बाद पहली बार 68.55% मतदान

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 20 जिलों की 122 सीटों पर बंपर वोटिंग हुई है। शाम पांच बजे तक ही मतदाताओं ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। मतदान खत्म होने के बाद 68.55 फीसदी वोटिंग हुई। आजादी के बाद पहली बार इतना मतदान हुआ है। गया के नक्सल प्रभावित इलाके में भी सफल मतदान संपन्न हुआ। एक समय यहां नक्सल दस्ते की सक्रियता इतनी थी कि वर्ष 2016 में डुमरी नाला ब्लास्ट में 10 कोबरा जवान शहीद हुए थे। लेकिन अब यह इलाका नक्सल मुक्त घोषित किया जा चुका है। इस क्षेत्र के मतदान केन्द्रों पर उल्लेखनीय मतदान हुआ।




xmart

To book online visit auto.mahindra.com.

A2Z AUTOWHEELS PVT. LTD. — MUZAFFARNAGAR 7617595008, 8392954021; SHAMLI 7617595008
SHREE SHYAM JI AUTOMOTIVE — MEERUT 7428594673, 7302255500; BAGHPAT 7428594673
JAI KUMAR ARUN KUMAR PVT. LTD. — MEERUT 9711831908, 8929469900; MAWANA 9711831908; SARDHANA 9711831908
SHIVA AUTO CORP — BULANDSHAHAR 7617595010, 8929088709
TIRUPATI VEHICLES PVT. LTD. — BIJNOR 7617595014; SAHARANPUR 7617595014; GAJRAULA 7617595014; DHAMPUR 7617595014; DEOBAND 7617595014; GANGOH 7617595014

## संक्षिप्त समाचार

### महाभारत सर्किट के विकास को दो करोड़ का बजट स्वीकृत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने महाभारत सर्किट के अंतर्गत मेरठ जिला स्थित परीक्षितगढ़ के श्रृंगी ऋषि आश्रम के समेकित पर्यटन विकास की महत्वाकांक्षी योजना को मंजूरी दी है। इसके लिए राज्य सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए इस परियोजना के लिए दो करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। श्रृंगी ऋषि आश्रम के संबंध में यह मान्यता है कि यहीं से कलियुग की शुरुआत हुई थी। महाभारत काल की कई प्रमुख घटनाएं इसी क्षेत्र से जुड़ी मानी जाती हैं। यह स्थल ऐतिहासिक एवं धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि मेरठ के इस प्राचीन स्थल पर ऋषि श्रृंगी और ऋषि शमीक की प्रतिमाएं स्थापित हैं, जो पर्यटकों में विशेष आकर्षण का केंद्र हैं।

### चीनी उत्पादन में दर्ज हो सकती है दो प्रतिशत की बढ़ोतरी

**लखनऊ।** गन्ने के रकबे में मामूली गिरावट के बावजूद उत्तर प्रदेश में चीनी उत्पादन लगभग स्थिर रहने की संभावना है। भारतीय चीनी मिल संघ के शुरुआती अनुमानों के अनुसार, 2025-26 में राज्य में चीनी उत्पादन में करीब दो प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज हो सकती है। अधिकारियों के मुताबिक हालांकि यह वृद्धि यूपी को देश का शीर्ष उत्पादक राज्य बनाए रखने के लिए पर्याप्त नहीं होगी, क्योंकि महाराष्ट्र में उत्पादन में भारी उछाल का अनुमान लगाया गया है। आईएसएमए ने देशभर में चीनी उत्पादन में 18-5 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान जताया है। रिपोर्ट के मुताबिक, महाराष्ट्र में चीनी उत्पादन 39 प्रतिशत तक बढ़ सकता है, जो पिछले साल की तुलना में जयादा है।

# लेसा में 5600 पद खत्म योगी से हस्तक्षेप की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ रिस्ट्रक्चरिंग के नाम पर समाप्त कर दिए पद

**लखनऊ।** लखनऊ की बिजली व्यवस्था को बचाने के लिए विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, यूपी के केंद्रीय पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से तत्काल हस्तक्षेप की अपील की है।

समिति ने आरोप लगाया है कि रिस्ट्रक्चरिंग के नाम पर लेसा (लखनऊ इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई एडमिनिस्ट्रेशन) में 5606 पद समाप्त कर दिए गए हैं, जिससे सभी वर्गों के बिजली कर्मियों में गहरा असंतोष व्याप्त है। संघर्ष समिति के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने कहा कि प्रबंधन द्वारा जारी आदेशों के अनुसार, लेसा में कुल 5606 पद खत्म किए गए हैं, जिनमें 3305 संविदा कर्मियों और 2301 नियमित कर्मचारियों के पद शामिल हैं। उन्होंने कहा कि रिस्ट्रक्चरिंग के नाम पर यह कदम निजीकरण की तैयारी जैसा है, जो राजधानी की बिजली व्यवस्था को पूरी तरह पटरी से उतार देगा। उन्होंने कहा कि इस आदेश का सबसे बड़ा असर संविदा कर्मियों पर पड़ा है। 15 मई 2017 के शासनादेश के अनुसार शहरी क्षेत्र के प्रत्येक विद्युत उपकेंद्र पर 36 कर्मचारी होने चाहिए, जबकि लखनऊ में 154 उपकेंद्र हैं। इस आधार पर 5544 संविदा कर्मियों की आवश्यकता है, लेकिन नई व्यवस्था में यह संख्या घटाकर केवल 2239 कर दी गई है।

### शाह इस्तीफा देकर घर चले जाएं: राय

**लखनऊ।** दिल्ली के लाल किले के सामने हुए धमाके के बाद यूपी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने गृहमंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए कहा कि वो तो कहते हैं कि कोई घुसपैठिया नहीं घुस रहा, तो ये घटनाएं कैसे हो रही हैं।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कुछ दिन पहले पहलगाम में हमारे बच्चों की हत्या कर दी गई। वो देख रहे हैं कि क्या हो रहा है, फिर भी कहते रहते हैं कि वो सब ठीक कर देंगे। इससे पहले 2019 के चुनावों से ठीक पहले पुलवामा में घटना हुई थी, इस हमले की भी कोई जांच नहीं हुई। पूरा देश तनाव में है, कई निर्दोष लोग मारे गए हैं। अब इस घटना की जिम्मेदारी कौन लेगा? इसके लिए सीधे तौर पर अमित शाह जिम्मेदार हैं, उन्हें तुरंत इस्तीफा देकर घर जाना चाहिए। ये सीधे तौर पर सरकार की विफलता है।

# दिल्ली धमाकाः सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न

## लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास विस्फोट की घटना अति-दुखद : मायावती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने दिल्ली में लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए विस्फोट की घटना को अत्यंत दुखद और निंदनीय बताया है।

उन्होंने कहा कि यह घटना देश की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करती है। मायावती ने इस हमले में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए सरकार से घायलों के समुचित इलाज और पीड़ित परिवारों की हरसंभव मदद की मांग की है। मंगलवार को लखनऊ में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में मायावती ने पंजाब, हरियाणा, पश्चिम बंगाल और उड़ीसा राज्यों में पार्टी संगठन की समीक्षा बैठक की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन राज्यों में संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ जमीनी स्तर पर पार्टी के जनाधार के विस्तार के लिए कार्यकर्ताओं को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। मायावती ने कहा कि इन राज्यों में गरीब, किसान और आम जनता की स्थिति चिताजनक है। भाजपा शासित प्रदेशों में लोगों की समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं, जिससे साबित होता है कि सरकारें बदलने से भी जनता की स्थिति में कोई ठोस सुधार नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि बीएसपी अपने सिद्धांतों और डा. भीमराव अंबेडकर के मिशन पर अडिग है और समाज के कमजोर वर्गों, गरीबों और किसानों की आवाज उठाती रहेगी। मायावती ने बताया कि आगामी छह दिसम्बर को पार्टी डा. भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण पर विशेष कार्यक्रम आयोजित करेगी। जो देशभर में समान रूप से मनाया जाएगा, ताकि समाज में समानता और बंधुत्व के मूल्यों को सशक्त किया जा सके। मायावती ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे जनकल्याणकारी कार्यों को प्राथमिकता दें और संविधान की भावना के अनुरूप देश सेवा में समर्पित रहें।

### बम धमाके की घटना दुखदः फारूक

**श्रीनगर।** मीरवाइज उमर फारूक ने सोमवार शाम दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास कार बम विस्फोट पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। मीरवाइज ने मंगलवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि दिल्ली में हुए कार बम विस्फोट से दुखी हूं, जिसमें कई लोगों की जान चली गई और कई लोग घायल हो गए।' शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदना है और मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। ईश्वर इस त्रासदी के सभी पीड़ितों को धैर्य प्रदान करें।

## बाराबंकी में परियोजनाओं के शिलान्यास पर बोले योगी

# वंदे मातरम के विरोधियों को पहचानें

**बाराबंकी, वार्ता**

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बाराबंकी के फतेहपुर तहसील क्षेत्र के झांसापुरवा गांव पहुंचे। यहां सीएम योगी ने 1734 करोड़ रुपये की 254 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास कर जिले को बड़ी सौगात दी।

सीएम ने कहा कि आज भी कुछ लोग हैं, जो रहेंगे हिंदुस्तान में, खाएंगे हिंदुस्तान में, लेकिन वंदे मातरमनहीं गाएंगे, हम उनकी मंशा को समझें। जो लोग वंदे मातरम का विरोध कर रहे हैं, वे भारत माता का विरोध कर रहे हैं। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने से



पहले सीएम योगी आदित्यनाथ ने डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया, फिर जनसभा स्थल पर सरदार पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार काशी विश्वनाथ की तर्ज पर महादेवा कॉरिडोर बनाने का कार्य कर रही है। योगी ने कहा कि जो लोग वंदे मातरम का विरोध करते हैं, वे भारत माता का विरोध कर रहे हैं। ऐसे लोगों के लिए इस देश में कोई स्थान नहीं होना चाहिए. जो योजनाओं के लाभ लेने के लिए पहली लाइन में खड़े होते हैं, वही वंदे मातरम गाने से इन्कार करते हैं। हमें ऐसे चेहरों को पहचानने की जरूरत है। योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार सभी धर्मस्थलों के विकास के लिए कार्य कर रही है।

### पटेल ने रियासतों को एकसूत्र में बांधा

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक ओर भारत की अखंडता के शिल्पकार सरदार पटेल की जयंती के 150 वर्ष पूरे हुए हैं, वहीं वंदे मातरम गीत की रचना के भी 150 वर्ष पूरे हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत की एकता को अंग्रेजों ने तोड़ने की साजिश रची थी, लेकिन सरदार पटेल की सूझबूझ से देश की रियासतें एक धागे में बंध सकीं।

### राष्ट्रीय एकता के लिए एकजुट हों

सीएम ने कहा कि बाराबंकी के प्रगतिशील किसान इतिहास रच रहे हैं, औद्योगिक विकास की गति तेज हुई है। उन्होंने केडी सिंह बाबू की हवेली को म्यूजियम के रूप में विकसित करने की जानकारी दी। सीएम योगी ने आगे कहा कि राष्ट्रीय एकता के लिए सबको अपने मनमुटाव छोड़कर एकजुट होना होगा, जब देश एक होगा, तभी विकास की गति और तीव्र होगी।

### जल पुरस्कार घोषित, राष्ट्रपति मुर्मू करेंगी सम्मानित

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय में राष्ट्रीय जल पुरस्कार तथा जल संचयन में उल्लेखनीय योगदान के लिए 2024 के पुरस्कारों की घोषणा की है। जल शक्ति मंत्री सीआर पाटील ने इन पुरस्कारों की घोषणा की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 18 नवम्बर को राष्ट्रीय राजधानी के विज्ञान भवन में विजेताओं को एक समारोह में पुरस्कार प्रदान करेंगी। जलशक्ति मंत्री ने बताया कि इस वर्ष, राष्ट्रीय जल पुरस्कारों के साथ-साथ, जल संचय जन भागीदारी के विजेताओं को भी पुरस्कार प्रदान करेंगी। जल संचय के क्षेत्र में पुरस्कारों का पहला संस्करण है। मंत्रालय का मानना है कि पुरस्कार विजेताओं के प्रयास नागरिकों को जल संरक्षण और प्रबंधन में योगदान देने के लिए और प्रोत्साहित करेंगे।

# बिहार चुनाव में भाजपा हार की ओर : अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ दिल्ली धमाके की जांच सामने आनी चाहिए

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पहले चरण के मतदान से ही यह स्पष्ट हो गया है कि भाजपा बिहार में चुनाव हार रही है।

मंगलवार को पार्टी कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत में अखिलेश यादव ने कहा कि पहले चरण में लगभग आधा मतदान हुआ था, जिसमें जनता ने अपना रुख साफ कर दिया है। बिहार की जनता बदलाव चाहती है और महागठबंधन बहुमत से आगे निकल जाएगा। सपा अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी विभाजन की राजनीति के खिलाफ है और वह एकजुटता, विकास और समावेशी सोच की राजनीति करती है। उन्होंने बताया कि पार्टी अपने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दे रही है ताकि वे अपने-अपने क्षेत्रों में मतदाता सूची में पात्र लोगों के नाम जुड़वाने और संगठन को मजबूत करने का काम करें। दिल्ली विस्फोट पर प्रतिक्रिया देते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जांच का भरोसा दिया है, अब पूरे देश को इंतजार है कि सच्चाई सामने आए।



सेंसेक्स 83535.35
निफ्टी 25574.35



सोना रु. 122494
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 150660
प्रति किलो



# ट्रम्प के बयान से चढ़ा शेयर बाजार

**मुंबई, वार्ता**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत के साथ व्यापार समझौता जल्द होने के बयान से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन तेजी रही।

शुरुआती कारोबार में गिरावट में रहने के बाद बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 335.97 अंक (0.40 प्रतिशत) की बढ़त के साथ बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 120.60 अंक यानी 0.47 प्रतिशत उछलकर 25,694.95 अंक पर पहुंच गया। आईटी और ऑटो सेक्टरों में सबसे अधिक लिवाली देखी गई। धातु, एफएमसीजी और निजी बैंकों के समूहों के सूचकांक भी हरे निशान में रहे। वित्तीय सेवाओं, सार्वजनिक बैंकों और रियलिटी सेक्टरों के सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। ट्रम्प ने सोमवार को कहा था कि भारत और



अमेरिका के बीच व्यापार समझौता जल्द होने की उम्मीद है। इससे शेयर बाजारों में निवेश धारणा मजबूत हुई। हालांकि छोटी कंपनियों में निवेशक बिकवाल रहे। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.58 प्रतिशत मजबूत हुआ जबकि निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.21 प्रतिशत टूट गया। एनएसई में जिन 3,203 कंपनियों के शेयरों में तेजी रही उनमें 1,562 में गिरावट और 1,561 में तेजी रही। वहीं, 80 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की 30 में से 24 कंपनियों के शेयरों में तेजी और शेष छह में गिरावट रही। बीईएल का शेयर सबसे अधिक 2.52 प्रतिशत की बढ़त में रहा। महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर 2.40 फीसदी, अडानी पोर्ट्स का 2.11 प्रतिशत और एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 1.89 प्रतिशत चढ़ा।

इटरनल का शेयर 1.44 फीसदी, इंफोसिस का 1.06, भारती एयरटेल का 1.06 और सनफार्मा का 1.01 प्रतिशत मजबूत हुआ। एलएंडटी, हिदुस्तान यूनीलिवर, अल्ट्राटेक सीमेंट ट्रेंट, टेक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, टीसीएस और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी हरे निशान में रहे। एशियाई बाजारों में मिलाजुला रुख रहा। जापान का निक्केई 0.14 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.39 प्रतिशत टूट गया। वहीं, हांगकांग का हैंगसेंग 0.18 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ।

यूरोप में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.11 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.83 प्रतिशत की बढ़त में था।

### सोना 1.24 लाख प्रति 10 ग्राम , चांदी भी महंगी

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में मंगलवार को बढ़त देखी गई । इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम सोना 1,688 रुपए बढ़कर 1,24,129 रुपए पर पहुंच गया है। चांदी 3,117 रुपए बढ़कर 1,54,760 रुपए प्रति किलोग्राम पहुंच गई है।

इस साल अब तक सोने की कीमत 47,967 रुपए बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,24,129 रुपए हो गया है। चांदी का भाव भी इस दौरान 68,743 रुपए बढ़ गया है। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो अब 1,54,760 रुपए प्रति किलो हो गई है। एक्सपर्ट्स के अनुसार आने वाले दिनों में सोने के दामों में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। हालांकि शादियों का सीजन चालू हो चुका है इससे सोने को सपोर्ट मिलेगा। इससे आने वाले दिनों में इसकी कीमत फिर एक बार 1.25 लाख रुपए तक जा सकती है। ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें।

# अमेरिका में 15 प्रतिशत घटी भारतीय कपड़ों की मांग

■ भारत टेक्स ट्रेड के को-चेयरमैन भद्रेश डोढ़िया ने दी जानकारी

**नई दिल्ली।** अमेरिका में भारतीय उत्पादों पर अगस्त में दो बार में उत्पाद शुल्क बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने के कारण जुलाई-सितम्बर की तिमाही में कपड़ों के निर्यात में 15 प्रतिशत की गिरावट देखी गई।

भारत टेक्स ट्रेड फेडरेशन के को-चेयरमैन भद्रेश डोढ़िया ने बताया कि पिछली तिमाही जुलाई-सितम्बर में अमेरिका को किया जाने वाला कपड़ा निर्यात 15 प्रतिशत घटा है। अक्टूबर-दिसम्बर तिमाही में इसमें और गिरावट की आशंका है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जनवरी तक अमेरिका और भारत के बीच व्यापार समझौता हो जाएगा और भारत की बाजार हिस्सेदारी पहले की तरह कायम रहेगी। यूरोपीय बाजार के बारे में श्री डोढ़िया ने कहा कि यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौता ऋएफटीएऋ पर बात चल रही है। यह समझौता होने के बाद भारतीय उत्पाद बांग्लादेश के उत्पादों से प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे। इसके साथ ही बांग्लादेश में जारी राजनीतिक अशांति का लाभ भी भारत को मिलेगा और कुल मिलाकर 20 से 25 प्रतिशत मांग बांग्लादेश से भारत की तरफ स्थानांतरित होने की उम्मीद है। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में कपड़ों पर करों में कमी के बारे में उन्होंने कहा कि कपड़ा उद्योग के लिए जीएसटी के दो पहलू हैं - एक है कपास और दूसरा मानव निर्मित फाइबर (एमएमएफ)।

### भारत मंडपम में होगा भारत टेक्स 2026 का आयोजन

**नई दिल्ली।** वैश्विक टेक्सटाइल प्रदर्शनी 'भारत टेक्स 2026' का आयोजन अगले साल जुलाई में दिल्ली के भारत मंडपम में किया जाएगा। प्रदर्शनी के आयोजक भारत टेक्स ट्रेड फेडरेशन के को-चेयरमैन भद्रेश डोढ़िया ने बताया कि 'भारत टेक्स 2026 का आयोजन 14 से 17 जुलाई तक होगा। यह इसका तीसरा संस्करण होगा। उन्होने बताया कि इस आयोजन का सबसे बड़ा कार्यक्रम वैश्विक टेक्सटाइल परिचर्चा 2026 जिसमें अन्य लोगों के साथ उद्योग के शीर्ष अधिकारी, नीति निर्माता और सतत विकास के विशेषज्ञ शामिल होंगे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**16 एग्जिट...**

पोल्स के रुझान बताते हैं कि सर्वे एजेंसियां वोटर्स का मूड ठीक से पकड़ नहीं पाई। 2015 में ज्यादातर एग्जिट पोल्स ने एनडीए यानी भाजपा+ को बढ़त दी थी, जबकि नतीजों में महागठबंधन (राजद-जेडीयू-कांग्रेस) ने स्पष्ट बहुमत हासिल किया। वहीं, 2020 में तस्वीर उलटी रही। इस बार कई एजेंसियों ने महागठबंधन की जीत का अनुमान लगाया, लेकिन परिणामों में एनडीए ने 125 सीटें जीतकर सरकार बनाई। यानी ज्यादातर पोल्स फिर गलत साबित हुए। सर्वे में एनडीए को 145-160 सीटें मिलने का अनुमान है। वहीं, महागठबंधन को 73-91 और अन्य को 5-10 सीटें मिलने का अनुमान है। इस पोल के मुताबिक, बीजेपी को 72-82 सीटें, जेडीयू को 59-68 सीटें, एलजेपी को 4-5 सीटें और हम 5-5 सीटें मिल सकती हैं। महागठबंधन में आरजेडी को 51-63, कांग्रेस को 12-15, सीपीआईएमएल को 6-9, वीआईपी को 0, सीपीआई को 2, सीपीएम को 1, आईआईपी को 0-1 सीटें मिलने का अनुमान है। चाणक्य के एग्जिट पोल में बिहार में एनडीए को 130-138 सीटें दी गई हैं। महागठबंधन को 100 से 108 सीटें मिलती दिखाई गई हैं। अन्य को 3 से 5 सीटें मिल सकती हैं। पीपुल पल्स के एग्जिट पोल में बिहार में एनडीए की सरकार बनती नजर आ रही है। यहां इसे 133 से 159 सीटें मिलती दिख रही हैं। महागठबंधन 75-101 सीटों पर सिमटता नजर आ रहा है। अन्य को 2 से 13 सीटें मिल सकती हैं। बिहार में एग्जिट-पोल्स पूरी तरह भरोसेमंद कभी नहीं रहे। सीटों को लेकर हर बार इनका गणित बिगड़ा है। हालांकि कुछ एग्जिट पोल में वोट प्रतिशत अनुमान करीब रहा है, लेकिन कितनी सीटें किस गठबंधन को मिलेंगी, ये बताने में नाकाम रहे। बिहार से बाहर काम करने वाले लाखों प्रवासी वोट देने के बाद लौटने की जल्दबाजी में होते हैं। ऐसे में उन्हें एग्जिट पोल सैंपल में शामिल करना मुश्किल होता है। बिहार में जातीय समीकरण जटिल है और एग्जिट पोल्र्स अक्सर छोटे सैंपल साइज के कारण निचली जातियों के शिफ्ट को मिस कर देते हैं।

### पंडित नेहरू ने दोस्ती मजबूत करने को जानवरों से भूटान की यात्रा की थी : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भूटान दौरे से प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की 1958 की वह ऐतिहासिक यात्रा फिर केन्द्र बिन्दु में आ गई है जब पंडित नेहरू ने दोस्ती मजबूत करने के लिए जानवरों से भूटान की यात्रा की थी ।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने 67 साल पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की भूटान यात्रा की याद दिलाते हुए कहा कि उनकी पांच दिन तक चली 50 किलोमीटर की भूटान यात्रा अत्यंत चुनौतीपूर्ण थी। यही यात्रा भारत और भूटान के बीच विशेष राजनयिक संबंधों की आधारशिला बनी।

# यूपी एससीआर में बनेगा नैमिष धाम विशेष कॉरिडोर

■ सड़क व जलमार्ग से जुड़ेगा चंद्रिका देवी मंदिर

**लखनऊ।** यूपी की राज्य राजधानी क्षेत्र (एससीआर) परियोजना के तहत एक बड़ा और महत्वपूर्ण फैसला लिया गया है। अब नैमिष धाम से चंद्रिका देवी मंदिर तक एक विशेष कॉरिडोर बनाया जाएगा। यह कॉरिडोर दोनों प्रमुख तीर्थ स्थलों को सड़क और जलमार्ग से जोड़ेगा।

इससे श्रद्धालुओं को आने-जाने में आसानी होगी और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। यह जानकारी लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से दी गई है। गौरतलब है कि नैमिष धाम सीतापुर जिले में स्थित है। यह हिंदू धर्म में बहुत पवित्र स्थान माना जाता है। यहां भगवान विष्णु का प्राचीन मंदिर है और वेदों की रचना यहीं हुई थी। हर साल लाखों यात्री यहां आते हैं। दूसरी ओर चंद्रिका देवी मंदिर लखनऊ शहर में है। यह मां दुर्गा का प्रसिद्ध शक्तिपीठ है। दोनों जगहों की दूरी करीब 100 किलोमीटर है। अभी तक नैमिष धाम से चंद्रिका देवी मंदिर तक सड़क से जाना पड़ता है। ट्रैफिक और खराब रास्ते की वजह से मुश्किल होता है। इस कॉरिडोर की योजना बनाने के लिए सरकार ने एक कंसल्टेंट नियुक्त किया था। कंसल्टेंट ने विस्तृत प्लान तैयार किया, जिसमें सड़क और जलमार्ग दोनों को शामिल किया गया। सड़क मार्ग को चौड़ा और मजबूत बनाया जाएगा, हाईवे की तरह सुविधाएं होंगी, जैसे टोल फ्री रोड, सर्विस सेंटर और सुरक्षा व्यवस्था। जलमार्ग के लिए गोमती नदी का उपयोग होगा। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि राज्य राजधानी क्षेत्र को लेकर अलग-अलग प्रस्ताव कंसलटेंट दे रहे हैं, जिसमें यह भी एक बड़ा प्रस्ताव है। अब जल्द ही नैमिष धाम से चंद्रिका देवी मंदिर तक एक कॉरिडोर बनाने का काम शुरू हो जाएगा। यह कॉरिडोर लखनऊ को आसपास के जिलों से जोड़ेगा। इससे न सिर्फ धार्मिक महत्व बढ़ेगा, बल्कि आर्थिक विकास भी होगा और स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। पर्यटक ज्यादा आएंगे, तो व्यापार बढ़ेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार धार्मिक स्थलों के विकास पर विशेष ध्यान दे रही है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैसाअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# गन्ने से भरा ट्रैक्टर ट्राला पलटा, चालक की मौत

## क्रय केन्द्र से गन्ना लादकर भसाना शुगर मिल में ले जाते समय हुआ हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** गन्ने से भरा हुआ एक अवरलोड ट्रेक्टर ट्राला अचानक से अनियंत्रित होकर गहरी खाई में पलट गया। जिसमें चालक की ट्राले के नीचे दबकर मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। मौके पर पहुंचे बुढ़ाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मिली जानकारी के अनुसार गन्ने से भरा ट्रैक्टर ट्राला अनियंत्रित होकर सडक किनारे खाई में पलट गया। इस घटना में ट्रैक्टर व चालक गन्ने से भरे ट्राले के नीचे दब गए। इस घटना में चालक की मौत हो गई। पंचनामा भरने के बाद पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव भसाना का रहने वाला 34 वर्षीय प्रवीण कुमार आज मंगलवार के दिन किसी गन्ना क्रय केंद्र से ट्रैक्टर ट्राले में गन्ने भरकर भसाना शुगर मिल में आ रहा था। तब



बुढ़ाना वाया कांधला मार्ग पीर के पास गन्ने से भरा ट्राला अचानक से अनियंत्रित होकर पलट गया।

इस घटना में ट्राले के नीचे ट्रैक्टर चालक प्रवीण कुमार दब गया। तब आते जाते लोगों ने बामुश्किल चालक को ट्राले के नीचे से निकाला। चिकित्सालय में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पंचनामे के बाद पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से परिवार शोक में डूबा है।

# मोती महल के नवेद की नागपुर सड़क हादसे में मौत

■ **सपा नेता माजिद सिद्दीकी शव लाने के लिए हुए रवाना**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** महाराष्ट्र मे सोलर प्लांट की एक कम्पनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत शहर के मोती महल निवासी नवेद अब्बास जैदी की दुर्घटना में मौत के बाद क्षेत्र में शोक छाया है। इस खबर से परिवार में भी कोहराम मचा हुआ है। सपा के वरिष्ठ नेता माजिद सिद्दीकी उनके शव को लेकर फ्लाइट द्वारा रवाना हो गए है। मृतक के घर रिश्तेदार व मौहल्ले वासियों की भीड़ लगी है।

नगर कोतवाली क्षेत्र के मौहलला मोतीमहल के निवासी 49 वर्षीय नवेद अब्बास जैदी पुत्र शान



**मृतक का फाइल फोटो।**

मिया महाराष्ट्र में सोलर प्लांट की एक कम्पनी में मैनेजर थे। बताया जाता है कि करीब तीन माह से वह पारस कम्पनी में मैनेजर के पद पर रहते हुए बॉम्बे, नागपुर, महाराष्ट्र में काम कर रहे थे। बताया जाता है कि विगत दिवस वह अपनी कम्पनी के कार्य के बाद बॉम्बे से स्कार्पियो द्वारा नागपुर के लिए चले थे कार को बिलाल अब्बास चला रहा था। जैसे ही वह मेहर थाना क्षेत्र के बढ़ाना में पहुंचे तो एक ट्रक ने उनकी कार को अपनी चपेट में ले लिया जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई और नवेद अब्बास जैदी व बिलाल अब्बास घायल हो गए। क्षेत्रीय पुलिस द्वारा छानबीन के बाद इसकी जानकारी नवेद अब्बास जैदी के परिवार को दी। पुलिस दोनो को अस्पताल पहुंचा चुकी थी, लेकिन घायल हुए नवेद अब्बास जैदी को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था। इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया और यह खबर पूरे क्षेत्र में आग की तरह फैल गई।

आसपास के लोगों में भारी शोक छा गया। सपा के वरिष्ठ नेता माजिद सिद्दीकी मृतक के परिजन व रिश्तेदारों के साथ नागपुर पहुंचे और इस मामले में लिखा पढ़ी कराते हुए शव को लेकर मुजफ्फरनगर के लिए रवाना हो चुके है। बताया जाता है कि शव फ्लाइट द्वारा लाया जाएगा। माजिद सिद्दीकी ने बताया कि शव को रात्रि करीब दस बजे तक मुजफ्फरनगर लाया जाएगा। हादसे के बाद नवेद अब्बास जैदी के घर पूरी तरह कोहराम मचा हुआ है साथ ही उपचार के बाद घायल बिलाल को भी मुजफ्फरनगर लाया जा रहा है। देर रात तक गढ़ी गौरवान मोतीमहल स्थित नवेद अब्बास जैदी के आवास पर सांत्वना देने वालों का तांता लगा रहा और लोगों की भीड़ उनके आवास पर जमा थी।

# कॉलेज प्रबंधक पर एक और शिकंजा कसने की तैयारी

## मां शाकुम्भरी यूनिवर्सिटी सहारनपुर ने डीएम को भेजा पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** छात्र उज्जवल राणा आत्महत्या के प्रकरण में नामजद हुए डीएवी डिग्री कॉलेज बुढाना के प्रबंधक अरविंद गर्ग पर एक ओर शिकंजा कसने की तैयारी शुरु कर दी गयी है। मां शाकुम्भरी यूनिवर्सिटी सहारनपुर ने डीएम को एक पत्र लिखा है। जिसमें भूमाफिया एवं शिक्षण संस्था हड़प माफिया द्वारा विद्यालय की भूमि हड़पने के सम्बन्ध में कठोर कार्यवाही किये जाने के बात कही गयी है। पत्र में आर्य विद्या सभा बुढ़ाना के आजीवन सदस्य राजीव कुमार का पत्र भी संलग्न किया गया है। जिसमें राजीव कुमार ने शिकायत लिखी है कि डीएवी हायर सेकेंडरी के तत्कालीन प्रबन्धक अरविन्द कुमार ने प्रबन्ध समिति को गुमराह करके तथ्य गोपन करते हुए विद्यालय की खसरा गाटा संख्या 3307 की 2.541 हेक्टेयर तथा गाटा संख्या 3311 की 0.880 हेक्टेयर भूमि को स्वयं द्वारा संचालित निजी नितान्त प्राइवेट डीएवी डिग्री कॉलेज के नाम हस्तान्तरित करा दी तथा इसी प्रकार गाटा संख्या 2867 1.1.2000. 60 भूमि डीएवी पब्लिक स्कूल बुढ़ाना के नाम हस्तान्तरित करा ली और उस पर अवैध निर्माण कराकर डिग्री कॉलेज व पब्लिक स्कूल बना लिया और खुद उसके प्रबंधक बन बैठे और अपनी निजी संपत्ति की भांति उस पर निजी डीएवी डिग्री कॉलेज व पब्लिक स्कूल का संचालन करने लगे। पत्र के आधार पर उक्त कालेज की भूमि की जांच कर जांच आख्या यूनिवर्सिटी को उपलब्ध करा दें ताकि इस मामले में आगे की कार्यवाही हो।

# 6 वर्ष पूर्व एक्सीडेंट में हुई थी उज्जवल की मां की मौत

■ **घर के भाई बहनों में सबसे छोटा था मृतक छात्र**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** बीते छह साल पहले मृतक छात्र उज्जवल राणा की मां की भी घर के पास ही एक सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गयी थी। उज्जवल तीन भाई बहन थे। सबसे बड़ी बहन सलोनी, फिर दूसरे नंबर पर भाई वीशू और सबसे छोटा उज्जवल था। पापा हरेंद्र सिंह खेती करते हैं। सलोनी ने एमए अंग्रेजी पास की हुई है। मृतक उज्जवल के चाचा का कहना था कि उनका मकसद दोषियों को जेल भिजवाना है ताकि उनके भतीजे उज्जवल राणा की आत्मा को शांति मिल सके। बीते कल की महापंचायत में जो कुछ भी हुआ है वह सभी के सामने था। बस सभी हत्यारे जेल जाएं और इससे अलग जो भी मांगें थी वे पूरी हों। हमने पंचायत में सभी आने वालों का सम्मान रखा। आज उनके पास कोई भी जनप्रतिनिधि नहीं आया।

# छात्र उज्जवल आत्महत्या कांड का एक आरोपी अरेस्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** छात्र उज्जवल राणा आत्महत्या कांड में नामजद किए गये एक आरोपी पीटीआई संजीव कुमार को बुढ़ाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है जबकि बाकी फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस की कई टीमें लगी हैं। एसपी देहात आदित्य बंसल ने बीते कल महाप. चायत में हजारों लोगों के बीच वायदा किया था कि वे फरार हुए सभी सातों नामजद आरोपियों को 2 दिन में पकड लेंगे। आज मंगलवार के दिन ही उन्होंने अपना वायदा निभाते हुए एक आरोपी संजीव कुमार को अरेस्ट करा लिया है जबकि फरार आरोपियों की तलाश



में कई स्थानों पर ताबड़तोड़ दबिशें दी गयी हैं लेकिन अन्य आरोपी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सके। उधर बुढ़ाना सीओ गजेंद्र सिंह के अनुसार अन्य आरोपी जल्दी ही गिरफ्तार कर लिए जाएंगे।




मुजफ्फरनगर: पिंक रोजगार मेले में जानकारी देते राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल।

# एसडी गर्ल्स डिग्री पीजी कॉलेज में शोकसभा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** छात्र उज्जवल राणा की दुखद मृत्यु पर एसडी गर्ल्स पीजी कालेज बुढ़ाना में आज मंगलवार के दिन एक शोक सभा का आयोजन किया गया।

जिसमें कालेज की सैंकड़ों छात्राओं और स्टाफ ने कैंडल जलाकर छात्र उज्जवल राणा को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए दो मिनट का मौन धारण किया। इस दौरान यहां पर कालेज के प्राचार्य डॉक्टर दिनेश चंद्र शर्मा, साईंस विभाग की किरण, होम साइंस विभाग की अनीता राणा, बीएफए विभाग की स्वाति शर्मा, सोसोलाजी विभाग की सुनीता चौधरी, कामर्स




विभाग की ज्योति, अंग्रेजी विभाग की रूपाली, हिन्दी विभाग विभाग की सविता रानी, केमेस्ट्री विभाग से प्रवीण, चन्द्रशेखर शर्मा, कार्यालय में कार्यरत सचिन कौशिक, बीए की छात्रा लवी, अनिका, रिया शर्मा, शशि त्यागी, रूही राठी, शिवानी, बीएससी की छात्रा मुस्कुराना, मिस्बा, बीएफए की छात्रा प्रियांशी बंसल, सानिया शर्मा, आकांक्षा मलिक और अनु शर्मा सहित सैंकड़ों छात्राएं मौजूद रही।

## औद्योगिक इकाईयों में जल रहे टायरों से प्रदूषित हो रही आबो-हवा

# पर्यावरण सेवा समिति ने उठाई आवाज

■ **मुख्यमंत्री, प्रदूषण अधिकारी व सांसद को लिखा पत्र**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में ईंट भट्टा और औद्योगिक इकाईयों में जलने वाला प्रतिबंधित कचरा जहां एक ओर शहर की ओबा-हवा को जहरीला बना रहा है वहीं यहां शहर से लगे अनेक स्थानों पर पुराने टायरों से तेल निकालने का काम भी प्रदूषण फैलाकर लोगों को जानलेवा बीमारियों की ओर धकेल रहा है।

पर्यावरण सेवा समिति के अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ने क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी के साथ-साथ मुख्यमंत्री, सहारनपुर मण्डल आयुक्त व क्षेत्रीय सांसद हरेन्द्र मलिक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि भोपा रोड, जौली रोड, जानसठ रोड, वहलना चौक, नरा जडौदा व हाईवे स्थित बेगराजपुर औद्योगिक क्षेत्रों में पुराने टायरों से तेल निकालने का काम धड़ल्ले से चल रहा है जो प्रदूषण फैलाकर लोगों को तरह-तरह की बीमारियां परोस रहा है। जितेन्द्र सिंह का आरा. ेप है कि पेपर मिल के साथ-साथ स्टील प्लांट, ईट भट्टा और कोल्हूओं पर प्रतिबंधित पन्नी, प्लास्टिक का कचरा जलाया जा रहा है जिससे प्रदूषित हवा और औद्योगिक इकाईओं से निकलने वाला कैमिकल युक्त पानी क्षेत्र के लोगों को कैंसर और अन्य बीमारियों की ओर धकेल रहा है। उन्होने कहा कि कई क्षेत्र ऐसे है जहां जहरीले हुए पानी से लोग गंभीर बीमारियों की चपेट में आ गए है। इलाज कराकर कर्जदार भी बन गए है। जितेन्द्र सिंह का आरोप है कि इससे पूर्व भी कई बार क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी को औद्योगिक इकाईओं में जलने वाले कचरे और हाईवे स्थित नरा जडौदा में जल रहे पुराने टायरों से होने वाले नुकसान से अवगत कराया गया, लेकिन इस मामले में भी कोई भी कार्यवाही नहीं हुई जिससे साफ जाहिर है कि विभागीय मिलीभगत से यह धंधा प्रदूषण को बढ़ावा दे रहा।



मुजफ्फरनगर: नगर स्वास्थ्य अधिकारी के खिलाफ डीएम को ज्ञापन देने पहुंचे सभासद।

# डॉक्टर शाही के विरुद्ध लामबंद हुए सभासद

■ **डीएम से मुलाकात कर सौंपा ज्ञापन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगरपालिका के नगर स्वास्थ्य अधिकारी और सभासदों के बीच चल रही तकरार अब खुलकर सामने आने लगी है, जहां नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने सभासदो पर विभागीय काम में दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए डीएम से शिकायत की जिस पर डीएम ने जांच बैठाई तो वही सभासदों ने पालि. का में नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय प्रताप शाही के द्वारा कथित रूप से पालिका में भ्रष्टाचार और पर्यावरण का विनाश करने के आरोपों को लेकर जिलाधिकारी उमेश मिश्रा से मुलाकात कर एक शिकायती पत्र सौंपा, जिसमें उन्होंने डॉ. अजय प्रताप शाही पर गंभीर अनियमितता और अवैध वृक्ष कटान का आरोप लगाया। इन सभासदों ने डीएम से मांग की कि डॉ. शाही के विरुद्ध उच्च स्तरीय जांच कर कठोर कार्रवाई की जाए, क्योंकि उनके कार्यकाल में नगर पालिका परिषद की संपत्तियों को खुर्दबुर्द करते हुए भ्रष्टाचार किया गया है।ऐतिहासिक कंपनी बाग के साथ ही मीनाक्षीपुरम में दर्जनों हरे-भरे फलदार वृक्षों की अवैध कटाई का आरोप, उच्चस्तरीय जांच समिति गठित करने की मांग की।

भाजपा नेता और सभासद राजीव शर्मा व मनोज वर्मा के साथ अन्य सभासद मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे और डीएम उमेश मिश्रा से मिले। सभासदों ने आरोप लगाया कि नगर पालिका परिषद के अधीन आने वाले कंपनी बाग (कमला नेहरू वाटिका) में कार्यदायी संस्था सीएनडीएस द्वारा एक ट्रैक निर्माण के नाम पर दर्जनों हरे-भरे फलदार वृक्षों, जिनमें आम, अमरूद, लीची, बेलपत्थर और आंवला के वृक्ष शामिल रहे हैं, को अवैध रूप से काट दिया गया। आरोप है कि यह कटान वन विभाग से किसी भी प्रकार की स्वीकृति लिए बिना और उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण अधिनियम 1976 के नियमों का उल्लंघन करते हुए किया गया। इसके साथ ही राजीव शर्मा ने आरोप लगाया कि मिनाक्षीपुरम में भी कई हरे भरे पेड़ डॉ. शाही ने मिलीभगत कर कटवा दिये।

सभासदों का कहना है कि इस पूरे प्रकरण में नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय शाही की मिलीभगत रही, जिन्होंने न तो वृक्ष कटान की अनुमति प्रक्रिया का पालन किया और न ही बाद में इसकी रिपोर्ट तैयार कराई।

सभासदों की शिकायत पर मामले की गंभीरता से जांच कराने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि यदि आरोप सही पाए गए तो दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डीएम से शिकायत करने वाले सभासदों में मुख्य रूप से सभासद राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, विकल्प जैन, रविकांता काका, शौकत अंसारी, नौशाद खां, प्रशांत गौतम, नवनीत गुप्ता, रजत धीमान, कुसुमलता पाल, प्रशांत बालियान, मौहम्मद खालिद, नदीम खां, प्रमोद अम्बेडकर, प्रियांक गुप्ता, हिमांशु कौशिक, अमित शर्मा आदि शामिल रहे।

## पिंक रोजगार मेले में 425 छात्राओं को मिली नौकरी

**मुजफ्फरनगर।** जैन कन्या डिग्री कॉलेज में मिशन रोजगार के तहत पिंक रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इसमें 663 छात्राओं ने पंजीकरण कराया, जिसमें 425 छात्राओं को कंपनियों ने रोजगार का अवसर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए उन्हे केरियर निर्माण संबंधी जानकारी देते हुए कहा कि सरकार युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। प्राचार्य सीमा जैन ने राज्यमंत्री के साथ चयनित छात्राओं को अलग-अलग कम्पनियों के पत्र सौंपे। यहां प्रोफेसर आभा सैनी, संतोष कुमारी, वन्दना वर्मा का सहयोग रहा।

# दिल्ली धमाके के बाद जिले में बढ़ी सतर्कता, चेकिंग जारी

## डॉग स्कावयड टीम के साथ पुलिस ने खंगाले रेलवे स्टेशन, बस अड्डे व होटल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** दिल्ली में हुए ब्लास्ट के बाद जनपद में सतर्कता बढ़ाते हुए अधिकारी खुद सड़कों पर उतरे और चारो और संघन चैकिंग अभियान चलाया गया। चैकिंग अभियान रेलवे स्टेशन, बस अड्डे, होटल व कुछ धार्मिक स्थलों के पास तथा संवेदनशील इलाकों में चलाया गया और यहां पर हाई अलर्ट जारी कर दिया गया।

सोमवार की शाम दिल्ली में लाल किले के निकट हुए बम धमाकों के बाद जनपद में आला अधिकारियों ने पुलिस टीम, डॉग स्कवायड व अन्य एजेंसियों के साथ चारो ओर चैकिंग अभियान चलाया। वहीं पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत ने नगरक्षेत्र के प्रमुख स्थानों



पर बीडीडीएस, डॉग स्कवाड, एसचौक टीम के साथ सघन चैकिंग अभियान चलाया तथा एसपी सिटी ने पुलिसबल के साथ पैदल गश्त कर आमजन को सुरक्षा का एहसास कराया। एसपी सिटी ने सुरक्षा की दृष्टि से सार्वजनिक स्थलों पर खड़े वाहनों एवं संदिग्ध वस्तुओं को डॉग स्कवाड और बीडीडीएस टीम के सहयोग से सावधानीपूर्वक चेक किया।

उन्होने समस्त स्टाफ को भीड़-भाड़ के समय सतर्कता बरते। इस दौरान उन्होने पुलिस बल के साथ पैदल गश्त कर बाजारों व सार्वजनिक स्थानों पर आमजन से वार्ता की। इसके साथ ही जनपद मुजफ्फरनगर के समस्त क्षेत्राधिकारी, थानाप्रभारी द्वारा भी अपने-अपने सर्किल, थानाक्षेत्र में सघन चैकिंग अभियान चलाया गया तथा बैरियर लगाकर आने जाने वाले वाहनों की सघन चैकिंग की गयी तथा पैदल गश्त कर आमजन को सुरक्षा का एहसास कराया गया।

## सड़क सुरक्षा माह: 340 वाहनों की जांच की

**मुजफ्फरनगर।** सड़क सुरक्षा एवं यातायात माह के तहत ट्रैफिक पुलिस ने चैकिंग अभियान चलाकर 340 वाहनों की चैकिंग करते हुए बिना हेलमेंट, बिना सीट बैल्ट, बिना लाइसेंस और बिना बीमा के दौड़ रहे वाहनों पर कार्यवाही करते हुए उनके चालकों को ट्रैफिक नियमों से भी अवगत कराया।

इस दौरान मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाने वाले कई अन्य लोगों को यातायात के नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई। और साथ ही दुर्घटना से बचने के लिए हेलमेंट व सीट बैल्ट लगाने की भी अपील की।

# इनाम देने के बहाने लाखों की ठगी

■ **पुलिस ने साइबर ठगी का किया मामला दर्ज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** सोशल मीडिया के माध्यम से आए दिन ठगी के मामले सामने आ रहे है। नटवरलाल लोगों को अपना शिकार बनाने के लिए नए-नए हत्थकंडे इस्तेमाल कर रहे है। हाल में भी ऐसा ही मामला शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव मे देखने को मिला जहां पीडित ने अज्ञात लोगों के खिलाफ शाहपुर थाने में तहरीर दी है।

शाहपुर क्षेत्र में नटवरलाल द्वारा ठगी कर ली गई। बताया जाता है शाहपुर क्षेत्र के गांव काकडा की रहने वाली युवती ने शाहपुर थाने में एक तहरीर देकर पुलिस को बताया कि इंस्टाग्राम आइडी पर अमित शर्मा नामक आइडी से एक मैसेज आया जिसमें उसे बताया गया कि उन्होने लक्की ड्रॉ में एक बड़ा इनाम जीता है और एक कोरियर के माध्यम से उन्हे उक्त इनाम भेजा जाएगा। नटवरलाल ने बातों बातों में अपना जाल बिछाते हुए उन्हे लक्की ड्रा का यकीन दिला दिया। शिकायतकर्ता ने विश्वास में आकर अपना पता और बैंक खाते के संबंध में पूरी जानकारी दे दी। इसके बाद ठग ने पार्सल भेजने के नाम पर अलग-अलग समय में दो लाख से अधिक की नगदी अपने खाते में ट्रांसफर करा ली। शिकायत कर्ता ने बताया कि ठग ने शातिर अंदाज में लक्की ड्रा भेजने के नाम पर आठ बार अलग-अलग लेनदेन किए, लेकिन काफी समय बाद भी उन्हे इनाम का कोई कोरियर नहीं मिला। पीडित का कहना है कि जब ठग से लक्की ड्रा के संबंध में बात की गई और अपना पैसा वापस मांगा गया तो उसने अपने को पुलिस अधिकारी बताते हुए धमकी देनी शुरू कर दी। पीड़ित ने अज्ञात लोगो के खिलाफ शाहपुर थाने में शिकायत की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि यह मामला साइबर ठगी का है और आरोपी की जल्द गिरफ्तारी कर ली जाएगी। पुलिस का यह भी कहना है कि इस तरह के फोन आने पर कोई भी लेनदेन न करें। इससे पहले भी पुलिस प्रशासन लोगों को समय-समय पर इस संबंध में जानकारी दे रहा है।

# क्षतिग्रस्त पुल को बनवाने की ग्रामीणों ने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**मोरना।** निरगाजनी झाल के पास क्षतिग्रस्त पनचक्की पुल के निर्माण न होने से ग्रामीणों को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।चार माह बीतने के बाद भी समस्या का समाधान न होने से क्षेत्र के किसानो ने भारी नाराजगी जताते हुए धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।

भोपा थाना क्षेत्र अंतर्गत निरगा. जनी झाल के पास पनचक्की पुल के दरकने के बाद वाहनों का आवागमन प्रशासन द्वारा पुल पर दीवार कर बंद किया हुआ है।जिससे आस पास गांव सिकंदरपुर, रहमतपुर, गढ़वाडा के किसानो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।गांव गढ़वाडा निवासी किसान हरेन्द्र सिंह ने बताया की उनके खेत नहर के दूसरी ओर हैं।पशुओं के लिए वह चारा बोगी मे भर कर लाये हैं। दूसरी ओर खड़ी



अन्य बोगी मे चारे के अगोले को ले जाकर भरना पड़ रहा है।किसान देवेन्द्र सिंह ने बताया की नये पुल के निर्माण की मांग को लेकर वह बीते तीन चार माह से वह सरकारी कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं।लोक निर्माण विभाग व सिचाई विभाग के अधिकारी एक दूसरे पर नये पुल के निर्माण की जिम्मेदारी डाल रहे हैं। किसानो को 16 किमी की अतिरिक्त लम्बी दूरी तय करना पड़ रही है जिससे ट्रेक्टर मे डीजल की खपत बढ़ गयी है। पैसा व समय दोनों अधिक लग रहे हैं।किसान राजीव कुमार ने बताया की पुल काफ़ी समय जज्जर हालत मे था। बंद करने से पहले नये पुल का निर्माण जरूरी था अब पुल को बंद कर करने से क्षेत्रवासी परेशान हैं शुक्रताल जा रहे तीर्थ यात्री विनय कुमार ने बताया की शुक्रताल प्रसिद्ध तीर्थ स्थल है। प्रतिदिन अनेक श्रद्धालु वहां जाने के लिए प्रस्थान करते हैं। जानकारी न होने से अनेक श्रद्धालु पुल से वापस लौट जाते है।रात के समय वेकल्पिक मार्गो से गुजरना जोखिम भरा है।ग्रामीण हेमसिंह,देवेन्द्र, ब्रह्मपाल, हरेंद्र, राजीव,सचिन, बबलू वर्मा ने प्रशासन से पुल के निर्माण होने तक कोई वेकल्पिक व्यवस्था करने की मांग की है। जिससे किसानो को राहत मिल सके।

# बेलारूस से आए डेलीगेशन ने किया रोहाना मिल का निरीक्षण

**मुजफ्फरनगर।** इण्डियन पोटाश लिमिटेड, यूनिट रोहाना कला में बेलारूस से आये विदेशी डेलीगेशन में बीपीसी कम्पनी के डायरेक्टर जनरल एलेक्सी स्कागा, आईपीएल के प्रबन्ध निदेशक डा पीएस गहलौत,बीपीसी कम्पनी के डायरेक्टर (इण्डिया आफिस के प्रतिनिधि) स्लावा लियाशकोव एवं आईपीएल के दिल्ली आफिस से आये डा. यूएस तेवतिया के द्वारा प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्र, रोहाना कलां का निरीक्षण किया गया तथा केन हारवेस्टर एवं ड्रोन की तकनीकी विधियों का संज्ञान लिया गया। इसके अतिरिक्त मोबाईल डिस्पेन्सरी वेन का बारीकी से निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात् आईपीएल रो. हाना शुगर मिल परिसर में एक विशाल कृषक गोष्ठी के आयोजन में भाग लिया। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर किसान गोष्ठी का शुभारम्भ किया गया। क्षेत्र के सम्मानित कृषकों द्वारा अतिथियों का मालाएँ एवं पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। अतिथियों ने क्षेत्र के कृषकों द्वारा अपना सम्मान पाकर बहुत ही प्रसन्न हुए एवं अपने दिल से धन्यवाद दिया। कृषक गोष्ठी मे श्री एलेक्सी द्वारा अपनी कम्पनी पोटाश एवं आईपीएल पोटाश कम्पनी के बारे में विस्तारपूर्वक अंग्रेजी में

अवगत कराया कि बेलारूस पोटाश कम्पनी विश्व की एक पोटाश की अग्रणी कम्पनी है जो कि विश्व के 100 देशों में पोटाश का व्यापार करती है। हम इण्डियन पोटाश लि. के साथ पिछले 30 वर्षो से पोटाश का व्यापार कर रहे है और भविष्य में भी करते रहेंगे। बीपीसी कम्पनी का मकसद यह कि मेरा पोटाश कृषकों द्वारा प्रयोग करने पर कृषकों में समृद्धि लाये, क्योंकि हमारे किसान खुशहाल होगें, तभी हमारी कम्पनी का मकसद पूरा होगा, जिसका अनुवाद हिन्दी में डा. यूएस तेवतिया द्वारा कृषकों को बताया गया। इस अवसर पर डा पीएस गहलौत द्वारा अपनी कम्पनी के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा बताया कि कंपनी कृषकों को सस्ते दर पर उर्वरक व पेस्टीसाइड उपलब्ध कराती है हमारा प्रयास होगा कि रोहाना क्षेत्र में यह सब पीएम किसान समृद्धि केंद्र पर उपलब्ध हो। कृषकों को गोष्ठी में प्रतिभाग करने



पर धन्यवाद दिया तथा कहा कि हमारा किसान खुशहाल होगे तभी हम खुश होगें। डा यूएस तेवतिया द्वारा किसानों को आईपीएल पोटाश के बारे में विस्तृत रूप से अवगत कराया कि हमारे प्रबन्ध निदेशक डा पीएस गहलौत का नारा है कि हमारा किसान खुशहाल होगा तभी हम खुश होंगे। प्रबन्ध निदेशक के कुशल निर्देशन में कम्पनी को शिखर तक पहुचाया है। एमडी द्वारा अमृत इण्टर कालेज, रोहाना कलां को आधु. निक बनाने हेतु निर्देश दिये गये हैं। किसान गोष्ठी का संचालन भी डा. यूएस तेवतिया द्वारा किया गया एवं डा अवधेश डागर, गन्ना वैज्ञानिक द्वारा किसानो को गन्ना बुवाई की जानकारी दी गई। इकाई प्रमुख लोकेश कुमार ने अतिथियों का सम्मान तथा क्षेत्र के कृषकों को किसान गोष्ठी में प्रतिभाग करने हेतु धन्यवाद दिया। इस अवसर पर आईपीएल के क्षेत्रीय प्रतिनिधि श्री दीपक सोम, डा. भानु, दिल्ली आफिस, इकाई से आरएके तिवारी, अरविन्द कुमार उपस्थित थे। उसके उपरान्त रमेश कुमार शर्मा प्रधान प्रबन्धक ( आसवनी) के साथ विदेशी डेलीगेशन द्वारा आईपीएल की डिस्टलरी एवं सीबीजी इकाई का बारीकी से भौतिक निरीक्षण किया गया। आईपीएल द्वारा आयोजित किसान गोष्ठी की भूरि-भूरि प्रशंसा की । क्षेत्र के लगभग 300 कृषकों द्वारा किसान गोष्ठी में सम्मिलित होकर डा पीएस गहलौत का धन्यवाद दिया।

# ककरौली थाने में तोड़फोड़ करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**मोरना।** गांव खेड़ीफिरोजाबाद मे युवक की हत्या के बाद खुलासे की मांग को लेकर ककरौली थाने के सामने शव रखकर सड़क पर जाम लगाने, थाना कार्यालय मे घुसकर तोड़फोड़ कर उत्पात मचाने वाले सैकड़ो व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस की कार्रवाई से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया है।

ककरौली थाने पर दस दिन पूर्व धरना प्रदर्शन करने वालों पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।बीते एक नवंबर को क्षेत्र के गांव खेड़ीफिरोजाबाद निवासी युवक सोनू पुत्र कंवरपाल की हत्या कर दी गई थी।परिजनो व ग्रामीणों ने हत्या के खुलासे व निर्दोष युवक को हिरासत मे लेने को लेकर अगले दिन शव को अंतिम संस्कार के लिए न ले जाकर शव थाने के सामने सड़क पर रखकर घंटो जाम लगा दिया था। उपनिरीक्षक शिवचरण ने आरो. पियों के खिलाफ दर्ज मुकदमे बताया की ग्रामीणों द्वारा थाने में रखी कुर्सी मेज आदि को फेंक कर तोड़फोड़ की गयी पुलिस द्वारा समझाने के बाद भी ग्रामीण नहीं माने और पुलिस का विरोध करते रहे तथा सड़क के बीचों बीच मृतक का शव रखकर ट्रैक्टर ट्राली से यातायात बाधित कर जाम लगा दिया तथा आने जाने वाले राहग. रों के साथ गाली गलौज करने लगे जिससे राहगीरों में डर व भय माहौल पैदा हो गया। थानाध्यक्ष जोगिंदर सिंह ने बताया कि वीडियो के आधार पर जाम लगाने वालों की शिनाख्त के प्रयास किया जा रहे हैं।थाने के अंदर तोड़फोड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस ने मदरसे में पहुंचकर मौलाना से की पूछताछ

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना के दाऊद अरबिया दारूल उलूम अजीजिया मदरसे में आज मंगलवार के दिन लखनऊ से एटीएस टीम के आने की अफवाहें जोरदार तरीके से उड़ती रही।

उधर बुढ़ाना कोतवाली बुढ़ाना के प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री पुलिस बल के साथ उक्त मदरसे में पहुंचे। जहां पर उन्होंने उक्त मदरसे के संचालक मौलाना दाऊद अहमद के अलावा मदरसे में बच्चों को पढ़ाने वाले सभी मौलानाओं से पूछताछ कर मदरसे के बारे में पूरी जानकारी ली। इस संबंध में उक्त मदरसे के संचालक मौलाना दाऊद ने बुढ़ाना कोतवाल सुभाष बाबू अत्री को बताया कि शामली जिले के कस्बा झिंझाना का रहने वाला आजाद यहां पर कुरान शरीफ पढ़ने आया था। लॉकडाउन के दौरान वह यहां से चला गया था। उसका सभी रिकार्ड हमारे इसी मदरसे में मौजूद है और जनपद लखीमपुर खीरी का निवासी छात्र मोहम्मद सुहैल कुछ समय पहले यहां पर आया है। वह कुरान शरीफ की पढ़ाई करता है। अपने वालिद के बीमार होने की बात कहकर वह बीती 05 नवंबर को छुट्टी लेकर यहां से चला गया था। अब उन्हें उस छात्र के बारे में किसी भी तरह की जानकारी नहीं है। इस मामले में जब कोतवाल सुभाष अत्री से बात की गयी तो उन्होंने बताया कि मदरसे में एटीएस टीम के आने की बात गलत है। वे खुद अपनी स्थानीय टीम को लेकर उच्च अधिकारियों के आदेश पर ही मदरसे में किसी मामले में मौलाना से पूछताछ करने गये थे। एटीएस के आने का उन्हें नहीं पता है।

## हुसैनपुर नाइट राइडर्स ने जीता क्रिकेट मैच

**बुढ़ाना।** हुसैनपुर प्रीमियर लीग फाइनल मुकाबला बीती देर रात बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव हुसैनपुर कलां में हुआ। जिसमें दिन और रात क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। रात्रि में फाइनल मुकाबला हुसैनपुर नाइट राइडर्स बनाम रॉयल चैलेंजर हुसैनपुर के बीच में खेला गया। यह मैच 10-10 ओवरों का रहा। जिसमें रॉयल चैलेंजर हुसैनपुर 49 रन पर ऑल आउट हो गई। जिसमें हुसैनपुर नाइट राइडर्स ने यह मुकाबला 10 विकेट से एक तरफा पांच ओवरों में जीत लिया और फाइनल जीत की ट्रॉफी जिला पंचायत वार्ड नंबर 20 के उम्मीदवार मुरसलीन कस्सार हुसैनपुरी ने विजेता टीम के कप्तान मुंतजिर कस्सार को प्रदान की और खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया और आने वाले समय में सभी खिलाड़ियों के लिए क्रिकेट किट देने की घोषणा की। मैन ऑफ द मैच अमान कस्सार और मैन ऑफ द सीरीज मोनू रहे। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से गुलशेर अहमद, नाजिम अहमद, परवेज अहमद, रिहान अहमद, अयान अहमद, साकिब अहमद, मुनीर अहमद, परवेज अहमद, शान मोहम्मद, समद अहमद, फिरोज अहमद, इलियास अहमद, शहजाद अहमद, मेहरबान अहमद और नोबाहर अहमद आदि सैकड़ों ग्रामीणों की भी उपस्थिति देखने को मिली।

# मेरा युवा भारत द्वारा हुई ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता

शाह टाइम्स संवाददाता

**भोपा।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के मेरा युवा भारत द्वारा मंगलवार को जनता इंटर कालेज भोपा के खेल मैदान पर ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बालक एवं बालिका वर्ग की दौड़ एवं लंबीकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। लंबीकूद में प्रिया बेहड़ा श्रू व ईशू भोपा प्रथम रहे जबकि दौड़ में दौड़ प्रियंका व जोनी प्रथम रहे।

प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रधानाचार्य संजय कुमार व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक प्रीति पाल ने फीता काटकर किया। जिसके बाद बालिका वर्ग की 500 मीटर दौड़ में प्रियंका बेलडा, लवी भोपा, वैष्णवी धीराहेडी तथा लंबीकूद में प्रिया बेहड़ा श्रू, वैष्णवी धीराहेडी, प्रियांशी भोपा क्रमश प्रथम, द्वितीय व तृतीय रही। बालक वर्ग की 1000 मीटर दौड़ में जोनी बेलडा, ईशू भोपा, शिवांक विलायतनगर तथा लंबीकूद में ईशू भोपा, शिवांक विलायतनगर, योगेश निरगजनी क्रमश प्रथम, द्वितीय व तृतीय रही। समापन पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डा. वीरपाल निर्वाल, हास्य कवि पंडित रामकुमार रागी व समाजसेवी महिपाल सिंह ने विजेताओं को प्रमाण पत्र व मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया। रेफरी के रूप में शारीरिक शिक्षक लोकेंद्र कुमार व रमेश सिंह असवाल ने मुख्य भूमिका निभाई। जिला युवा अधिकारी प्रतिभा शर्मा ने बताया कि ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के विजेता नवंबर के अंतिम सप्ताह में जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

## रास्ते से अतिक्रमण हटवाने को की एसडीएम से शिकायत

**बुढ़ाना।** ग्रामीणों ने एसडीएम बुढ़ाना से तीन भाइयों के विरुद्ध एक शिकायती पत्र दिया है। बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव टांडा माजरा के ग्रामीण शेखर, विवेक, श्याम सिंह और रुप चंद्र आदि ने बुढ़ाना उप जिला अधिकारी को एक शिकायती पत्र देते हुए बताया कि गांव के ही शुभम, राहुल और विपुल पुत्रगण हरेन्द्र पंवार के द्वारा उनकी गली में जबरदस्ती अवैध रूप से पेड़ी बनाई जा रही है जबकि उनकी यह गली काफी तंग है। मुश्किल से एक ही वाहन एक ही बार में निकल सकता है। अगर पेड़ी बन जाती है तो गांव के अन्य किसानों की बुग्गी एवं कोई भी वाहन नहीं निकल पायेगा। सभी किसानों के काफी समझाने बुझाने के बावजूद भी उक्त तंग गली में इनके द्वारा पेड़ी बनाई जा रही है।


**सार्वजनिक सूचना**

मेरी यूपी बोर्ड हाईस्कूल वर्ष 2017 की अंकतालिका व मार्कशीट अनुक्रमांक संख्या 0547895 व इंटरमीडिएट वर्ष 2019 की अंकतालिका, मार्कशीट अनुक्रमांक संख्या 0440322 वास्तव में कहीं खो गई है। काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिली।

इलमा खान पत्नी फरमान खान
निवासी: ग्राम जसोई थाना तितावी जनपद, मुजफ्फरनगर, यूपी।


# भ्रूण जांच में लिप्त अल्ट्रासाउण्ड सैंटर होंगे सीज : डीएम

**मुजफ्फरनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में विकास भवन में आयोजित की गई पीसीपीएन डीटी की जिला सलाहकार समिति की बैठक हुई आयोजित

जिलाधिकारी द्वारा बैठक में भ्रूण लिंग जांच करने वालों एवं पंजीकृत चिकित्सक के अलावा अल्ट्रासाउण्ड कार्य करने वालों के विरूद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के अन्तर्गत कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये।

जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित जिला सलाहकार समिति के सदस्यों को निर्देशित किया कि पीसीपीएनडीटी के अन्तर्गत जिले में पंजीकृत संस्थानों पर निरीक्षण कार्यवाही को बढ़ाया जाये तथा यह सुनिश्चित किया जाये कि पंजीकृत चिकित्सक द्वारा ही अल्ट्रासाउण्ड कार्य किया जाना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने निर्देशित किया कि यदि किसी भी संस्थान भ्रूण लिंग जांच होना पाया जाता है तथा बिना पंजीकृत चिकित्सक के अल्ट्रासाउण्ड कार्य होता पाया जाता है तो सम्बन्धित संचालक और चिकित्सक के विरूद्ध एनएसए (राष्ट्रीय सुरक्षा कानून)के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित चिकित्सकों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी भी संस्थान पर भ्रूण लिंग परीक्षण करने की शिकायत प्राप्त होती है तो उनके विरुद्ध भी राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए( के तहत कार्यवाही की जायेगी।

बैठक में डा. सुनील तेवतिया, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुजफ्फरनगर ने कहा कि जनपद मुजफ्फरनगर में पीसीपीएनडीटी अधि. नियम 1994 का सख्त अनुपालन किया जा रहा है तथा समय-समय पर निरीक्षण कार्यवाही की जा रही है, जिसके तहत अभी तक 07 संस्थानों पर अल्ट्रासाउण्ड मशीनों को सील करते हुए 4 संस्थानों के संचालकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है।बैठक का संचालन करते हुए डा. विपिन कुमार, नोडल अधिकारी, पीसीपीएनडीटी ने कहा कि बैठक में कुल 8 संस्थानों के नवीनीकरण एवं नये पंजीकरण के प्राप्त 5 आवेदनों में से 2 संस्थानों का पुनः निरीक्षण कार्यवाही करने हेतु जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया है तथा भविष्य में समस्त निरीक्षण कार्यवाही तहसीलवार उप जिलाधिकारी के साथ करने हेतु निर्देशित किया गया है। बैठक में पीसीपीएनडीटी के तहत प्राप्त आवेदनों के समस्त चिकित्सकगण एवं संचालक गणों को भी उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया था, जोकि जिलाधिकारी के समक्ष उपस्थित हुए।बैठक में डा. आभा आत्रेय, मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका, जिला महिला चिकित्सालय, डा. विनीत कौशिक, वरिष्ठ रेडियोलॉजिस्ट, डा. अनुज राजवंशी, वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ, राजीव शर्मा, जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी ( , नर सिंह, जिला सूचना अधिकारी, बीना शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता, राजीव कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता, पाकेश कुमार, आशुलि. पिक/पटल सहायक, रवि धीमान, डीईओ पीसीपीएनडीटी आदि उपस्थित रहे।

# भाला फैंक प्रतियोगिता में रोहित ने जीता स्वर्ण पदक

**बुढ़ाना।** उत्तर प्रदेश के जनपद आगरा में विगत दिवस आयोजित की गयी अखिल भारतीय राष्ट्रीय युवा चैम्पियनशिप में ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के गांव बिराल निवासी होनहार खिलाड़ी रोहित सिंह ने भाला फैंक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। जिसमें परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गयी।

खिलाड़ी रोहित सिंह के पिता प्रदीप सिंह अपने पुत्र की इस कामयाबी से बहुत ही खुश हैं। इसके अलावा इसी चैम्पियनशिप में बिराल ग्राम के युवा खिलाड़ी रोहित सिंह ने भाला फैंक प्रतियोगिता के साथ साथ गोला फैंक प्रतियोगिता में भी गोल्ड मेडल प्राप्त कर ग्राम बिराल का नाम रोशन किया।

गांव बिराल राजपूताना के प्रदीप कुमार के पुत्र रोहित ठाकुर ने ऑल



इंडिया नेशनल यूथ चौंपियनशिप 2025 में ये दो स्वर्ण पदक जीतकर ग्रामीणों का भी सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। एकलव्य स्टेडियम आगरा में आयोजित इस प्रतियोगिता में रोहित ठाकुर ने भाला फैंक में 60 मीटर और शॉटपुट में 17 मीटर का शानदार प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्वर्ण पदक अपने नाम किए। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के चलते अब उनका चयन आगामी अंतर्राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए हुआ है। जिसको लेकर ग्रामीणों में खुशी की लहर है और वे रोहित की कामयाबी का श्रेय उसके माता पिता के साथ साथ उसके कोच को भी दे रहे हैं।


**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा बेटा मौ.जावेद व उसकी पत्नी जुबैदा मेरे कहने सुनने में नहीं है। मुझे तंग व परेशान करते रहते हैं। आज के बाद मैं अपने बेटे मौ.जावेद व उसकी पत्नी जुबैदा से किसी भी कृत्य व लेन-देन का जिम्मेदार नहीं रहूँगा। मैंने मौ.जावेद व उसकी पत्नी जुबैदा से अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है तथा मैंने इन दोनों को अपनी समस्त चल अचल सम्पति से बेदखल कर दिया हैं, इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे अन्य परिवार के सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

बिलाल अहमद पुत्र अलाउद्दीन
निवासी ग्राम बसधाड़ा
थाना शाहपुर जिला मुजफ्फरनगर


# बीएलओ डयूटी से बचने पहुंचे शिक्षक, एसडीएम ने लगाई फटकार

शाहटाइम्स संवाददाता

**खतौली।** प्रदेशभर में चल रहे एसआईआर (सर्वे ऑफ इलेक्शन रजिस्टर) अभियान के तहत मंगलवार को खतौली तहसील परिसर में उस समय रोचक दृश्य देखने को मिला, जब कुछ सरकारी शिक्षक बीएलओ ड्यूटी से छुटकारा पाने के लिए एसडीएम निकिता शर्मा के कार्यालय पहुंच गए।

जानकारी के अनुसार, जनसुनवाई के दौरान चार सरकारी शिक्षक एक-एक कर एसडीएम दफ्तर पहुंचे और स्वास्थ्य खराब होने का हवाला देते हुए ड्यूटी से मुक्त किए जाने का अनुरोध करने लगे। पहले तीन शिक्षकों की बातें सुनने के बाद जब चौथे शिक्षक ने भी इसी तरह का आवेदन सौंपा तो एसडीएम निकिता शर्मा ने सख्त लहजे में फटकार लगाई। उन्होंने कहा, अगर काम नहीं कर सकते तो रिजाइन दे दो।

जब स्कूल में पढ़ाने की जिम्मेदारी निभा सकते हो, तो चुनावी डयूटी से क्यों भाग रहे हो? एसडीएम की यह टिप्पणी सुनकर सभी शिक्षक चुपचाप कार्यालय से निकल गए। सूत्रों के अनुसार, चुनावी कार्यों से बचने की ऐसी प्रवृत्तियाँ प्रशासनिक अनुशासन पर सवाल खड़ा करती हैं। प्रशासन ने पहले ही स्पष्ट निर्देश जारी कर दिए हैं कि सभी बीएलओ और संबंधित कर्मचारियों को लिए चुनावी डयूटी निभाना अनिवार्य है, और आदेशों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम निकिता शर्मा ने कहा कि हसरकारी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ना अनुशासनहीनता है, प्रत्येक कर्मचारी को अपने दायित्वों का ईमानदारी से पालन करना चाहिए।

# एसडी कॉमर्स के छात्र-छात्राओं का टूर शिमला- कुफरी रवाना

**मुजफ्फरनगर।** एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स द्वारा मानविकी संकाय के छात्र / छात्राओं का एक एजुक. शनल टूर शिमला एवं कुफरी में स्थित माल रोड, जाखू मन्दिर, चर्च, लोअर बाजार, एडवांस स्टडी, एडवेंचर्स रिसॉर्ट गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डा् सचिन गोयल ने सभी शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को शुभकामनाओं सहित टूर के लिए रवाना किया।

मानविकी संकाय के शिक्षकों व छात्र / छात्राओं द्वारा शिमला और कुफरी के लिए शैक्षिक भ्रमण का आरंभ किया, जिसका उद्देश्य छात्रों को कक्षा के बाहर की दुनिया से रूबरू कराना है। इस यात्रा के माध्यम से विद्यार्थी हिमालय की प्राकृतिक सुंदरता, सांस्कृतिक धरो. हरों और वहाँ के ऐतिहासिक महत्व को समझेंगे। सर्वप्रथम जाखू मन्दिर जाकर भगवान श्री हनुमान जी के दर्शन किये और उसके पश्चात एडवांस स्टडी में जाकर छात्र/छात्राओं द्वारा म्यूजियम का अवलोकन किया गया तथा चर्च व मॉल रोड पर जाकर विदेशी व भारतीय सैलानियों से मिले, वहां का मनमोहक मौसम मन को लुभावना व बहुत ही आकर्षक था। कुफरी में स्थित एडवेंचर्स रिसोर्ट में जाकर शिक्षकों व छात्रों द्वारा अलग-अलग प्रकार की एक्टीविटी का आनन्द लिया गया।टूर का उद्देश्य छात्रों को शिमला की औपनिवेशिक वास्तुकला और कुफरी के प्राकृतिक परिदृश्यों के बारे में व्यावहारिक जानकारी व उन्हें स्थानीय संस्कृति, रहन-सहन और लोगों से मेलजोल का अनुभव करने का अवसर प्रदान करने का तथा साथ ही यह टूर छात्रों को एक-दूसरे के साथ समय बिताने



और अनुभवों को साझा करने का मौका देगा, जिससे उनमें टीम वर्क और सहयोग की भावना बढ़ेगी। यह शैक्षिक भ्रमण छात्रों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और उन्हें भविष्य के लिए एक समृद्ध अनुभव प्रदान करेगा। विभागाध्यक्ष एकता मित्तल ने इस शिक्षाप्रद टूर के विषय में कहा कि इस प्रकार के भ्रमण से विद्यार्थियों में मानसिक वृद्धि होती है व साथ ही उन्हें देशाटन, प्राकृतिक व अनेक प्रकार की जानकारी भी प्राप्त होती है तथा उनमें अनुशासनात्मक शक्ति का भी विकास होता है ।मानविकी संकाय के छात्र / छात्राओं ने इस ज्ञानवर्धक यात्रा को अत्यन्त रूचिपूर्ण तरीके से समझा व आनन्द लिया। इस शिक्षाप्रद टूर से एकत्रित ज्ञान के विषय से सम्बन्धित एक सेमीनार शीघ्र ही महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित किया जायेगा।शिक्षाप्रद टूर के दौरान संच. लक के रूप में शिक्षकगण नीरज कुमार, विरेन्द्र कुमार, गरिमा कंसल, डा. श्वेता संगल एवं साक्षी का सहयोग रहा।


**सार्वजनिक सूचना**

मैं एक शिक्षित बालिग महिला हूँ और अपना भला बुरा समझने में पूर्ण रूप से सक्षम हूं। मेरे माता-पिता व परिवार वाले मुझे छोटी-छोटी बातों पर तानाकशी व तंग व परेशान करते हैं, मैंने इन लोगों की इच्छा के विरुद्ध शादी की और पढ़ी लिखी महिला होने के कारण अपना बुरा भला समझते हुए 04.11. 2025 को सुबह अकेली मात्र पहने हुए कपड़ों में अपनी इच्छा से घर से चली गई थी, किन्तु मेरे माता-पिता अभी भी मेरा पीछा कर रहे है तथा अनावश्यक रूप से मुझे अपने कब्जे में करना चाहते हैं जिसका उन्हें कोई कानूनी अधिकार नहीं है बालिग होने के कारण अब मैं अपने माता-पिता व परिवार से किसी भी प्रकार का कोई सम्बन्ध नहीं रखना चाहती और अपनी इच्छानुसार सुरक्षित जीवन व्यतीत कर रही हूँ।

दीक्षा शर्मा पुत्री दीपक शर्मा
निवासी- ग्राम धर्मपुर सिमरिया
थाना कैमरी जिला रामपुर


# खतौली में रन फॉर हेल्थ में दौड़े सैकड़ों नगरवासी

■ बजरंग दल के नीरज दौनेरिया ने नशा मुक्ति और सख्त कार्रवाई का आह्वान किया

शाहटाइम्स सवांददाता

**खतौली।** रविवार को श्री अखण्डानन्द आश्रम के निकट आयोजित रन फॉर हेल्थ कार्यक्रम में सैकड़ों युवा और स्थानीय समाजसेवी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक नीरज दौनेरिया रहे।

उन्होंने नशे के बढ़ते प्रकोप को चिंता का विषय बताते हुए युवाओं से नशा छोड़कर स्वास्थ्य व फिटनेस की ओर लौटने का आग्रह किया और नशा मुक्ति के लिए देशव्यापी अभियान चलाने की घोषणा की।

कार्यक्रम गंग नहर से हरी झंडी दिखाकर शुरू किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष रहे वरिष्ठ समाजसेवी रचित मेहता, जबकि कार्यक्रम का संचालन संयोजक व जिला सह संयोजक प्रशांत पंडित ने किया। मंच पर प्रांत संयोजक गौरव भटनागर, सम्भाग संगठन मंत्री अनूप, विभाग मंत्री अजय, विभाग संयोजक पीयूष राणा, जिलाध्यक्ष विहिप वीरेंद्र, प्रांत बलोपासना केंद्र प्रमुख हरीश, जिला संयोजक रवि चौधरी तथा नगर अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता सहित अनेक पदाधिकारी व स्थानीय कार्यकर्ता मौजूद रहे। आयोजनकर्ताओं ने कहा कि यह पहल युवा वर्ग में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने तथा नशे से दूर रखने के उद्देश्य से की गई है। दौनेरिया ने अपने संबोधन में कहा कि आज के युवा ही देश का भविष्य हैं और नशा उनकी प्रतिभा व क्षमताओं को नष्ट कर रहा है। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति के लिए सामाजिक समझ, जागरूकता और सख्त रणनीति की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने प्रशासन से भी नशे के खिलाफ प्रभावी व तेज कदम उठाने का आग्रह किया।

## दिल्ली ब्लास्ट: बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक नीरज दोनेरिया का बड़ा बयान, इंश्योरेंस नहीं, जिहादी

**खतौली।** खतौली में आयोजित रन फॉर हेल्थ कार्यक्रम में पहुंचे बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक नीरज दोनेरिया ने दिल्ली में हुए हालिया विस्फोट को लेकर तीखा और विवादास्पद बयान दिया। दोनेरिया ने कहा कि यह घटनाएं इस्लामी जिहादछ की शक्ल हैं और उन्होंने देश में बढ़ते धार्मिक प्रभाव व जनसांख्यिकीय बदलावों को करार देते हुए सुरक्षा एजेंसियों की कड़ी कार्रवाई की माँग की। दोनेरिया ने कहा कि 2047 तक देश को इस्लामी राष्ट्र बनाने की साजिश चल रही है। उन्होंने दावा किया कि विस्फोट में प्रयुक्त पदार्थ रेसिन तैयार किया गया था, जो अन्य पदार्थों की तुलना में हजारों गुना अधिक घातक है और इसे लेकर गंभीर रूप से सतर्क रहने की बात कही। दोनेरिया ने कहा कि जिन लोगों को गिरफ्तार किया गया है, उनमें तीन डॉक्टर मुस्लिम बताए जा रहे हैं और आठ अन्य लोग भी गिरफ्तार हुए हैं, यह जानकारी उन्होंने अपने भाषण में दी।उन्होंने गृह मंत्रालय और राष्ट्रीय जांच एजेंसी का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनकी सक्रियता से एक बहुत बड़ी घटना रोकी जा सकी। विस्फोट के आरोपी पर कठोरतम कार्रवाई की माँग करते हुए उन्होंने सुरक्षा एजन्सों से सख्त रवैया अपनाने का आह्वान किया। दोनेरिया ने कहा कि यह यात्रा इसी खतरे से चेताने और धर्मांतरण, लव जिहाद व बढ़ती इस्लामी आबादी से जुड़े मुद्दों पर जनजागरण के उद्देश्य से निकाली जा रही है। उन्होंने कहा कि उन्हें भारी समर्थन मिल रहा है। इनमें रेसिन की घातकता और गिरफ्तारी से जुड़ी नब्ज की बातें शामिल हैं। पुलिस और संबैधानिक एजेंसियों की तरफ से अभी तक इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि उपलब्ध कराना जरूरी है। जांच-पड़ताल जारी है और जांच के अधिकारिक परिणाम आने पर ही अंतिम निष्कर्ष दिए जा सकेंगे।

# योगी के भद्दे पोस्टर अपलोड करने वाले पर मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** राष्ट्रीय हिन्दू शक्ति संगठन द्वारा पुलिस अधीक्षक ( नगर ) को मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश आदित्यनाथ योगी जो सभी प्रदेश वासियों के लिए सम्माननीय हैं।सभी हिंदू वादी नागरिक उनका दिल की गहराइयों से सम्मान करते हैं।जिनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में सुशासन की सरकार चल रही हैं उनके प्रति सोशल मीडिया पर किसी जिहादी वादी मान. सिकता के व्यक्ति ने अभद्र भाषा व टिप्पणी की है उनके अश्लील फोटो डालकर उनकी छवि को खराब करने का कार्य किया है इसके विरुद्ध संजय अरोड़ा राष्ट्रीय संयोजक ने उक्त के खिलाफ प्रार्थना पत्र दे कर कार्यवाही करने की मांग की

जिस पर संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा नगर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही करने का आदेश दिया।जिस पर उक्त के खिलाफ नगर



कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।इसके लिए राष्ट्रीय हिंदू संगठन पुलिस अधीक्षक नगर का आभार प्रकट करता है। प्रार्थना पत्र देने वालों में संजय अरोड़ा के साथ मुख्य रूप से सरिता शर्मा, अरोड़ा प्रवीण जैन, राजीव कुमार बंसल, सरिता सिंघल, सचिन कुमार, राजकुमार गर्ग, प्रदीप कुमार ,पंकज लूथरा, अशोक वर्मा, राजेश शर्मा, राजदीप सिंह तोमर, गोल्ड गुप्ता, अनिल मलिक, अजय गुप्ता, सचिन कुमार, अरविंद कुमार मंजू आदि उपस्थित रहे।


**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा बड़ा बेटा मौ.फरमान व उसकी पत्नी रजिया मेरे व मेरे अन्य परिवार के कहने सुनने में नहीं है तथा उनका कृत्य मेरे व मेरे परिवार के प्रति अत्यन्त क्रूरतापूर्ण है। आये दिन रजिया पत्नी फरमान व फरमान तथा रजिया के परिजन उसके साथ दुर्व्यवहार तथा गाली-गलौच करते हैं। मैंने व मेरे परिवार ने इन दोनों से तंग आकर इनसे सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं तथा मैंने इन दोनों को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया हैं, इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे अन्य परिवार के सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

शबनम पत्नी स्व.शमीम निवासी 689, मौहल्ला लद्धावाला
थाना कोतवाली तहसील
व जिला मुजफ्फरनगर

# लाल किले धमाके के बाद खतौली में हाई अलर्ट

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** दिल्ली के लाल किले के पास हुए धमाके के बाद खतौली क्षेत्र भी हाई अलर्ट पर आ गया है। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने रेलवे स्टेशन, बस अड्डे और भीड़भाड़ वाले इलाकों में चेकिंग अभियान तेज कर दिया है। खुफिया एजेंसियां भी सक्रिय हो गई हैं और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

मंगलवार को क्षेत्राधिकारी राम आशीष यादव व कोतवाली प्रभारी दिनेश चंद्र बघेल ने पुलिस बल के साथ खतौली बॉर्डर, भंगेला व नावला कोठी चौक पोस्ट पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान आने-जाने वाले वाहनों और संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी ली गई। पुलिस टीमों ने रेलवे स्टेशन और बस अढों पर भी गहन जांच की।अधिकारियों ने बताया कि किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस या प्रशासन को दें।



नागरिकों से अपील की गई है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और सतर्क रहें। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस लगातार गश्त और निगरानी कर रही है। सीओ राम आशीष यादव ने कहा हदिल्ली धमाके के बाद सतर्कता के तौर पर खतौली की सीमाओं पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु की सूचना तुरंत पुलिस को दें। वहीं दूसरी ओर दिल्ली धमाके हादसे के बाद खतौली नगर वासियों ने इस घटना पर भारी दुख व्यक्त करते हुए मृतक लोगों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए सरकार से धमाके के आरोपियों को कड़ी से कड़ी कार्रवाई कर फांसी देने की मां की।

# मनुष्य जैसा अन्न खाता है वैसी ही बुद्धि हो जाती: आचार्य मृदुल कृष्ण



**, मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ स्थित हनुमत धाम में ब्रह्मलीन स्वामी रामधारी महाराज की पुण्य स्मृति में श्रीमद भागवत कथा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसके चौथे दिन

श्रीधाम वृंदावन से पधारे ब्विव विख्यात कथा व्यास भागवत रत्न आचार्य मृदुल कृष्ण गोस्वामी महाराज ने कहा कि मनुष्य जैसा अन्न खाता है वैसी ही बुद्धि हो जाती है। जब भी भोजन या वस्त्र ग्रहण करें, पहले भगवान को अर्पण करने के बाद ही ग्रहण करें। इससे अन्न का दोष मिट जाता है। जितना हमें भगवान ने दिया है उतने में ही संतुष्ट रहना चाहिए और भगवान को उसके लिए धन्यवाद देना चाहिए कि प्रभु आपकी बड़ी कृपा है। ऐसा करने से निरंतर जीवन में ईश्वर की कृपा बनी रहती है। सभी को एक न एक दिन मृत्यु को प्राप्त होना है, परंतु उससे डरना नहीं चाहिए। हमेशा मृत्यु को याद रखना चाहिए। सत्कर्म करते हुए ईश्वर का भजन करते रहना चाहिए। प्रणाम की महत्ता को बताते हुए उन्होंने कहा कि माता पिता को अपने बच्चों को बड़ों को प्रणाम करने की प्रेरणा देना चाहिए। प्रणाम करने से दीर्घायु, विद्या, यश व शक्ति की प्राप्ति होती है। बड़ों का अपमान करने से आयु का नाश हो जाता है घ। कथा के मध्य में ष्मेरे मन में बसे हो बसे रहनाष, ष्हे मेरे मुख में सदा तेरा नामष, ष्मुझे दे दो भजन वाली वो मालाष, आदि भजनों पर श्रोतागण झूम उठे। कथा में हिताभिलाषणी शर्मा, कुसुम शर्मा, योगेश शर्मा, अशोक चतुर्वेदी, सत्येंद्र शर्मा मौजूद रहे।

### श्मशान घाट में कैमरे लगवाने की मांग

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना के शमशान घाट में कैमरा लगवाए जाने की मांग कुछ व्यापारियों के द्वारा नगर पंचायत की चेयरपर्सन से की गयी है। एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया गया है कि उक्त श्मशान घाट के आसपास में नशेड़ियों का आतंक रहता है। उनके रोकने टोकने पर तो वे हमलावर होते हैं। नगर पंचायत को चाहिए कि वो जनहित में यहां पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए। यह मांग अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल बुढ़ाना ईकाई के नगर अध्यक्ष संजीव कुमार संगल ने की है।

## संक्षिप्त समाचार

### सीमा पर जवान और खेत में किसान मजदूर देश के असली हीरो :राकेश पुंडीर

**चरथावल।** चरथावल नगर मे कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक बैठक नगर अध्यक्ष मनोज पाल के निवास स्थान पर संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता पूर्व प्रदेश सचिव एवं पूर्व कार्यवाहक जिला अध्यक्ष राकेश पुंडीर ने और संचालन नगर अध्यक्ष मनोज पाल ने किया बैठक मे राकेश पुंडीर ने कहा कि सीमा पर जवान और खेत मे किसान मजदूर देश के असली हीरो है जो हर परिस्थिति मे अपने आप को साबित कर दिखाता है कांग्रेस पार्टी ने किसान मजदूर की हमेशा लड़ाई लड़ी है और हमेशा लड़ती रहेगी कांग्रेस पार्टी ही देश के अंदर एक ऐसी पार्टी है जिसने 2008 मे किसानो के कर्ज माफ कर दिए थे राकेश पुंडीर ने पांच नवंबर 2025 को चरथावल मे कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित किसान मजदूर अधिकार रैली को सफल बनाने मे अपना पूरा सहयोग देने वाले कांग्रेस पदाधिकारियो का फूल माला पहनाकर स्वागत किया इस मौके पर चरथावल नगर अध्यक्ष मनोज पाल यूथ प्रदेश महासचिव आकिब राणा जिला महासचिव श्याम सिंह पुंडीर शैलेंद्र वाल्मीकि कांग्रेस सेवादल नगर अध्यक्ष मुकुल शर्मा एस आइ आर पुरकाजी कोआर्डिनेटर नरेश भारती रविंद्र बालियान मंडल अध्यक्ष असजद पुंडीर जिला सचिव जाकिर त्यागी यूथ विधान सभा प्रभारी सद्दाम आढती राहुल पाल अनवर त्यागी सलीम त्यागी मुकेश ठाकुर अनीश त्यागी शेर मोहम्मद राणा आदि उपस्थित रहे

### गांव में जाकर कस्बे के व्यक्तियों ने की मारपीट

**मोरना।** ससुराल मे महिलाओं के बीच हुई कहासुनी के बाद गांव तेवड़ा में जाकर आरोपी पक्ष के लोगों ने लाठी-डंडों,क्रिकेट के बल्ले व अन्य हथियारों से हमला कर दिया। घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव तेवड़ा निवासी जाहिद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बेटी आयशा की शादी मुजफ्फरनगर के मोहल्ला केवलपुरी में हुई है। जहां कस्बा जानसठ निवासी मुरसलीन की भतीजी काशिफा की भी शादी हुई है। कुछ दिन पूर्व आयशा व काशिफा में कहासुनी हो गई थी, जिसके बाद मुरसलीन ने फोन पर गाली-गलौज व धमकी दी थी। बीते पांच नवंबर को मुरसलीन अपने साथियों दिलशाद, नौशाद, फरमान, फुरकान, सलमान,समी, साद, गुलबहार व सैफ के साथ लाठी-डंडे,बलकटी, क्रिकेट का बल्ला व अन्य हथियार लेकर घर में घुस आये और हमला कर दिया। मारपीट में जाहिद, उसका भाई राशिद व भाभी लाडो गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए भोपा अस्पताल में लाया गया जहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया था। पुलिस ने नौ आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### हैकर ने झांसा देकर वीरेन्द्र के खाते से उड़ाये लाखों रुपये

**मीरापुर।** कस्बे के मोहल्ला मुश्तर्क थाने के पास रहने वाले एक व्यक्ति के बैंक खातों से अज्ञात हैकर द्वारा लाखों रुपये उड़ाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने इस संबंध में साइबर सेल मीरापुर में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की, जिस पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना मीरापुर में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार, मोहल्ला मुश्तर्क निवासी वीरेन्द्र सिंह कटारिया पुत्र किशनचंद को 27 अक्तूबर 2025 को कुछ अज्ञात नंबरों से फोन कॉल प्राप्त हुए। कॉल करने वालों ने खुद को बैंक का प्रतिनिधि बताते हुए झांसे में लेकर उनके खातों की गोपनीय जानकारी हासिल कर ली। इसके बाद आरोपियों ने धोखे से उनके विभिन्न बैंक खातों से बड़ी रकम ट्रांसफर करा ली। पीड़ित के अनुसार, अज्ञात हैकर ने उनके एसबीआई मीरापुर, एसबीआई जानसठ और यूनियन बैंक मीरापुर खातों से कुल मिलाकर लगभग 2,84,173 रुपये की ठगी की। ठगी का पता चलने पर पीड़ित ने तुरंत बैंक और पुलिस को सूचना दी। मीरा. पुर पुलिस ने साइबर फॉड करने वाले अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ धारा 420 आईपीसी और आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए साइबर सेल की मदद से जालसाजों का पता लगाने की कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।

### डीएवी कालेज के छात्र छात्राओं ने निकाला केंडिल मार्च

**बुढ़ाना।** मृतक छात्र उज्जवल राणा को न्याय दिलाने की मांग को लेकर आज मंगलवार की देर रात डीएवी डिग्री कालेज बुढाना में अध्यनरत सैंकड़ों छात्र छात्राओं ने कस्बे के कुछ मार्गो पर कैंडल मार्च निकाला और उसके हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग की। आम लोगों ने भी इन सभी छात्र छात्राओं को अपना समर्थक देते हुए केंडिल मार्च में शामिल होकर मृतक छात्र उज्जवल के प्रति सहानूभूति जताई। धरने का नेतृत्व इसी कालेज की शिक्षिका शिवानी के नेतृत्व में किया गया। सभी ने अपने हाथों में मोमबत्तियां लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया और नारेबाजी कर कहा कि उज्जवल को इंसाफ दो और निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई हो। केंडिल मार्च कालेज के बाहर से शुरु होकर बड़ौत रोड को निकलकर कस्बे के कुछ मार्गो पर निकाला गया। सभी में हत्यारों के प्रति भारी गुस्सा देखा गया। इस दौरान कर्मवीर तोमर, कैफ अहमद सहित सैंकड़ों छात्र छात्राएं और आम नागरिक मौजूद रहे।

### शादी में गया परिवार लौटा तो उड़े होश, घर के टूटे मिले ताले

**खतौली।** खतौली थाना क्षेत्र के ग्राम गंगधाड़ी में उस समय सनसनी फैल गई जब शादी समारोह से लौटे परिवार ने अपने घर के ताले टूटे पाए। ग्रामीण रणवंत सिंह पुत्र रणजीत सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके पौत्र का विवाह 6 और 7 नवंबर को हरिद्वार में संपन्न हुआ था। पूरा परिवार शादी में शामिल होने के लिए घर बंद करके गया था। 8 नवंबर की दोपहर करीब दो बजे जब परिवार हरिद्वार से वापस लौटा तो देखा कि मुख्य दरवाजे के ताले टूटे पड़े हैं। अंदर कमरों, अलमारियों और संदूकों का सारा सामान बिखरा हुआ था। जांच करने पर करीब तीन हजार रुपये नकद, एक सैमसंग मोबाइल फोन और एक पर्स जिसमें आधार कार्ड की फोटोकॉपी सहित जरूरी कागजात रखे थे, चोरी हो चुके थे। परिजनों ने आसपास चोरों की तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# खेत से लौटते समय परिवार पर जानलेवा हमला, तीन लोग गंभीर रूप से घायल

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** रतनपुरी थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर में खेत से लौट रहे परिवार पर कुछ लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। घटना में पिता, पुत्री और पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

ग्राम रामपुर निवासी मधु पुत्री महकार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 6 नवंबर की शाम करीब चार बजे वह अपने पिता महकार और भाई अंकित के साथ खेत से घर लौट रही थीं। इसी दौरान गांव के ही योगेश, योगेन्द्र, सोनम और राजस्वती ने रास्ते में उन्हें रोक लिया और बिना किसी कारण गाली-गलौच करने लगे। जब परिजनों ने विरोध किया तो सभी ने मिलकर उन पर हमला कर दिया। मधु के अनुसार, झगड़े के दौरान योगेश ने अपनी पत्नी सोनम से कहा कि हतू इसके हाथ-पैर पकड़,ह्व और इसके बाद योगेश ने फावड़े से उन पर वार कर दिया। हमले में मधु के कंधे और पेट पर गंभीर चोटें आईं, वहीं उनके पिता महकार के हाथ-पैर और भाई अंकित के हाथ व पेट पर भी गंभीर घाव हुए। आरोप है कि हमलावरों ने महिलाओं का गला दबाने की कोशिश की और मारपीट के दौरान सोनम ने मधु का मोबाइल फोन छीनकर तोड़ दिया ताकि घटना का वीडियो सबूत न बन सके। पीड़ित परिवार का कहना है कि जान बचाने के लिए उन्हें किसी तरह मौके से भागना पड़ा।

घटना के बाद आरोपियों ने धमकी दी कि हअब बच गए हो, लेकिन बाद में देख लेंगे, पुलिस भी हमारा कुछ नहीं बिगाड़ पाएगी।ह्व घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया और आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली। रतनपुरी थाना पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

# शिशु मंदिर में सप्तशक्ति संगम का भव्य आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज, केशवपुरी में आज सप्तशक्ति कार्यक्रम - 2 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मीनाक्षी स्वरूप अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर, विशिष्ट अतिथि अनुराधा अरोरा, रितु त्यागी (सभासद), डॉ तारिणी तनेजा (महिला चिकित्सक) ने संयुक्त रुप से मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । मुख्य वक्ता डॉक्टर तारिणी तनेजा ने बताया कि सप्त शक्ति संगम जैसे कार्यक्रम महिलाओं में आत्मब्विास और सामाजिक चेतना जगा कर सशक्त और आत्म निर्भर बनाने में सहायक होते हैं। कुटुंब प्रबा. धन के विषय में चर्चा करते हुए कहा कि आज आवश्यकता परिवार के स्थान पर कुटुंब की है। आज समाज में एकल परिवार हो गए हैं कुटुंब का अस्तित्व शून्य सा होता जा रहा है। संबंधों का आज के बच्चों को पता ही नहीं है केवल अंकल या आंटी शब्द ही उनको पता है। आज की नारी पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। वे अपने परिवार को मजबूत करने के साथ ही देश के विकास की मूल कड़ी बन गई हैं। आचार्या नीलम शर्मा ने भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए उन्होंने बताया कि आज नारियां हर एक क्षेत्र में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर देश की उन्नति में अपना योगदान दे रही हैं। देश की सीमाओं पर विपरीत परिस्थितियों में भी प्रहरी बनकर खड़ी हैं। वे वायुयान व लडाकू विमान उड़ाने जैसे कठिन कार्य कर देश सेवा में लगी है। विज्ञान के क्षेत्र में नित नयी उपलब्धियां प्राप्त कर रही हैं । कार्यक्रम की अध्यक्षा एवं सभासद ऋतु त्यागी ने बताया कि परिवार समाज व देश को चलाने में मातृशक्ति का विशेष योगदान रहा है अपाला,घोषा, सावित्री व सीता समान अनेक नारियों ने साहसिक व महत्वपूर्ण कार्य कर देश की दशाऔर दिशा को बदल दिया।



विद्यालय की छात्राएं किंजल इंसा,परी इंसा,सृष्टि, वैष्णवी, वैभवी, सोनाक्षी व नंदिनी ने हम ही मातृशक्ति है गीत पर मनमोहक प्रस्तुति दी। ईशा, आरोही ,करिश्मा , स्पर्शिका वर्मा, राशि, अवि, मानवी व जानवी ने प्रेरणादायी महिलाओं के संदेश पर आधारित प्रस्तुति दी । विद्यालय की पूर्व छात्रा कामायनी सिंघल, निकिता, रश्मि टंडन एवं निकिता सैनी तीनों पूर्व छात्राओं को विशिष्ट माताओं के रूप में सम्मानित किया गया। महिला अभिभावकों रीता इंशा, पूर्णिमा वर्मा एवं मोनिका वर्मा ने कहा कि माताओं के विकास एवं सफल जीवन हेतु ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन होना आवश्यक है। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक संजय अग्रवाल एवं प्रधानाचार्य कौशल आर्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। नंदिनी शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया। सविता धीमान ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखी। शगुन सैनी ने वंदना करायी । प्रश्नोत्तरी सारिका शर्मा ने की। कार्यक्रम को सफल बनाने में कु0 साक्षी शर्मा, इंदु त्यागी,कृतिका गर्ग, रेखा वर्मा, रुबी गर्ग, सपना अरोरा, रेणु धीमान, अर्चना जैन, प्रिया ज्योति, नूतन मित्तल, नीरु शर्मा ,पूजा गर्ग, ज्योति वाधवा, रजनी अग्रवाल व रजनी धीमान ने कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष सहयोग किया।

# छात्र उज्जवल की मौत को लेकर भाकियू तोमर ने ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन तोमर के युवा प्रदेश अध्यक्ष अंकित गुर्जर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने डीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा उन्होंने कहा कि फीस के नाम पर कठिन प्रताड़ना से तंग आकर डीएवी डिग्री कॉलेज परिसर में आत्मदाह का प्रयास करने वाले बीए तृतीय वर्ष के छात्र उज्जवल राणा ने आखिरकार जिंदगी की जंग हार दी दिल्ली के सफदर जंग अस्पताल में दो दिन तक मौत से जूझने के बाद रविवार देर रात उसकी सांसे थम गई ऐसी दुखद घटना की भारतीय किसान यूनियन तोमर ने घोर निंदा करते हैं उज्जवल राणा की मौत के कारण बनने वालों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

भाकियू तोमर प्रदेश अध्यक्ष अंकित गुर्जर ने ज्ञापन के माध्यम से भाजपा सरकार से मांग कि है कि प्रदेश भर के सभी जिला अधिकारियों को आदेशित करे कि पढाई शुल्क के लिए किसी भी छात्र को किसी भी प्रकार का कोई दबाव ना मनाया जाऐ क्योकि हमारा देश कृषि प्रधान देश है और जब किसान अपना गन्ना शुगर मील मे डालता है तो उसे नगद पेमेंट नही दिया जाता बल्कि एक या दो साल तक गन्ने का पेमेंट नही दिया जाता है या तो फिर सरकार किसान के गन्ने का भुगतान नगद कराया जाऐ।

अन्यथा किसी छात्र पर भी कोई दबाव ना बनाये जाऐ यहा तक कि अंकित गुर्जर ने मांग कि है कि योगी सरकार किसानों के बच्चो को मुफ्त शिक्षा देने का काम करे उन्होने चेतावनी देते हुए कहा है कि मरते समय उज्जवल ने एक



विडियो जिन लोगो के नाम लिए है उनकी सभी कि जल्द गिरफ्तारी हो और अगर जल्द गिरफ्तारी नही हुई तो संगठन सडको पर उतरकर आदोलन करेगा जिसकी जिम्मेदारी जनपद मुजफ्फरनगर के शासंन प्रशासन कि होगी और तीन सूत्रीय मांगों का एक ज्ञापन जिलाधिकारी उमेश मिश्रा को सौपा पशिचम प्रदेश रिहान चौधरी, मोनू धीमान, जमीर सदाम, ईरशाद, आकिल राणा आदि मौजूद रहे।

### बस की टक्कर से दो घायल

**मीरापुर।** दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग पर कोटद्वार डिपो की रोडवेज बस की टक्कर से दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब दोनों अपनी मोटरसाइकिल से बिजनौर जा रहे थे। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है। पुलिस ने बस चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम खेड़ी सराय थाना मीरापुर निवासी वली खान और उनका चचेरा भाई अनस पुत्र इरशाद कुछ दिन पूर्व बिजनौर किसी कार्य से जा रहे थे। जब वे ग्राम शिवपुरी के पास पहुंचे, तो कोटद्वार डिपो की रोडवेज बस के चालक हरपाल ने तेज रफ्तार और लापरवाही से बस चलाते हुए गलत दिशा में जाकर उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में वली खान के सिर और हाथ में फैक्चर हो गया, जबकि अनस की एक टांग टूट गई। दोनों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। टक्कर में मोटरसाइकिल भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। परिजन घायलों के उपचार में व्यस्त रहने के कारण घटना की रिपोर्ट तत्काल दर्ज नहीं करा सके। बाद में पीड़ित पक्ष ने तहरीर देकर बस चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच प्रारंभ कर दी है।

### प्रेमी युगल हुआ फरार

**बुढ़ाना।** कस्बे से एक प्रेमी युगल अर्धरात्रि में मौका पाकर फरार हो गया। बाद में एक स्थान पर युवती का पता लग जाने पर परिजन उसको लेने के लिए रवाना हो गये थे। पुलिस को इस संबंध में सूचना नहीं दी गयी है। कस्बे के एक मौहल्ले में एक युवती और एक शादीशुदा युवक का काफी दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। अर्धरात्रि में दोनों युवक युवती अपने अपने घरों से फरार हो गये। घटना का पता बीते कल की सुबह में दोनों के परिजनों को लगा तो परिजनों ने पुलिस में शिकायत ना करके अपने अपने स्तर से दोनों को चुपचाप तरीके से संभावित स्थानों पर तलाश करना शुरु कर दिया। आज मंगलवार की सुबह युवती का पता लगा तो परिजन उसको लेने के लिए रवाना हो गये थे। चर्चा है कि जो युवक युवती को ले गति था उसकी शादी हो चुकी है और उसकी पत्नि उसको छोड़कर अपने पीहर में रह रही है। यह मामला आज मौहल्ले में काफी चर्चा का विषय बना रहा।

### नकली पनीर फैक्ट्री पर खाद्य सुरक्षा विभाग का छापा

**खतौली।** खतौली तहसील क्षेत्र में नकली पनीर बनाने की सूचना पर मंगलवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने पुलिस बल के साथ एक पनीर फैक्ट्री पर छापा मारा। कार्रवाई के दौरान फैक्ट्री में भारी मात्रा में तैयार पनीर, दूध और रिफाइंड जब्त किया गया।

टीम ने लगभग तीन कुंतल पनीर और तीन सौ लीटर दूध मौके पर ही नष्ट कराया।खाद्य सुरक्षा अधिकारी सहारनपुर मंडल असिस्टेंट कमिश्नर फूड अशोक कुमार शर्मा एवं असिस्टेंट कमिश्नर सैकिंड अर्चना धिरान ने बताया कि मो. हद्दीनपुर गांव स्थित रजत एजेंसी नाम की पनीर बनाने की फैक्ट्री के संबंध में लंबे समय से नकली पनीर बनाने की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। सूचना के आधार पर मंगलवार को टीम ने मौके पर पहुंचकर गहनता से जांच-पड़ताल की।जांच के दौरान टीम ने दो पनीर, एक दूध और एक रिफाइंड तेल और एक सोया के पांच नमूने जांच हेतु एकत्र किए। फैक्ट्री में साफ-सफाई की स्थिति भी बेहद खराब पाई गई। अधिकारियों ने फैक्ट्री संचालक को स्वच्छता मानकों का पालन करने और उत्पादन प्रक्रिया में सुधार के निर्देश दिए हैं। अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि लिए गए नमूनों को जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फैक्ट्री मालिक भाजपा का नेता बताया जा रहा है।

# चरथावल पुलिस नहीं करती चोरियों का खुलासा

**चरथावल।** चरथावल मे टोंटी चोरो का पूरा पूरा आतंक छाया हुआ हे और नगरवासियो के आंगन तक मे लगी टोंटियों को चोर नहीं छोड़ रहे हे बल्कि टोंटी चोरो की टोंटी चोरी करते हुए वीडियो तक वायरल हो रही है वीडियो वायरल होने के बाद भी टोंटी चोरो के खिलाफ चरथावल पुलिस ने अभी तक किसी टोंटी चोर के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की है जिस कारण नगरवासियो मे भारी रोष है और किसानों के नलकूपों पर हो रही लगातार चोरियो से भी किसानों मे भारी आक्रोश है और तो और किसानों के नलकूपों पर होने वाली दर्जनों चोरियो का आज तक चरथावल पुलिस द्वारा खुलासा न करना चर्चाओ का विषय बना हुआ है और क्षेत्र के गांव कूल्हेड़ी मे हुई चोरी का भी चरथावल पुलिस आज तक कोई खुलासा नहीं कर पायी है चोरियो का खुलासा न करने से जहाँ क्षेत्रवासियो मे भारी रोष है वही चोरियो का खुलासा न करने के पीछे पुलिस का क्या मकसद हे यह तो पुलिस ही जान सकती है लेकिन चोरियो का खुलासा न होने से चरथावल पुलिस सरकार की छवि को जमकर पलिता लगाती नजर आ रही हे और टोंटियों की चोरी होने से अनेको टोंटियों का पानी खुलेआम बहता नजर आ रहा है गत दिवस किसानों के नलकूपों पर हो रही चोरी को लेकर भाकियू टिकेत के ब्लाक अध्यक्ष द्वारा थाने मे रात्रि मे ही धरना प्रदर्शन किया गया था ।

# भाजपाईयों ने एमएलसी ग्रेजुएट के 100 फार्म भरवाए

**बुढ़ाना।** यूपी विधान परिषद स्नातक चुनाव 2025- 26 भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष डाक्टर सुधीर सैनी और कार्यकर्ताओ को समय समय से मार्गदर्शन करते रहते स्नातक चुनाव जिला संयोजक मोहन तायल के नेतृत्व में स्नातक चुनाव वोट बनाने का कार्य आगामी द्वितीय चरण के लिए निरंतर रखते हुए गठबंधन भाजपा और लोकदल से राष्ट्रीय लोकदल महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय महासचिव अनुपमा चौधरी से एमएलसी ग्रेजुएट के 100 फार्म भरकर प्राप्त किए और स्कुलों के विकास कार्यो पर भी चर्चा कर दिनेश कुमार गोयल एमएलसी को अवगत कराया। जिस पर भाजपा विधायक दिनेश कुमार गोयल ने विधानसभा परिषद में प्रस्ताव रखकर अपनी निधि से सभी क्षेत्रों में विकास कार्य किए जाने की बात कही। जो पहले भी अपनी निधि से बुढ़ाना नगर के स्कूलों और गांवघ उकावली की गौशाला में धनराशि दे चुके हैं।

विधायक गोयल हमेशा सभी भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा दिए गए क्षेत्र के विकास हित में कार्य प्रस्ताव व उनका सम्मान करते रहते हैं।

जो कि बहुत ही प्रशंसनीय है। इसके लिए भाजपा कार्यकर्ताओं और क्षेत्र के कुछ वासियों की तरफ से विधायक को फोन पर धन्यवाद दिया गया। इस दौरान स्नातक चुनाव



सह संयोजक बुढ़ाना विधानसभा भाजपा आशीष जैन और राष्ट्रीय इंटर कालेज बुढ़ाना का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# आत्महत्या प्रकरण में फरार चल रहे ससुर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** पुलिस ने आरिफ त्यागी आत्महत्या प्रकरण में फरार चल रहे एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी चरथावल कस्बे के बस स्टैंड के पास से मुखबिर की सूचना पर की गई।पुलिस के अनुसार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। चरथावल कस्बा चौकी प्रभारी तेजवीर सिंह ने कांस्टेबल तेजेंद्र धामा के साथ मिलकर अभियुक्त को पकड़ा।

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान मुरसलीन पुत्र फतेहदीन निवासी त्यागी चौक, सरवट, थाना सिविल लाइन, मुजफ्फरनगर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी का चालान कर उसे जेल भेज दिया है।

मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।आपको बता दे कि ससुराल पक्ष से तंग आकर चरथावल निवासी आरिफ नाम के युवक ने जहर खाकर अपनी जान दे दी थी जिसमे ससुराल पक्ष के कई लोगों पर चरथावल पुलिस ने संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था उक्त मामले में युवक की सास और पत्नी पहले ही जेल जा चुकी है?

### घर में खड़ी बुलेट मोटरसाइकिल चोरी

**चरथावल।** थाना क्षेत्र के ग्राम दूधली में एक घर से बुलेट मोटरसाइकिल चोरी हो गई। यह घटना देर रात हुई, जिसकी जानकारी सुबह घर मालिक को हुई। चोरी की यह वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। दूधली निवासी कुलदीप पुत्र राजवीर सिंह ने बताया कि उनकी बुलेट मोटरसाइकिल रात में घर के आंगन में खड़ी थी। चाबी खिड़की के अंदर रखी हुई थी। रात को पेशाब करने के लिए उठने पर उन्होंने देखा कि मोटरसाइकिल गायब थी।चोरी की पूरी घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई है। फुटेज में एक चोर बुलेट मोटरसाइकिल ले जाते हुए साफ दिख रहा है। पुलिस अब इन फुटेज के आधार पर चोर की तलाश कर रही है। कुलदीप ने घटना की तहरीर चरथावल पुलिस को दी है।

### आज इन स्थानों की विद्युत आपूर्ति रहेगी बंद

**बुढ़ाना।** स्थानीय विद्युत ग्रह के जेई शिव कुमार ने आज मंगलवार के दिन एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराते हुए बताया कि 12 नवम्बर दिन बुधवार को विद्युत वितरण खण्ड के अन्तर्गत 33 केवी लाईन अलीपुर अटेरना का मेंटेनेंस का कार्य करने के लिए सुबह 10 बजे से लेकर लगातार दोपहर दो बजे तक यानि कि 4 घंटे का शट डाउन रहेगा। इनमें प्रभावित क्षेत्र वैल्ली, अटाली, बुढ़ाना टाऊन, बुढाना देहात, मिण्डकाली, चन्धेडी, कुरथल, अलीपुर अटेरना और जौला विद्युत उप केन्द्रो की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी और 33/11 केवी लाईन बिराल पर आरडीडीएस का कार्य करने के लिए सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक का शटडाउन रहेगा। इसमे प्रभावित क्षेत्र बिराल, परासौली, कुरालसी, डूंगर और सरनावली विद्युत उपकेंद्र की आपूर्ति बाधित रहेगी।

# एसडी कामर्स की फ्रेशर पार्टी में मिस फ्रेशर चुनी गई आरोही त्यागी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स के प्रांगण में विज्ञान विभाग के अन्तर्गत बीएससी माईक्रोबायोलॉजी व बीएससी के नावागुंतक छात्र -छात्राओं के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्राचार्य डा0 सचिन गोयल, विभागाध्यक्षा डा. मोनिका रूहेला, आदि के द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके संयुक्त रूप से किया गया तथा सभी ने छात्र / छात्राओं को कार्यक्रम की शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम के आरम्भ में बीएससी माईक्रोबायोलॉजी से इशिका, वंश, वंशिका, तेजस्वी, मो. निश, शिवम, शिवराज, इशिका, कनिका, पायल, शिल्पी, अलफिशा, आफिया, आरोही, राजन, आयुष, कृष, पंकज, हर्ष एवं बीएससी सानिया, नजमी, मुस्कान, जिया, हर्ष बंसल, पलक, आंचल, गरिमा, टिया, शिवम, चित्रांश, तनिष्क, प्रियांशी, पायल, सुहानी, आशिफ, आर्यांश, विवांश, रूद्र, अस्तित्व एवं असद आदि छात्राओं द्वारा विभिन्न मनोरंजन प्रस्तुतियों की गयी ।

निर्णायक की भूमिका में वंशिका गुप्ता, कमर रजा व कृष्ण कुमार रहे। कार्यक्रम का संचालन मोनिका पंवार व राखी धीमान के निर्देशन में सानिया, शिवम व चित्रांश ने किया ।

निर्णायक मण्डल के अनुसार बीएससी माईक्रोबायोलॉजी प्रथम वर्ष से मिस फेशर आरोही त्यागी एवं मिस्टर फेशर आयुष को मिस चार्मिंग आफिया व मिस्टर हर्ष मलिक को बीएससी प्रथम वर्ष से मिस निशा पाल एवं मिस्टर फेशर रूद्र चौधरी को मिस चार्मिंग अकांक्षा व मिस्टर चार्मिंग अस्तित्व जायसवाल तथा बीएससी प्रथम वर्ष से मिस फेशर मरियम सारा एवं मिस्टर फेशर यश



को मिस चार्मिंग आयुषी एवं मिस्टर चार्मिंग शोयब को घोषित किया गया ।समापन अवसर पर प्राचार्य डा. सचिन गोयल ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन पर सभी छात्र-छात्राओं और महाविद्यालय परिवार को धन्यवाद दिया और यह बताया की इस तरह के आयोजन से सभी छात्र-छात्राओं में समाजिक भावना तथा सामाजस्य से काम करने की प्रवृति का विकास होता है तथा ऐसे मंच के माध्यमों से उन्हें अपनी प्रतिभाओं को सामने लाने का अवसर मिलता है।कार्यक्रम में डा0 महेन्द्र सिंह, डाद्द ज्ञानेन्द्र पाण्डेय, ओंकार सिंह, डा0 नीरज, रजत धारिवाल, वंशिका गुप्ता, अनामिका शर्मा, डा. वर्तिका गुप्ता, वर्षा पांचाल, शिखा पाल, राखी धीमान, प्राची बिंदल, राधिका धीमान, महक, नितिन गोयल, आशीष पाल, दीपक आदि मौजूद रहे।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# दिल्ली धमाके में झिंझाना के नौमान की मौत

## कैराना निवासी तहेरे भाई की हालत गंभीर, कॉस्मेटिक का सामान लेने गए थे दोनों

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** देश की राजधानी दिल्ली में सोमवार की शाम हुए धमाके में शामली जिले के झिंझाना कस्बे के 18 वर्षीय नौमान पुत्र इमरान निवासी मोहल्ला शह मुबारिक की मौत हो गई, जबकि उसका तिहरा भाई अमन पुत्र हारून निवासी कैराना गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में को. हराम मच गया।

नौमान सोमवार को साप्ताहिक अवकाश होने के कारण अपनी दुकान के लिए सामान खरीदने दिल्ली गया था। परिजनों ने बताया कि वह सुबह कस्बे के ही विरासत पुत्र लियाकत की गाड़ी किराए पर लेकर अपने तिहरे भाई अमन के साथ दिल्ली गया था। दिनभर खरीदारी के बाद दोनों शाम करीब छह बजे लौटने की तैयारी में थे। सामान गाड़ी में रखकर वे चांदनी चौक की एक दुकान से छूटा हुआ एक पॉलिथीन बैग लेने रिक्शा से निकले थे। उसी दौरान पार्किंग में खड़ी कार में विस्फोट हो गया। दोनों उसकी चपेट में आ गए। विस्फोट में नौमान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अमन गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे दिल्ली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है।

मृतक नौमान छह भाई-बहनों में दूसरे नंबर पर था। बड़ा भाई फरमान कस्बे के मेन बाजार में कॉस्मेटिक की दुकान चलाता है, लेकिन बीमारी के चलते पिछले कुछ समय से नौमान ही दुकान संभाल रहा था। उसी दुकान के लिए वह सोमवार को दिल्ली सामान लेने गया था। परिजनों के अनुसार, फरमान किडनी की गंभीर बीमारी से जूझ रहा है और अस्पताल में भर्ती है। चाचा फुरकान ने बताया कि फरमान जन्म से ही एक किडनी वाला है।

कार चालक विरासत पुत्र लियाकत ने बताया कि शाम को दोनों ने सामान गाड़ी में रखकर कहा कि वे एक थैली लेने जा रहे हैं, लेकिन काफी देर तक नहीं लौटे। फोन करने पर भी जवाब नहीं मिला तो उसने घर पर सूचना दी। बाद में पता चला कि दोनों धमाके में घायल हुए हैं। चाचा फुरकान ने बताया कि परिजनों ने रातभर दिल्ली के अस्पतालों में नौमान की तलाश की, लेकिन कोई जानक. ारी नहीं मिली। मंगलवार सुबह करीब सात बजे उसकी शिनाख्त शवगृह में हुई। कस्बे में जैसे ही दिल्ली धमाके में नौमान की मौत की खबर पहुंची, लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक के घर पर लोगों का तांता लग गया। देर शाम पोस्टमार्टम के बाद नौमान के शव को नम आंखों से सुपुर्द-ए-खाक किया गया।







### दिल्ली लालकिले के पास हुए विस्फोट में कस्बे का अमन भी हुआ गम्भीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** विगत सोमवार शाम राजधानी दिल्ली में लालकिले के निकट एक कार में जबरदस्त विस्फोट हो गया था। विस्फोट की चपेट में आकर कई लोग मौत का शिकार हो गए, जबकि दर्जनों लोग गम्भीर रूप से घायल है। घायलों का दिल्ली के अलग-अलग अस्पतालों में उपचार चल रहा है। दिल्ली विस्फोट में कैराना के मोहल्ला बेगमपुरा निवासी अमन भी गम्भीर रूप से जख्मी हुआ है। बताया गया है कि अमन ने झिंझाना कस्बे में अपने मौसेरे भाई नोमान के साझे में कॉस्मेटिक की दुकान कर रखी है। सोमवार को झिंझाना में साप्ताहिक बंदी का दिन होने के चलते अमन और नोमान दुकान का सामान खरीदने के लिए दिल्ली गए हुए थे। जहां पर वह विस्फोट की चपेट में आ गए। घटना में गम्भीर रूप से घायल नोमान की मौत हो गई, जबकि अमन का लो. कनायक अस्पताल में उपचार चल रहा है। अमन की हालत भी गम्भीर बताई जा रही है। अमन का पिता हारुण राजमिस्त्री का कार्य करता है। हादसे की जानक. ारी मिलते ही अमन के परिजन मकान का ताला बंद करके दिल्ली चले गए। अमन दो भाई-बहनों में छोटा है। बहन रहनुमा की शादी हो चुकी है, जबकि अमन अविवाहित है। वहीं, नोमान की मौत से परिजनों व रिश्तेदारों में कोहराम मचा है। उधर, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री का कहना है कि दिल्ली में हुए विस्फोट में कैराना कस्बे का अमन नामक युवक घायल हुआ है, जिसका दिल्ली के किसी अस्पताल में इलाज चल रहा है।



# निजी नर्सिंग होम में बच्चें की मौत पर परिजनों का हंगामा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मंगलवार को शहर के बधेव रोड स्थित निजी नर्सिंग होम में बच्चे की मौत होने पर परिजनों ने जमकर हंगामा किया। उन्होने चिकित्सक पर लापरवाही बरते जाने का आरोप लगाया। सूचना पर पहुंची थाना आदर्शमंडी पुलिस ने हंगामा रहे परिजनों को समझा बुझाकर शांत किया।

बाबरी थाना क्षेत्र के रविदास मंदिर निवासी वीरेन्द्र पुत्र सियानंद के 2 वर्ष के पुत्र वीर के ऊपर गत सोमवार को कच्ची दीवार गिर गई थी। जिससे वीर गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसको परिजनों द्वारा शहर के बधेव रोड़ स्थित मां गोदावरी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, लेकिन मंगलवार सुबह चिकित्सकों द्वारा बच्चे को सही उपचार न देने से बच्चे की मौत हो गई।

जिसके बाद गुस्साऐं परिजनों ने चिकित्सक पर लापरवाही बरते जाने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। वीरेन्द्र ने बताया कि बच्चे के पैर में चोट लगी थी, जिसका चिकित्सक ने ऑपरेशन करने के लिए 23 हजार रूपये एडवांस जमा कराए थे। बाद में एक्सरे रिपोर्ट देने के नाम पर भी 1350 रूपये मांगे गए और न दिए जाने पर रिपोर्ट नही दी गई। रातभर बच्चा परेशान रहा, जिसके लिए डॉक्टर को बुलाते रहे लेकिन डॉक्टर नही पहुंचा। सवेरे काफी परेशान होने पर कंपाउंडर पहुंचा और आरोप है कि उसके द्वारा इंजेक्शन लगाया गया तो बच्चे ने दम तोड दिया। सूचना पाकर थाना आदर्शमंडी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और हंगामा कर रहे परिजनों को समझा बुझाकर शांत किया। हालाकि बाद में परिजन बिना किसी तहरीर के बच्चे के शव को अपने साथ लेकर लौट गए। हॉस्पिटल में हंगामे को देखते हुए भारी पुलिस फोर्स तैनात रहा।

### बच्चे के ऊपर गिरी थी दीवार

मृतक बच्चे के परिजनों ने बताया कि उसके ऊपर कच्ची दीवार गिरी थी, जिसके बाद हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सक ने पैर की हडडी टूटने के कारण ऑपरेशन की बात कही थी, लेकिन बच्चे की मौत के बाद डॉक्टर हेडइंजरी बता रहे है। परिजनों का कहना था कि यदि बच्चे के सिर में चोट थी तो उसको उपचार क्यो नही दिया गया। बच्चे की मौत में चिकित्सकों की गंभीर लापरवाही सामने आई है।

# यूपी-हरियाणा बॉर्डर पर मुस्तैद रही पुलिस फोर्स



कैराना



बिडौली/झिंझाना





शामली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** राजधानी दिल्ली में लालकिले के निकट चलती हुई कार में हुए विस्फोट के बाद से प्रदेशभर में हाईअलर्ट जारी किया गया है, जिसके चलते कैराना में स्थित यूपी-हरियाणा सीमा पर रातभर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वहीं, मामले की गम्भीरता के मद्देनजर एसपी नरेंद्र प्रताप सिंह ने जनपद में विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर चेकिंग अभियान का जायजा लिया।

विगत सोमवार शाम करीब सात बजे राजधानी दिल्ली में स्थित ऐतिहा. सिक धरोहर लालकिले के निकट एक मूविंग कार में जबरदस्त विस्फोट हुआ है, जिसमें कई लोग मारे गए तथा दर्जनों लोग गम्भीर रूप से घायल हुए है। घायलों को दिल्ली के अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। विस्फोट की घटना के मद्देनजर उत्तर-प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस विभाग को अलर्ट रहने को कहा है। सरकार ने प्रदेश में हाईअलर्ट जारी करके अधिकारियों को सघन चेकिंग अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए है। इसी के मद्देनजर जिले का पुलिस महकमा भी पूरी तरह चौकन्ना है। सीओ श्यामसिंह व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री ने सोमवार देर शाम अलर्ट जारी होते ही पुलिस-फोर्स के साथ में यूपी-हरियाणा सीमा पर पहुंचकर मोर्चा संभाल लिया। इस दौरान हरियाणा की ओर से आने वाले प्रत्एक वाहन की गहनता से जांच की गई। एसपी शामली नरेंद्र प्रताप सिंह ने भी बॉर्डर पर पहुंचकर चेकिंग अभियान का जायजा लिया। उन्होंने डड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को मुस्तैदी के साथ में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने के निर्देश दिए। साथ ही, लापरवाही मिलने पर सख्त कार्यवाही के लिए चेताया है। वाहन चेकिंग का सिलसिला सोमवार रातभर व मंगलवार दिन में भी चलता रहा। वहीं, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर यूपी-हरियाणा सीमा पर वाहन चे. कंग अभियान निरंतर जारी है। इसके अलावा, कानून-व्यवस्था के मद्देनजर कस्बे में भी गश्त तेज कर दी गई है।

**बिडौली/झिंझाना।** नई दिल्ली में लाल किले के पास चलती कार में हुए विस्फोट की घटना के बाद शामली पुलिस भी पूरी तरह से अलर्ट मोड पर आ गई है। सुरक्षा एजेंसियों से मिले इनपुट के बाद जिले में सतर्कता स्तर बढ़ा दिया गया है।

झिंझाना थाना प्रभारी वीरेंद्र कसाना के नेतृत्व में पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करते हुए यूपी-हरियाणा बॉर्डर स्थित बिडौली चौकी पर सघन चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है। चौकी प्रभारी योगेंद्र कुमार की टीम ने हर आने-जाने वाले वाहन की गहन तलाशी ली। इसके साथ ही मेरठ.करनाल हाईवे पर पटनी और प्रतापपुर टोल प्लाजा पर भी पुलिस टीमों ने नाकेबंदी कर वाहनों की जांच की। संदिग्ध व्यक्तियों और सामान की बारीकी से तलाशी ली जा रही है। थाना प्रभारी वीरेंद्र कसाना ने बताया कि यह चेकिंग अभियान सुरक्षा एजेंसियों के निर्देश पर एहतियातन चलाया जा रहा है, ताकि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु को जिले की सीमा में प्रवेश न मिल सके। उन्होंने कहा कि पुलिस पूरी तरह चौकन्नी है और हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। पुलिस प्रशासन ने आम जनता से भी अपील की है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गति. विधि की सूचना तुरंत नजदीकी थाने या डायल 112 पर दे।

**शामली।** दिल्ली के लाल किले के पास हुए धमाके के बाद उत्तर प्रदेश में हाई अलर्ट घोषित किए जाने के बाद जनपद शामली में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हाई अलर्ट रहा। दिल्ली और हरियाणा बोर्डर से लेकर सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस ने चे. कंग की। रेलवे स्टेशन और बस स्टेंड पर पुलिस के साथ साथ डॉग स्वायर्ड टीम द्वारा सामान की जांच करते हुए संदिग्धों से पूछताछ की गई।

पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह ने मंगलवार को जनपद के अंतर्राज्ईय बॉर्डर, मुख्य मार्गों, चेकपोस्टों और अन्य संवेदनशील स्थलों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर तैनात पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि सुरक्षा व्यवस्था को उच्च स्तर पर बनाए रखें, हर आने-जाने वाले वाहन और व्यक्ति की सघन चेकिंग करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर कड़ी नजर रखें। इस दौरान देर रात्रि जनपद की सीमाओं को सील कर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। प्रत्एक प्रवेश एवं निकास बिंदु पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती रही। वाहनों की तलाशी लेते हुए संदिग्धों से पूछताछ की गई। एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रों में पेट्रोलिंग, मोबा. इल गश्त, बैरियर चेकिंग और नाइट डॉमिनेशन को और अधिक प्रभावी बनाया जाए, ताकि किसी भी असामा. जिक या आपराधिक तत्व द्वारा शांति एवं कानून व्यवस्था भंग करने के प्रयास को समय रहते रोका जा सके।

उन्होंने क्षेत्रीय अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि वे स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों और समाजसे. वियों के साथ समन्वय स्थापित कर सुरक्षा व्यवस्था को सहभागी बनाएं। साथ ही आमजन को प्रेरित करें कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।



# तीन दिवसीय शालू स्मृति खेल महोत्सव का आयोजन संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** बलवंती देवी कन्या इंटर कालेज में आठवां तीन दिवसीय शालू स्मृति महोत्सव का आयोजन किया गया।जिसका शुभारंभ उपजिलाधिकारी ऊन, अरविंद संगल चेयरमैन शामली,कोतवाल विरेन्द्र कसाना, भाजपा नेता अनिल चौहान, अंकित मलिक द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।जिसके बाद अतिथियों द्वारा शालू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर खेल महोत्सव का शुभारंभ किया।इस मौके पर गणमान्य लोग मौजूद रहे।

मंगलवार को को ऊन रोड पर स्थित बलवंती देवी कन्या इंटर कालेज में आठवां तीन दिवसीय दिन व रात्रि शालू स्मृति खेल महोत्सव का आयोजन किया गया।खेल महोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि उपजिला. धिकारी ऊन संदीप त्रिपाठी, अरविंद संगल चेयरमैन शामली, विरेन्द्र कसाना कोतवाल झिंझाना,अनिल चौहान भाजपा नेता, अंकित मलिक छात्र संघ अध्यक्ष मेरठ द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।जिसके बाद स्वर्गीय शालू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए।

वहीं छात्राओं द्वारा अतिथियों के स्वागत में स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई।वही स्कूल प्रबंधन इंद्रपाल सिंह तोमर व अंकित तोमर द्वारा अतिथियों तनिषा मलिक अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी कुरमाली को स्मृति चिन्ह एवं पटका भेंट कर सम्मानित किया गया। अंकित तोमर ने बताया खेल प्रतियोगिता में खो खो , कबड्डी,एथलिंट,बैड मिंटन,पंजा लडाना जेसी बालिकाओं की प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड राज्य की बालिका प्रतिभाग करेगी।इस मौके पर इंद्रपाल सिंह तोमर, अंकित तोमर, पूर्व प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार, ब्रिजेश कुमार वशिष्ठ,केपी सिंह,लहणा सिंह, श्यामलाल, योगेन्द्र सिंह, अशोक बहादुर गोयल, विनोद संगल सहित क्षेत्र के सम्मानित सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### निकाह से पहले धमकी, तमंचा तान फरार हुआ युवक

**कांधला।** नगर के मोहल्ला मौलानान निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी पुत्री का निकाह जनपद मुजफ्फरनगर के तितरों में तय हुआ है, जो आगामी 16 नवम्बर 2025 को रोज मैरिज होम कांधला में होना प्रस्तावित है। पड़ोस में रहने वाला सादिक उर्फ गुड्डू पुत्र निजामुद्दीन पहले से शादीशुदा है और चार बच्चों का पिता है। उसका पीड़िता के घर आना-जाना था।बीते सोमवार को पीड़िता के घर हल्दी का कार्यक्रम था। उसी दौरान लड़की की ससुराल पक्ष के लोग कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे, तभी आरोपी सादिक उर्फ गुड्डू ने अपनी गाड़ी ससुराल पक्ष की गाड़ी के आगे लगाकर उन्हें रोक लिया और धमकी दी कि हजिसके सिर पर सहरा होगा, उसे गोली मार दूंगा।ह आरोपी ने तमंचा तानकर मौके पर दहशत फैला दी।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी की तलाश की, लेकिन वह पुलिस पहुंचने से पहले फरार हो गया। बाद में युवक के परिजनों ने पीड़िता के घर पहुंचकर हंगामा करते हुए निकाह के दौरान गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी।

# इलेक्ट्रॉनिक व्यापारी को लगाया चूना, चार दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** बुलेट पर सवार फर्जी पुलिसकर्मियों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक की दुकान पर व्यापारी को चकमा देते हुए हजारों रूपए की कीमत की एलईडी ठग ली गई। घटना के चार दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस कार्रवाई न होने से व्यापारियों में गहरा रोष व्याप्त है।कस्बे के मोहल्ला रायजादगान निवासी व्यापारी आदेश की रेलवे रोड स्थित इलेक्ट्रॉनिक दुकान पर दो अज्ञात युवक पहुंचे।

उन्होंने खुद को थाना कांधला की खंद्रावली चौकी का पुलिसकर्मी बताते हुए 43 इंच की महंगी एलईडी टीवी ले ली और पैसे देने का बहाना बनाकर फरार हो गए।जब आदेश चौकी पर पहुंचे, तो वहां तैनात दरोगा ने एलईडी मंगवाने और भुगतान की बात से पूरी तरह इनकार कर दिया। व्यापारी ने तुरंत दुकान के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें बदमाशों का चेहरा और बुलेट बाइक स्पष्ट दिखाई दे रही है।

आदेश ने फुटेज और अन्य सबूतों के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन चार दिन बीतने के बावजूद पुलिस कोई ठोस कदम नहीं उठा पाई।व्यापारी आदेश ने कहा, मेहनत की कमाई पर फर्जी पुलिसकर्मी डाका डाल गए, अगर पुलिस ऐसे ही लापरवाह रही तो व्यापार करना मुश्किल हो जाएगा।नाराज व्यापारियों ने अब सामूहिक रूप से उच्च अधिकारियों से मिलकर मामले के जल्द खुलासे और दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

# ग्राम न्यायालय को लेकर अधिवक्ताओं की अनिश्चितकालीन हड़ताल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** तहसील में ग्राम न्यायालय को लेकर अधिवक्ता लंबे समय से मांग कर रहे हैं लेकिन भूमि उपलब्ध न होने के कारण अधिवक्तों की मांग पूरी नहीं हो पा रही है जिसे लेकर अधिवक्ताओं ने सोमवार को बैठक कर धरना प्रदर्शन कर हड़ताल की चेतावनी दी थी मंगलवार को अधिवक्ताओं ने अनिश्चितकालीन हड़ताल करते हुए धरना प्रदर्शन किया। तहसील में ग्राम न्यायालय की स्थापना को लेकर अधिवक्ता लगातार आंदोलन कर रहे हैं इस संबंध में देवताओं ने अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी अरविंद चौहान से मिलकर भूमि उपलब्ध कराने की मांग की थी




अधिवक्ताओं का कहना है कि जिलाधिकारी द्वारा भूमि उपलब्ध कराने से मना कर दिया जिस पर अधिवक्ताओं ने हड़ताल की चेता. वनी दी थी मंगलवार को तहसील बार एसोसिएशन के आह्वान पर अधिवक्ताओं ने अनिश्चितकालीन हड़ताल कर दी तथा धरना प्रदर्शन किया अधिवक्ताओं का कहना है कि जब तक तहसील कार्यालय में ग्राम न्यायालय की स्थापना नहीं होती तब तक आंदोलन जारी रहेगा।धरना प्रदर्शन में अनुज वशिष्ठ, जोगिंदर मुंगेर, राकेश कुमार, अंकित, नवीन सरोहा, सतीश कुमार, प्रशांत ,दक्ष राज ,जुनैद खान, विपिन, अमित, हरविंदर आर्य आदि शामिल रहे।

# दो बीएलओ के खिलाफ कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** खेड़ा अफगान में मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य में लापरवाही का मामला सामने आने पर प्रशासन हरकत में आ गया है। शिकायत की जांच में दोषी पाई गई दो महिला बीएलओ के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

ग्रामीणों द्वारा चुनाव पंजीकरण अधिकारी नकुड़ को प्रार्थनापत्र देकर शिकायत की थी कि बूथ संख्या 367 की बीएलओ श्रीमती शाइस्ता और बूथ संख्या 366 की बीएलओ श्रीमती रेखा रानी घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित नहीं कर रहीं हैं, बल्कि अपने परिचितों के घरों में बैठकर ही प्रपत्र भरवा रही हैं। शिकायत का संज्ञान लेते ही उप जिलाधिकारी सुरेंद्र कुमार व नायब तहसीलदार की टीम ने मौके पर जांच कराई, जांच में शिकायत सही पाई गई। पाया गया कि दोनों बीएलओ द्वारा मतदाता गणना कार्य में घोर लापरवाही की जा रही थी, गणना प्रपत्रों का वितरण घर घर जाकर नहीं किया जा रहा था।

रिपोर्ट के आधार पर निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी ने दोनों बीएलओ के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 32 के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज करने की संस्तुति की है। निर्वाचन अधिकारी ने चेतावनी दी है कि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

दोषी कार्मिकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

## 23 बीएलओ के खिलाफ थाने में भेजा पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** भारत निर्वाचन आयोग की एसआईआर प्रक्रिया के बीच मतदाताओं तक गणना प्रपत्र न पहुंचने पर रिटर्निंग ऑफिसर ने 23 बीएलओ के खिलाफ कार्रवाई के लिए थाना प्रभारी को पत्र भेजा है।

रिटर्निंग ऑफिसर सुरेंद्र कुमार के अनुसार कई क्षेत्रों में बीएलओ द्वारा निर्धारित प्रपत्र वितरित न किए जाने से आयोग का महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित हो रहा था।जानकारी के अनुसार नकुड़ क्षेत्र के 14, सरसावा क्षेत्र के 4, रामपुर क्षेत्र के 3 तथा चिलकाना क्षेत्र के 2 बीएलओ द्वारा मतदाताओं को प्रपत्र उपलब्ध नहीं कराए गए। रिटर्निंग ऑफिसर सुरेंद्र कुमार ने इसको गंभीर लापरवाही मानते हुए अधिनियम 32 के तहत संबंधित बीएलओ के विरुद्ध नकुड़, सरसावा, रामपुर मनिहारान आदि थानों के प्रभारी निरीक्षकों को रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। वहीं रिटर्निंग ऑफिसर सुरेंद्र कुमार की इस कार्रवाई के बाद संबंधित विभागीयकर्मचारियों में हड़कंप का माहौल मचा हुआ है।

# गांव लौट रहे भट्टा संचालक पर बाइक सवारों का हमला

**चिलकाना।** नगर से देर शाम के समय अपने गांव फिरोजाबाद लौट रहे ईंट भट्टा संचालक रमजान की कार पर अज्ञात बाइक सवारों ने पत्थर से हमला कर दिया। पीड़ित तथा परि. जनों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

जानकारी के मुताबिक क्षेत्र के गांव फिरोजाबाद निवासी ईंट भट्टा संचालक रमजान पुत्र शकूर सोमवार को अपनी कार से कस्बा चिलकाना में आया हुआ था। देर शाम के समय लगभग छः बजे अपना काम निपटा कर जैसे ही वह अपने घर जा रहा था तो फिरोजाबाद गांव में घुसते ही पीछे से तेज गति से आये दो अज्ञात बाइक सवारों ने उसकी गाडी पर पत्थर फेंके जिसमे एक पत्थर चालक साइड शीशे में जा लगा तथा शीशा टूट गया। इससे पहले कि कार सवार दोनों हमलावरों को पहचान पाते या बाइक का नम्बर नोट कर पाते, दोनों हमलावर मौके से फरार हो गये। क्षेत्र के जाने माने ईंट भट्टा संचालक पर अचानक हुए इस हमले से पीड़ित व उसका परिवार दहशत में हैं। पीड़ित रमजान ने थाना पर तहरीर देते हुए अज्ञात हमलावरों का पता लगाकर उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही किये जाने की गुहार लगाई है। बताते चलें कि बीते माह भी सुल्तानपुर से फिरोजाबाद के बीच रास्ते पर बदमाशों ने सडक पर लम्बी लकड़ी डालकर हरियाणा से मजदूरी कर लौट रहे ग्राम बडगांव तथा गांव रंडौल निवासी मजदूरों को हथियारों के बल पर आतंकित कर लूट की घटना को अंजाम दिया था। जिस सम्बन्ध में पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज किए जाने के पश्चात एक मोबाइल फोन बरामद करते हुए एक बदमाश तथा तीन बाल अपचारियों को गिरफ्तार किया गया था। लेकिन दो मोबाईल व इस घटना को अंजाम देने वाले अन्य बदमाशों को पुलिस अभी तक भी नहीं पकड़ पायी है।

# अपराधों पर अंकुश को शांति समिति की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** ग्राम बुड्डाखेड़ा में चिलकाना थाना प्रभारी द्वारा ग्रामीणों के साथ शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें नशा तस्करी, गोकशी, धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर तथा अन्य अपराधों पर ग्रामीणों के साथ गंभीरता से चर्चा की गयी।

मंगलवार को गांव के पंचायत घर में आयोजित की गई शांति समिति की बैठक को सम्बोधित करते हुए थाना प्रभारी विनोद कुमार ने कहा कि नशा तस्करों, गोकशी करने वालों व किसी भी प्रकार से शांति व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वाले लोगों की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ऐसे लोगों को किसी भी बख्शा नही जायेगा। उन्होंने सभी ग्रामीणों को सरकारी गाइड लाइन के अनुसार धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर न लगाने के लिए निर्देशित किया। इसके साथ साथ मिशन शक्ति टीम इंचार्ज महिला एसआई सुमन ने महिलाओं को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं तथा महिला हेल्पलाईन नम्बरो की जानकारी भी दी गई साथ ही पम्पलेट भी वितरित किये गए। इस दौरान ग्राम प्रधान जुलकरनैन तथा गाँव के गणमान्य लोगों के साथ साथ महिलाएं भी मौजूद रही।

## रोजगार मिशन आयोग कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न

**सहारनपुर।** मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन आयोग की जिला कार्यकारी समिति की बैठक आहूत की गयी।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश में रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों एवं श्रमिकों को देश-विदेश में रोजगार के अवसर प्रदान करने तथा गैर सरकारी क्षेत्र में अधिकाधिक रोजगार उपलब्ध कराये जाने के अवसर सृजित करने एवं इसमें सतत् अभिवृद्धि करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन का गठन किया गया है। मिशन में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत जनपद स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला कार्यकारी समिति का गठन किया गया है।

# युवकों की मौत मामले में दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** बीती रात हाइवे पर ट्रैक्टर ट्राली व बाइक की भिड़ंत में दो युवकों की मौत के मामले में मृतकों के परिजनों ने एक व्यक्ति को नामजद करते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज आगे की कार्रवाही शुरू कर दी है।

गौरतलब है कि सोमवार को देर शाम दिल्ली सहारनपुर हाइवे पर साई मंदिर के निकट गलत दिशा से आ रहे एक ट्रैक्टर व एक बाइक में जोरदार टक्कर हो गई जिसमें बाईक सवार दोनों युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई और बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके पर ट्रैक्टर छोड़ कर फरार हो गया।भयंकर दुर्घटना को देखते हुए राहगीरों की भीड़ जमा हो गई।सूचना पर कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर सत्येंद्र नागर पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुँचे।मृतकों की शिनाख्त रामपुर मनिहारान थानाक्षेत्र के गाँव पहाँसू निवासी लगभग 24 वर्षीय अमित पुत्र ऋषिपाल व लगभग 22 वर्षीय अतुल पुत्र मामचंद के रूप में हुई।पुलिस द्वारा मृतकों के परिजनों को घटना की सूचना दी।दोनों युवकों की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

मृतक अमित के पिता ऋषिपाल पुत्र धर्मपाल ने गाँव



हलगोया निवासी जाने आलम पुत्र इलियास के खिलाफ लापरवाही व तेज गति से ट्रैक्टर चलाने से टक्कर व मौत होने का आरोप लगाया है।पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाही शुरू कर दी है।

# कन्या भ्रूण हत्या सबसे बड़ा पापः आचार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** कथा वाचक ने कन्या भ्रुण हत्या को सबसे बडा पाप बताते हुए कहा कि इससे कई जन्मों में भी मुक्ति नही मिल सकती। यदि मनुष्य अपना सर्वस्व भी दान कर दे तो भी कन्यादान के समकक्ष पुण्य अर्जित नही कर सकता। कथा स्थल पर रूकमणी विवाह पर खुब श्रद्धालु झूमें।

मोहल्ला कानून गोयन स्थित होली चौंक पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा में कथा वाचक आचार्य सुभाश बहुगुणा ने रुक्मणी विवाह के प्रसंग की लीला का वर्णन किया। कथा स्थल पर रूकमणी विवाह के आयोजन ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। श्रीकृष्ण रुकमणी की वरमाला पर जमकर फूलों की बरसात हुई। कथा वाचक ने कहा कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण रुक्मणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है कथा श्रवण के दौरान स्थानीय महिलाओं पर पांडवों के भाव अवतरित हुए। उन्होंने श्री रुक्मणी विवाह महोत्सव प्रसंग पर व्याख्यान करते हुए कहा कि रुकमणी के भाई रुकमि ने उनका विवाह शिशुपाल के साथ सुनिश्चित किया था लेकिन रुक्मणी ने संकल्प लिया था कि वह शिशुपाल को नहीं केवल गोपाल को पति के रूप में वरण करेंगे। कथा वाचक ने कहा शिशुपाल असत्य मार्गी है और द्वारिकाधीश भगवान श्री कृष्ण सत्य मार्गी है इसलिए वो असत्य को नहीं सत्य को अपना एगी अंत भगवान श्री द्वारकाधीश ने रुक्मणी के सत्य संकल्प को पूर्ण किया और उन्हें पद्मी के रूप में वरण करके प्रधान पटरानी का स्थान दिया। रुक्मणी विवाह प्रसंग पर आगे कथा वाचक ने कहा इस प्रसंग को श्रद्धा के साथ श्रवण करने से कन्याओं को अच्छे घर और वर की प्राप्ति होती है और दांपत्य जीवन सुखद रहता है। उन्होने कहा कि कन्यादान दुनिया में सबसे बडा दान है, उनका कहना था कि यदि मनुष्य अपना सर्वस्व भी दान कर दे तो भी कन्यादान के समकक्ष पुण्य अर्जित नही कर सकता। कथा आरंभ होने से पूर्व कथा व्यास का स्वागत कर कथा वाचक को माला पहनाकर व्यास गद्दी पर बैठाया।



# शबरी को दिए नवधा प्रसंग का वृत्तांत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** रामकृष्ण सेवा समिति के तत्वाधान में चल रही थी राम कथा में कथा व्यास ने भगवान श्री राम के द्वारा माता शबरी को दिए नवधा प्रसंग का वृत्तांत सुनाकर सबको मंत्र मुक्त किया।

सुल्तानपुर नगर स्थित जैन धर्मशाला में चल रही श्री राम कथा में पंडित विपिन आनंद महाराज ने कहा कि नवधा भक्ति का उपदेश माता शबरी को भगवान श्री राम ने दिया जो भगवान के प्रति प्रेम और भक्ति के नौ प्रकारों को दर्शाता है। जिसमे श्रवण, कीर्तन, स्मरण, पादसेवन, अर्चन, वंदन, सख्य, आत्मनिवेदन यह सब भगवान की कृपा के सरल मार्ग है। इनका उपदेश भगवान राम ने माता शबरी को दिया था और शबरी के ऊपर विशेष अनुग्रह किया था। इस दौरान सामूहिक रूप से सभी भक्तजनों के द्वारा श्रद्धा एवं भक्ति पूर्वक श्री सुंदरकांड का पाठ किया गया।

एकता जन सेवा समिति के द्वारा कथा व्यास जी को पगड़ी तथा माला पहनाकर सम्मानित किया गया।कथा में मुख्य यजमान अजय शर्मा, पूजा शर्मा रहे। इस अवसर पर पंडित जगमोहन शर्मा, सुधीर कुमार जैन, राजकुमार सैनी, डा. हुकम सिंह सैनी, व्यापार मंडल अध्यक्ष युसूफ कुरैशी, बालकृष्ण शर्मा, अंकित सैनी, प्रदीप सैनी, राजीव जैन, निशांक जैन, सुरेश गुप्ता, मुल्कीराज, भारती सैनी, सुषमा सैनी, राकेश बाला, कविता सैनी, संतोष शर्मा, रक्षा त्यागी, सरोज शर्मा आदि मौजूद रहे।



## चार युवकों पर मारपीट का आरोप

**चिलकाना।** युवक ने गांव में आयोजित शादी समारोह में बज रहे डी जे को देखते समय गांव के ही चार युवकों द्वारा उसके साथ मारपीट करने तथा उसे झूठे केस में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

बुड्डाखेडा गांव निवासी पीडित हैदर पुत्र फुर्खान ने बताया है कि आठ नवंबर की रात्रि को वह गांव में ही एक शादी समारोह में डीजे देख रहा था, तभी उसके गांव निवासी चार आरोपी युवक सम्मी पुत्र गफ्फार, समीर पुत्र गफ्फार, सोनू पुत्र मुख्तियार व साहिब पुत्र इरशाद उसके पास आये तथा गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। पीड़ित का कहना है कि चारों युवकों ने उसे जान से मारने की धमकी के साथ साथ अपने घर की महिलाओं से झूठा केस लगवाने की धमकी भी दी।

पीड़ित का कहना है कि उक्त चारों आरोपी उसके साथ पहले भी मारपीट व उसकी पिकअप में तोड़फोड़ कर चुके हैं, जिस सम्बन्ध में पुलिस द्वारा मुकदमा भी दर्ज किया गया था। थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया है कि पीड़ित की तहरीर पर चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी गयी।

# नगर पालिका गंगोह की बैठक में करोड़ों रुपये के प्रस्ताव पारित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** नगर पालिका परिषद की बैठक में करोड़ों रुपए के प्रस्ताव ध्वनि मत से पारित हो गए। जनहित में और सामाजिक हित के भी कई निर्णय सौहार्दपूर्ण माहौल में लिए गए।

नगर पालिका परिषद बोर्ड की बैठक में लगभग 4 करोड80 लाख रुपयें के 91 निर्माण कार्यो के प्रस्ताव मात्र 30 मिनट में पारित कर दिये गये। इसके अतिरिक्त पालिका व जनहित के दृष्टिगत गृहकर व जलकर के भुगतान हेतू दी जाने वाली छूट की समयावधि जनवरी तक बढा दी गई है। बोर्ड बैठक में सौहार्द को बढाने के लिए नगर में होने वाले हजरत कुतबे आलम के उर्स और मां भगवती मेलें में आलइंडिया मुशायरा व कवि सम्मेलन नगरपालिका के माध्यम से कराने का निर्णय करतल ध्वनि से पारित किया गया। बैठक में आय व्यय के ब्यौरे के साथ पथप्रकाश की पुरानी जनरेटर लाईन बदलवाने, हाईडोलिक चौन कुप्पी खरीदने, अलाव व रैनबसेरे की व्यवस्था की स्वीकृति दी गई। प्रत्येक वार्ड के कुछ गरीब लोगों के टैक्स जांच के दायरे में लेकर माफी कराने का भी निर्णय लेने की बात हुई। अध्यक्षता चेयरमैन साजिया मलिक व संचालन ईओ लोकेन्द्र सिंह ने किया। पूर्व चेयरमैन नोमान मसूद ने धार्मिक मेलो में कवि सम्मेलन और मुशायरा कराने का प्रस्ताव रखा जिसे ध्वनि मत से पारित किया गया, नीरज अग्रवाल, अजय कुमार, गुरमीत, प्रियंका, शालू पंवार, सितारा, जिशान, सारिक, शहजादी, फरहा, पहल सिंह, नफीस, सबा प्रवीण, हमजा मसूद, हारुण, शक्ति सिंह, आशीष गर्ग व जेई महेश, टीएस पुष्पेन्द्र सिंह, हरपाल सिंह, कासिफ कुदुसी, शाहनवाज, दानिश रहें।

## निस्तारण के निर्देश

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने म्यूटेशन मामलों की विस्तार से जानकारी लेते हुए म्यूटेशन के निर्विवाद मामलों को निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारित करने के निर्देश दिए।

आज जनसुनवाई में आयी चार समस्याओं के निस्तारण के लिए उन्होंने विद्युत व अतिक्रमण प्रभारी को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए। वार्ड 39 के सुपन कुमार ने पेपर मिल रोड स्थित रामूगेट पर खाली पडे्ष प्लाट से अतिक्रमण हटवाने तथा न्यू मक्खन नगर निवासी चंद्रजीत सिंह निक्कू ने कॉलोनी की सड़क पर बनी अवैध दुकानों को हटवाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया जिस पर नगरायुक्त ने अतिक्रमण प्रभारी को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके अलावा वार्ड 16 साउथ सिटी निवासी दीपक गोयल ने दिल्ली रोड स्थित साउथ सिटी पार्क की बंद पड़ी लाइटों को ठीक कराने तथा वार्ड 21 टैगोर गॉर्डन पेपर मिल रोड निवासी ऋषिपाल सिंह ने पेपर मिल रोड पर खंभों पर लगी लाइटों को खंभों से हटाकर दीवार पर लगाने के लिए प्रार्थना पत्र दिए।

# कैडेट्स को कराया फायरिंग का अभ्यास



**गंगोह।** हिंदू राष्ट्रीय इंटर कालेज में 86 यू पी बटालियन एनसीसी के 10 दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन कैडेट्स को विभिन्न प्रकार की आग, उन्हें बुझाने के तरीकों का डेमों देकर दिखाया गया, साथ ही कैडेट्स को फायरिंग का अभ्यास कराया गया।

शिविर में फायर ऑफिसर विनय धनगर, फायर मैन अंकित चौधरी, अमित कुमार, अश्वनी मालिक ने कैडेट्स को फायर क्या होती है, फायर के प्रकार और उन्हें बुझाने की विभिन्न विधियां का डेमों के प्रदर्शन के साथ समझाया। विशेष कैंप प्रभारी कैप्टन अखिलेश श्रीवास्तव ने कैडेट्स को ड्रिल की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए उन्हें ड्रिल का अभ्यास कराया। कैंप एडजुडेंट कैप्टन गौरव मिश्रा और लेफ्टिनेंट आकाश जैन ने कैडेट्स के मध्य क्विज कंपटीशन का आयोजन किया। कैडेट्स को भारतीय सेना में भर्ती के विभिन्न तरीकों और टेस्ट तथा एस एस बी इंटरव्यू के विषय में भी विस्तृत जानकारी दी गई। सूबेदार मेजर नीरज चौहान और बी एच व शूरवीर सिंह, सूबेदार राजेंद्र सिंह, सूबेदार संजय भट्ट, सूबेदार गुरनाम सिंह, हवलदार जगसीर सिंह, हवलदार जगदीश सिंह, संजय सैनी के नेतृत्व में भारतीय सेना द्वारा आतंकवादियों को विरुद्ध चलाए जाने वाले ऑपरेशन का डेमों भी कैडेट्स द्वारा दिखाया गया, जिसे सभी ने बहुत सराहा। इस मौके पर लेफ्टिनेंट संदीप मोगा, डॉ अनिल जोशी, डॉ जैनेश कुमार, डॉ अरुण शर्मा, प्रधानाचार्य विजय कुमार, सुहेल अहमद, नवीन गुप्ता, प्रविन्द्र चौधरी आदि मौजूद रहे।

**सूचना**

मैने अपना नाम FURQAN AHAMAD KHAN से बदलकर FURQAN AHMED KHAN रख लिया है। भविष्य में मुझे FURQAN AHMED KHAN के नाम से जाना व पहचाना जाये।

**फुरकान अहमद खान पुत्र श्री आबाद अहमद निवासी के ई/9 कृष्णा एन्कलेव ग्रीन सिटी, बेहट रोड, सहारनपुर।**

## महिला सहित चार गिरफ्तार

**सहारनपुर।** थाना गागलहेड़ी पुलिस ने दो महिला समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नशाीला पदार्थ व अवैध तमंचा मय जिंदा कारतूस बरामद करने में सफलता हासिल कर ली।

थाना गागलहेड़ी पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक प्रवेश कुमार व उपनिरीक्षक राकेश शर्मा के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर चौकिंग के दौरान दो महिला नशा तस्करों रूबीना पत्नी शहबान व शमीना पत्नी सलीम निवासीगण मौहल्ला सनसिटी कालोनी कस्बा व थाना गागलहेड़ी को मौहल्ला सनसिटी कालोनी कस्बा गागलहेड़ी से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से क्रमशः 11.50 ग्राम व 12 ग्राम अवैध स्मैक बरामद कर ली। इसी थाना पुलिस ने उपनिरीक्षक रामचरण सिंह के नेतृत्व में चौकिंग के दौरान एक शातिर आरोपी साकिब पुत्र मुर्सलीन निवासी मोहम्मदपुर थाना जनकपुरी को हाइवे से उग्राहू की तरफ जाने वाले रास्ते से दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद कर लिया। इसके अलावा गागलहेड़ी पुलिस ने ही उपनिरीक्षक सौरभ यादव के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर चौकिंग के दौरान एक वारंटी आरोपी बाबूराम पुत्र रोढ़ा निवासी ग्राम चोराखुर्द थाना गागलहेड़ी को ग्राम चोरा खुर्द से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सभी आरोपियों को वांछित धाराओं में चालान कर जेल भेज दिया।

**कार्यालय सहारनपुर विकास प्राधिकरण, सहारनपुर।**

पत्रांक 2164 / स.वि.प्रा./ जोन-07/2025-26 दिनांक 11.11.2025

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि श्रीमती नीलम मक्कड पत्नि श्री राजकुमार मक्कड, श्री राहुल मक्कड पुत्र श्री राजकुमार मक्कड व श्री राजकुमार मक्कड पुत्र स्व. श्री हसंराज मक्कड द्वारा खसरा संख्या 1600 (रदीफ), ग्राम दरा कोटतला स्वाद, मौहल्ला कृष्णा नगर, सहारनपुर में 84.56 वर्गमीटर भूखण्ड क्षेत्रफल पर ऑनलाईन मानचित्र संख्या एसडीए/बीपी/25-26/0158 भूतल पर व्यवसायिक (दुकान जनरल प्रोविजन स्टोर) व ऊपर तल पर आवासीय क्रिया की स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किया गया है। सहारनपुर महायोजना-2031 में प्रश्नगत स्थल का भू-उपयोग 'निर्मित क्षेत्र' के अन्तर्गत आता है। जोनिंग रेगुलेशन्स के प्राविधानों के अनुसार निर्मित क्षेत्र भू-उपयोग में व्यवसायिक (दुकान) क्रिया अनुमन्य है।

अतः प्रश्नगत स्थल पर उपर्युक्त विचाराधीन मानचित्र की स्वीकृति के सम्बंध में यदि किसी की कोई आपत्ति/सुझाव हो, तो सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तिथि के एक माह के अन्दर उपाध्यक्ष, सहारनपुर विकास प्राधिकरण, सहारनपुर के कार्यालय में उपलब्ध करा सकते हैं।

**उपाध्यक्ष सहारनपुर विकास प्राधिकरण, सहारनपुर।**

## कार्यालय उप निदेशक ( निर्माण )
### राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ.प्र.
### नवीन मण्डी स्थल, चिलकाना रोड, सहारनपुर।

पत्रांक निर्माण/स.पुर/निविदा/2025-701 दिनांक:-11-11-2025

**ई-निविदा सूचना**

मण्डी परिषद निर्माण खण्ड, सहारनपुर के क्षेत्रान्तर्गत अधोलिखित कार्य हेतु वित्तीय रुप से सुदृढ एवं अनुभवी मण्डी परिषद में पंजीकृत ठेकेदारों से ई-निविदा दिनांक 02.12.2025 को शाम 5.00 बजे तक ऑनलाइन आमन्त्रित की जाती है। आनॅलाइन निविदा www.etender.up.nic.in पर दिनांक 18.11.2025. को अपरान्ह 2.00 बजे से दिनांक 02.12.2025 की शाम 5.00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 03.12.2025 को पूर्वान्ह 11.00 बजे खोली जायेगी एवं तकनीकी बिड उपयुक्त पाये जाने के उपरान्त वित्तीय बिड दिनांक 03.12. 2025 को अपरान्ह 2.00 बजे अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में खोली जायेगी। उक्त निर्धारित तिथि को कोई सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाने की दशा में अगले कार्य दिवस में उक्त निर्धारित समय के अनुसार ही तकनीकी बिड व वित्तीय बिड खोली जायेगी। कार्य का विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. स. | कार्य का विवरण | निर्माण कार्य की अनुरक्षण लागत सहित (लाख रू. में) | धरोहर धनराशि (लाख रु.में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य+ जी.एस.टी. (रु.में) | कार्य पूर्ण करने की तिथि | निविदा की वैधता | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मण्डी समिति, मुजफ्फरनगर के क्षेत्रान्तर्गत भदौला फार्म से दादूपुर होते हुए गुरुद्वारा मार्ग तक सम्पर्क मार्ग की मरम्मत / पुर्ननिर्माण कार्य। Tender Id 2025_RKUMP 1089470 | 62.75 | 6.28 | 9500+1710 | तीन माह | 90 दिन | 'स' |
| 2 | मण्डी समिति, शाहपुर के क्षेत्रान्तर्गत जौला से विज्ञाना तक सम्पर्क मार्ग की मरम्मत / पुर्ननिर्माण कार्य। Tender Id 2025_RKUMP 1089473 | 38.48 | 3.85 | 5800+1044 | तीन माह | 90 दिन | 'द' |
| 3 | मण्डी समिति, खतौली के क्षेत्रान्तर्गत टबीटा से ककराला तक सम्पर्क मार्ग की मरम्मत / पुर्ननिर्माण कार्य। Tender Id 2025_RKUMP 1089474 | 37.65 | 3.77 | 5700+1026 | तीन माह | 90 दिन | 'द' |

**नोट-**

1- निविदा के साथ नॉन रिफेडेबिल निविदा मूल्य ऑनलाइन भारतीय स्टेट बैंक (IFSC Code SBIN0006688) के खाता संख्या 30394554900 में जमा कराकर रसीद ई-निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा।

2- धरोहर धनराशि की धनराशि ऑनलाइन भारतीय स्टेट बैंक (IFSC Code SBIN0006688) के खाता संख्या 30394554966 में जमा कराकर रसीद ई-निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा।

3- ई-निविदा स्वीकृति / अस्वीकृति करने का पूर्ण अधिकार उप निदेशक (निर्माण), मण्डी परिषद, सहारनपुर को होगा।

4- परिषद पत्रांकः मु.अभि.-2/ (1168) भाग-4/2005)/2022-1190 दिनांक 17.11.2022 द्वारा निविदाओं की पारदर्शी बनी रहे तथा और अधिक प्रतिस्पर्धात्मक दरें प्राप्त हो सके, मण्डी परिषद में पंजीकृत अन्य श्रेणी के ठेकेदार Standard Bidding Documents (S.B.D) में Qualification of Bidders के section 4.6 में दी गई व्यवस्था के अनुसार निविदाओं में प्रतिभाग कर सकेगें।

5- मुख्य नियम व शर्ते एवं सामान्य नियम व शर्ते कार्यालय अवधि में तथा वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर एवं उक्त निर्धारित अवधि में ऑनलाइन देखी/डाउनलोड की जा सकती है।

**उप निदेशक ( निर्माण )**

# दिल्ली धमाके के बाद खुफिया विभाग अलर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** सहारनपुर से कश्मीरी चिकित्सक की गिरफ्तारी और उसके बाद दिल्ली में हुए धमाके का कनेक्शन जनपद से जुड़ने के बाद खुफिया विभाग की इकाईयां अलर्ट हो गई। उच्चाधिकारियों के निर्देश के बाद जनपद विशेषकर देवबंद में रह रहे कश्मीरियों के रिकॉर्ड खंगाले जाने के साथ ही पुलिस ने रेलवे स्टेशन एवं बस अड्डों पर संदिग्धों से पूछताछ की ओर उनके सामान की चेकिंग का अभियान चलाया।

हाल ही में सहारनपुर से कश्मीरी चिकित्सक की गिरफ्तारी और उसके बाद दिल्ली में हुए बम धमाकों के बीच गहरा संबंध सामने आया है। यह खुलासा होते ही खुफिया विभाग की विभिन्न इकाइयां इस मामले की गहराई से छानबीन में जुट गई हैं। विशेष रुप से देवबंद में रह रहे कश्म. ीरियों के रिकॉर्ड की जांच की जा रही है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि का



पता लगाने के लिए खुफिया विभाग के अधिकारी जनपद विशेषकर देव. बंद में रहने वाले कश्मीरियों का रिकॉर्ड खंगालने के काम पर लग गई है। गोपनीय तरीके से मदरसों और मेडिकल कॉलेजों में पढ़ने वाले कश्मीरी छात्रों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। इतना ही नहीं खुफिया विभाग के अधिकारियों ने शहर में किराये के कमरों में रहने वाले कश्मीरी छात्रों के बारे में मकान मालिकों से जानकारी जुटाई। **उधर,** दिल्ली में हुए धमाके को लेकर हाई अलर्ट जारी होने के बाद देर रात पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सागर जैन देवबंद पहुंचे और फोर्स के साथ नगर में पैदलमार्च किया। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा, उत्तराखंड बॉर्डर पर पुलिस ने सभी आने जाने वाले वाहनों में सघन चेकिंग अभियान चलाया। इसके अलावा पुलिस ने रेलवे स्टेशन और बस अड्डों पर संदिग्धों से पूछताछ की ओर उनके सामान की चेकिंग की। होटलों में भी पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया।

# कूड़े की गाड़ी में लगी आग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में लगी आग का वायरल वीडियो में गाड़ी में पड़ा कूड़ा लपटो के साथ जल रहा है लेकिन कोई भी कर्मचारी आग बुझाने का प्रयास करता हुआ नहीं दिख रहा है।

मोहल्ला ख्वाजबख्श स्थित काजी मस्जिद के निकट खड़ी नगर पालिका की कूड़ उठाने वाली गाड़ी में आग लगने का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ जिसमे पालिका की कूड़ा उठाने वाली गाडी में तेज लपटे उठती दिखाई दे रही हैं। लेकिन गाड़ी पर तैनात कोई भी कर्मी आग को बुझाता नहीं दिख रहा है। इतना ही नहीं आग की लपटे इतनी ऊंची थी सड़क पर फैले बिजली के केबिल भी उसकी चपेट में आ सकते थे। इतना ही नहीं गाड़ी में भी आग लग सकती थी जिससे कोई बड़ा हादसा हो सकता था। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि



आग लगी गाड़ी के ठीक ऊपर बिजली के तार गुजर रहे हैं। इस स्थिति में आग फैलने से बड़ा हादसा हो सकता था, जिसमें गाड़ी में विस्फोट होने या बिजली के तारों में आग लगने का खतरा था। पालिक. ाध्यक्ष विपिन गर्ग ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है। आग के कारणो की जांच कराए जाने को निर्देशित किया गया है। यदि पालिका के सफाईकर्मी इसके जिम्मेदार होंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। हालांकि उनके मुताबिक उन्हें बताया गया है कि किसी ने जलता हुआ कूड़ा गाडी में डाल दिया। जिससे आग भड़क गई।

# मजलिस-ए-आमला की बैठक में की शूरा के पूर्व में लिए गए निर्णयों की समीक्षा



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** विश्व विख्यात इस्लामिक शिक्षण संस्था दारुल उलूम की मजलिस ए आमला की आयोजित दो दिवसीय बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आमला के सदस्यों ने पूर्व में हुई शूरा की बैठक में लिए गए निर्णयों की समीक्षा की। साथ ही शिक्षा के स्तर को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए दिशा निर्देश दिए।

दारुल उलूम देवबंद के अतिथि गृह में दो चरणों में संपन्न हुई मजलिस ए आमला की बैठक में संस्था के विभागाध्यक्षों ने अपनी अपनी रिपोर्ट पेश की। आमला सदस्यों ने पूर्व में हुई शूरा की बैठक में लिए गए निर्णयों पर हुए कार्यों की समीक्षा की और सभी कार्यों में तेजी लाने के लिए निर्देश दिए। चर्चा है कि आमला सदस्यों ने शिक्षा विभाग, तंजीम व तरक्की व अकाउंट विभाग के संबंध में प्राप्त हुई शिकायतों पर गहन विचार विमर्श करते हुए जिम्मेदारों के पैच भी कसे। अध्यक्षता दारुल उलूम देव. बंद के सदर मुदर्रिस एवं जमीयत अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने की। बैठक में मुफ्ती अबुल कासिम नौमानी, पूर्व राज्यसभा सदस्य एवं जमीयत अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी, एआईयूडीएफ के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद मौलाना बदरुद्दीन अजमल, मालेगांव महाराष्ट्र से एआईएमआईएम के विधायक मुफ्ती इस्माईल मालेगांव, मौलाना रहमतुल्लाह कश्मीरी, मौलाना अनवारुल रहमान बिजनौरी, मौलाना मलिक इब्राहीम और मौलाना महमूद राजस्थानी मौजूद रहे। अंत में देश व दुनिया में अमन सुकून और समृद्धि के लिए दुआ की गई।

# डा. प्रदीप वर्मा की माता के निधन पर जताया दुख

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** स्कूल के चेयरमैन डा. प्रदीप वर्मा की माता का निधन हो जाने पर सामाजिक व राजनेतिक लोगो ने दुख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

दून हिल्स एकेडमी के चेयरमैन डा. प्रदीप वर्मा की माता शकुंतला देवी का देहांत हो गया वह 80 वर्ष की थी। नागल थाना क्षेत्र के गांव शीतला खेड़ा स्थित निज निवास पर उन्होंने अपने जीवन की अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर पर राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह, प्रख्यात शायर डा. नवाज देवबंदी, पालिक. ाध्यक्ष विपिन गर्ग, व्यापारी नेता मनोज सिंघल, समाजसेवी श्याम कुमार अग्रवाल, मंच संस्थापक अरुण अग्रवाल आदि ने शोक व्यक्त किया है।

**देवबन्द।** खेल प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा दिखाई।

मुजफ्फरनगर हाईवे स्थित आरके पब्लिक स्कूल प्रागण में चल रही खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन छात्र-छात्राओं ने सो मीटर दौड़, लंबी कूद, कबड्डी, खो-खो, फुटबॉल, रिले रेस आदि प्रतियोगिताओं में भाग लिया। विद्यालय चेयरमैन राजेश चौहान, डा. कुलदीप राणा व प्रधानाचार्या मो. निका कपूर ने विद्यार्थियों खेल को आवश्यक बताते हुए शारीरिक स्वास्थ्य के लिए जागरुक किया। इस दौरान समस्त स्टाफ शामिल रहा।

# बिहार विधानसभा में मजलिस पहले से बेहतर करेगी प्रदर्शन: इस्माईल

**देवबन्द।** विश्व विख्यात इस्लामिक शिक्षण संस्था दारुल उलूम की मजलिस-ए-शूरा के सदस्य एवं मालेगांव विधानसभा से ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुसलीमीन (एआईएमआईएम) के विधायक मौलाना मुफ्ती इस्माईल मालेगांव ने कहा है कि बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे मजलिस के लिए उत्साहजनक साबित होंगे। दारुल उलूम की मजलिस-ए-आमला की आयोजित बैठक में शामिल होने के लिए देवबंद पहुंचे मौलाना इस्माईल मालेगांव ने विश्वास जताया कि इस बार पार्टी पिछले चुनावों से बेहतर प्रदर्शन करेगी। इस बार मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुसलीमीन ने 26 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं, उम्मीद है कि 8 से 10 उम्मीदवार जीतकर विधानसभा पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि जो लोग मुस्लिम वोटों को वोट बैंक की तरह इस्तेमाल करते रहे हैं वही लोग मजलिस पर तरह-तरह के आरोप लगा रहे हैं। जबकि सच्चाई यह है कि मजलिस पूरी गंभीरता और ईमानदारी के साथ लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेती है और हमारा राजनीतिक दायरा दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा है। मुफ्ती इस्माईल ने कहा कि बिहार के नतीजे पार्टी के प्रभाव को और बढ़ाएंगे। मजलिस हर शोषित, पिछड़े और वंचित वर्ग की आवाज बनकर उभरी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी और सभी विधानसभा सदस्य जनता के मुद्दों को सड़क से लेकर संसद और विधानसभा तक पूरी ताकत से उठाते हैं।


**न्यायालय अपर आयुक्त (प्रशासन) द्वितीय सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर।**

निगरानी संख्या- सी-202509000000159

अन्तर्गत धारा-210 उ0प्र0 राजस्व संहिता, 2006 ग्राम तिपरपुर परगना तहसील व जिला सहारनपुर।

मौ0 तौसीफ **बनाम** इरशाद अहमद आदि

**नोटिस बनाम**

1- इरशाद अहमद पुत्र दिलदार हसैन निवासी चौक बाजदारान जिला सहारनपुर 2- मसूद प्रवेज पुत्र इजहार अहमद निवासी रामपुर मनिहारान परगना तहसील रामपुर मनिहारान जिला सहारनपुर द्वारा मुख्त्यारेखास 3-श्रीमती शगुफ्ता बानो पत्नी शमशाद अहमद 4 मौ0 बरसार पुत्र शमशाद अहमद 5-कु0 सलमा 6- कु0 सदफ पुत्रियां शमशाद अहमद निवासीगण चौक बाजदारान, सहारनपुर 7-साबिस्तानाज पुत्री खलील अहमद निवासी मौ0 सराय हिसामुद्दीन तहसील व जिला सहारनपुर 8-राशिद पुत्र आबिद निवासी सलेमपुर गाडा परगना तहसील व जिला सहारनपुर 9-भूमि प्रबन्धक समिति ग्राम तिपरपुर द्वारा चेयरमैन भूमि प्रबन्धक समिति ग्राम प्रधान, ग्राम तिपरपुर तहसील व जिला सहारनपुर। .........विपक्षीगण

प्रस्तुत निगरानी, निगरानीकर्ता 1-मौ0 तौसीफ पुत्र मासूक अली निवासी ग्राम धानाखण्डी परगना तहसील व जिला सहारनपुर ने न्यायालय अपर उपजिलाधिकारी सहारनपुर के वाद संख्या-टी- 202109600107371/2021, धारा-35(2) उ0प्र0 राजस्व संहिता-2006, श्रीमती शगुफ्ता बानो आदि बनाम इरशाद अहमद आदि में पारित आदेश दिनांक 18.10.2024, वाद संख्या- टी- 20210960010775 2/2021, धारा-35(2) उ0प्र0 राजस्व संहिता-2006, श्रीमती शगुफ्ता बानो आदि बनाम शबिस्तानाज में पारित आदेश दिनांक 18-10-2024, वाद संख्या-टी-202109600107753/2021, धारा-35(2) उ0प्र0 राजस्व संहिता-2006, श्रीमती शगुफ्ता बानो आदि बनाम राशिद में पारित आदेश दिनांक 18-10-2024, वाद संख्या-टी-2021 09600107754/2021, धारा-35 (2) उ0प्र0 राजस्व संहिता-2006, श्रीमती शगुफ्ता बानो आदि बनाम इरशाद अहमद में पारित आदेश दिनांक 18-10-2024, वाद संख्या-टी-202109600107 187/2018, धारा-34/35 उ0प्र0 राजस्व संहिता-2006, श्री इरशाद बनाम शमशाद के विरूद्ध निगरानी इस न्यायालय में योजित हुई है, जिसमें आपको भी पक्षकार बनाया गया है, तथा इस निगरानी न्यायालय में योजित हुई है, जिसमें आपको भी पक्षकार बनाया गया है तथा इस निगरानी में दिनांक 13-11-2025 नियत है।

अत: इस नोटिस सूचना के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 13-11-2025 को प्रात: 10:00 बजे अपने अधिवक्ता सहित निगरानी में पैरवी हेतु न्यायालय में उपस्थित हों। यदि सूचना के बाद आप उपस्थित नहीं होते हैं तो यह समझा जायेगा कि आपको इस सम्बन्ध में कुछ नहीं कहना है, तथा न्यायालय द्वारा आदेश पारित किये जायेंगे। दिनांक:-06-11-2025

आज्ञा से

अपर आयुक्त (प्रशासन) द्वितीय सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर।


# असहाय व जरूरतमंद लोगों को भोजन किया वितरित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** समाजसेवी संगठन मानव कल्याण मंच महिला मंडल ने नर सेवा नारायण के तहत शुक्रताल धाम स्थित अपना घर आश्रम में शारीरिक व मान. सिक रूप से असहाय लोगों को भोजन खिलाया।

मानव कल्याण मंच के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में संस्थापक अरुण अग्रवाल ने कहा कि अक्षम व्यक्तियों की सेवा करने से बड़ा कोई और पुण्य कार्य नहीं है। इसलिए सबको गरीब व असहाय लोगो की मदद करने के लिए आगे आना चाहिए। महिला मंडल की पूर्व अध्यक्षा प्रतिभा जैन ने कहा कि जरूरतमंद व निर्धन व्यक्ति कि सहायता करने से समाज के गरीब लोगो की उन्नति में योगदान दिया जा सकता है। इसलिए समय-समय पर लोगो की सहायता के लिए इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना चाहिए। महासचिव ममता वर्मा ने कहा कि मंच का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े असहाय व जरूरतमंद तक मदद पहुंचाना है। अपना घर आश्रम के संच. ालक अजय मित्तल ने बताया कि आश्रम में करीब




450 लोग रह रहे हैं। ये असहाय जीवन जीने वाले वंचित, शक्तिहीन, अक्षम व लाचार लोग हैं जिन्हें आश्रम में प्रभु जी कहा जाता है। बताया कि ऐसे लोगों को अपना घर सक्षम बनाने की मुहिम में लगा हुआ है। इस अवसर पर मंच के पदाधिकारी व सदस्य शामिल रहे।

# शिक्षा के बिना कोई समाज तरक्की नहीं कर सकता



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** सामाजिक संस्था नजर फाउंडेशन द्वारा यौम-ए-उर्दू (उर्दू दिवस) और यौम-ए-तालीम के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमे शायरों और सामाजिक संगठनों के लोगों ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान शायरों ने कलाम सुनाकर उर्दू की खुश्बू फैलाई।

मोहल्ला खानकाह स्थित कार्यालय पर हुए कार्यक्रम में मौलाना शाहआलम गोरखपुरी ने कहा कि अल्लामा इकबाल का लिखा गीत सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तां हमारा हर भारतीय के दिल की धड़कन है। देवबंद से ही शायर इकबाल को अल्लामा की उपाधि मिली थी, अल्लामा अनवर शाह कश्मीरी ने उन्हें यह उपाधि दी थी। नगर फाउंडेशन के चेयरमैन नजम उस्मानी ने कहा कि सभी को चाहिए कि वह शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें। अभिभावकों को चाहिए कि वह बेटों की तरह बेटियों पढ़ाई पर भी विशेष ध्यान दें, क्योंकि एक बेटी के शिक्षित होने से कई परिवार शिक्षित होते हैं। उद्यमी जर्रार बेग और ताहिर हसन शिबली ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में स्थानीय शायर अब्दुल्ला राज, तनवीर अजमल, समर कविश, जकी अंजुम, सरवर देवबंदी, डॉ. सादिक देवबंदी और शमीम किरतपुर ने कलाम पेश कर उर्दू से मोहब्बत का इजहार किया। संस्था की ओर से शायरों को सम्मानित किया गया। संचालन नबील मसूदी व जकी अंजुम ने संयुक्त रुप से किया। इस मौके पर कमर उस्मानी, हसीन अहमद, शाहनवाज उस्मानी, अब्दुल्ला शहजाद, नबील उस्मानी आदि मौजूद रहे।

# दो बाइकें भिड़ी, तीन की मौत





**मुजफ्फरनगर।** मंगलवार देर शाम शाहपुर थाना क्षेत्र में गांव तावली के पास दो बाइक आपस में टकरा गई। हादसे में बाइक पर सवार महिला सांझक निवासी रुकसाना (45) व उसके बेटे प्रवेज (21) तथा दूसरी बाइक पर सवार भौरा कलां के गांव सदरुदीन नगर निवासी देवा (21) की मौत हो गई। और उसके दो साथी घायल हो गए। महिला अपने मायके बागपत के गांव असारा में मौत शामिल होकर अपने बेटे के साथ गांव वापस लौट रही थी। शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव सांझक निवासी रुकसाना का मायका बागपत के गांव असारा में है। वहां पर महिला के एक रिश्तेदार की मौत हो गई थी। वह अपने बेटे प्रवेज के साथ वहां से देर शाम वापस लौट रही थी। उनकी बाइक मुजफ्फरनगर शाहपुर मार्ग पर गांव तावली के पास सामने से आ रही बाइक के साथ टकरा गई। दूसरी बाइक पर तीन युवक सवार थे। दोनों बाइकों के टकराने पर मां बेटा व तीनों युवक घायल हो गए। हादसे को देखकर राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी । शाहपुर थाने की हरसौली चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने मां बेटे व दूसरी बाइक पर सवार भौरा कलां के गांव सदरूदीन नगर निवासी देवा को मृत घोषित कर दिया। दो अन्य युवक उपचार के लिए दूसरे अस्पताल में चले गए। थाना पुलिस ने बताया कि हादसे में एक महिला सहित तीन लोगों की मौत हुई है। अभी तहरीर नही आई है।

# एनसीसी कैडेट्स ने निकाली रैली

शाह टाइम्स संवाददाता

**स्योहारा।** राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोमवार को एमक्यू इंटर कॉलेज एवं आरएसपी इंटर कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स द्वारा एक भव्य रैली का आयोजन किया गया।

यह रैली 32 उत्तर प्रदेश वाहिनी एनसीसी धामपुर के कमान अधिकारी के दिशा-निर्देशन में तथा एमक्यू इंटर कॉलेज के कैप्टन मौहम्मद यूनुस एवं आरएसपी इंटर कॉलेज के लेफ्टिनेंट धीरज शर्मा के नेतृत्व में निकाली गई।

07 नवंबर 2025 को राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की रचना को 150 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस गीत की रचना बंकिम चंद्र चटर्जी ने 7 नवंबर 1875 ई में संस्कृत भाषा में की थी। इसे



पहली बार वर्ष 1882 में उनके प्रसिद्ध उपन्यास आनंद मठ में प्रकाशित किया गया था। वर्ष 1896 में रवीन्द्रनाथ टैगोर ने कांग्रेस अधिवेशन में इसे पहली बार गाया था। 24 जनवरी 1950 को वंदे मातरम को राष्ट्रीय गीत के रूप में स्वीकार किया गया। आजादी के समय यह गीत देश भक्ति का प्रतीक रहा है और आज भी राष्ट्रप्रेम की भावना को प्रबल करता है।

राष्ट्रीय गीत के प्रचार-प्रसार हेतु भारत सरकार द्वारा पूरे देश में रैली, पोस्टर प्रतियोगिता व नाटक आदि कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में स्योहारा में आयोजित यह रैली आरएसपी इंटर कॉलेज से प्रारंभ होकर बिरला कन्या इंटर कॉलेज, ठाकुर मंदिर मार्ग होते हुए पुन: आरएसपी इंटर कॉलेज पर समाप्त हुई।

रैली के दौरान एनसीसी कैडेट्स ने अपने हाथों में वंदे मातरम से संबंधित तख्तियां थाम रखी थी और वंदे मातरम के जयघोष से वातावरण गुंजायमान कर दिया।

## 15 नवम्बर तक बंद रहेगा नहटौर रेलवे फाटक

**धामपुर।** नहटौर रेलवे फाटक पर मरम्मत कार्य के चलते यातायात प्रभावित रहेगा। रेलवे प्रशासन ने इस फाटक को 15 नवंबर तक बंद रखने का निर्णय लिया है। सोमवार से इस रूट पर मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया है, जो लगातार अगले कई दिनों तक जारी रहेगा। रेलवे विभाग ने बताया कि फाटक की स्लीपर और ट्रैक मरम्मत के कारण क्रॉसिंग पूरी तरह से बंद रखी जाएगी। विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि मरम्मत कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए लोग वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें। फिलहाल राहगीरों और वाहनों को ओवरब्रिज अथवा जैतरा रेलवे फाटक के रास्ते से गुजरना होगा।

## सपा की नई टीम का गठन

**धामपुर।** समाजवादी पार्टी ने संगठन को मजबूती देने के लिए नई टीम का गठन किया है। मोहल्ला बन्दूकचियान स्थित अजीम राणा के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में सपा के जिला अध्यक्ष आसिफ अंसारी ने कई पदाधिकारियों की घोषणा की। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम में नगीना निवासी मीर सराई को जिला महासचिव नियुक्त किया गया।

# खाना बनाते समय चूल्हे में गिरी महिला की मौत

**स्योहारा।** क्षेत्र के गांव बेरखेड़ा में खाना बनाते समय चूल्हे में गिरकर झुलसी एक महिला की मौत हो गई। हादसे के वक्त घर में कोई मौजूद नहीं था गंभीर रूप से झुलसी महिला को इलाज के लिए दिल्ली ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। ग्राम बेरखेड़ा निवासी दयावती (60) पत्नी गोपाल रविवार को घर में चूल्हे पर खाना बना रही थी। तभी अचानक उन्हें दौरा पड़ गया और वे सीधे जलते चूल्हे में गिर पड़ीं कुछ देर बाद देवर का बेटा घर पहुंचा तो उसने देखा कि दयावती आग की लपटों में घिरी हुई हैं। उसने शोर मचाया तो आस-पड़ोस के लोग दौड़ पड़े और किसी तरह आग बुझाकर महिला को बाहर निकाला।

## बेटे की शादी की खुशियां मातम में बदली

**स्योहारा।** दयावती की मौत ने पूरे परिवार और गांव को गमगीन कर दिया। बताया गया कि उनके बड़े बेटे का रिश्ता तय होने वाला था, जिसकी तैयारियां घर में चल रही थीं। शादी से कुछ दिन पहले ही मां की मौत से खुशियों का माहौल मातम में बदल गया। दयावती के पांच बेटियां और दो बेटे हैं। बेटियां विवाहित हैं जबकि दोनों बेटे अविवाहित हैं।

# ब्लॉक परिसर में भाकियू की बैठक

**नहटौर।** ब्लॉक परिसर में भाकियू टिकैत की बैठक में शुगर मिल की पर्ची पर गन्ने का मूल्य अंकित कराए जाने, स्मार्ट मीटर न लगाए जाने व धान क्रय केंद्र पर तौल शुरू कराने आदि की मांग की गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार नहटौर ब्लॉक परिसर में भारतीय किसान यूनियन टिकट की बैठक आयोजित की गई, जिसमें पहुंचे विद्युत विभाग के जेई चेतराम सिंह व खंड विकास अधिकारी प्रताप सिंह से किसानों ने कहा कि स्मार्ट मीटर न लगाया जाए और जर्जर विद्युत तारों को शीघ्र बदलवाया जाए। इसके अलावा फसलों को नुकसान कर रहे निराश्रित गोवंश को पकड़वा कर गौशाला भिजवाया जाए। गांव नारायण खेड़ी व चौहड़पुर में गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरे लगवाए



जाएं और शुगर मिल की गन्ना पर्चियों पर गन्ना मूल्य अंकित कराया जाए। नहटौर क्षेत्र में धान क्रय केंद्र स्थापित कराने व तहसील स्तर पर बनाए गए धान क्रय केंद्र पर तौल शुरू कराने आदि मांगे पूरी किए जाने मांग की गई। इस मौके पर भाकियू टिकैत के जिला प्रवक्ता राजेंद्र सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष मुनेश अहलावत, संरक्षक महेंद्र सिंह, पूर्व जिला कार्यालय प्रभारी बिजनौर रोहित राणा, अमित चौधरी, देवेंद्र प्रताप, पदम सिंह, शेखावत चौहान, शैंकी चौधरी, लोकेंद्र चौधरी, प्रीतम सिंह प्रजापति आदि मौजूद रहे।


**सूचना**

मैंने अपना नाम जहांगीर JAHANGEER से बदलकर मौ. जहांगीर MOHD. JAHANGEER रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

MOHD.JAHANGEER S/O IQBAL VILLAGE GUNARSI POST GUNARSA DEOBAND SAHARANPUR

**सूचना**

मैंने अपना नाम NAZMEEN से बदलकर NAJMEEN FATMA कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

नाजमीन फातमा पत्नी दिलशाद अहमद, बैरुन कोटला, देवबंद, सहारनपुर

## संक्षिप्त खेल समाचार

### मुख्यमंत्री योगी आज करेंगे जूनियर हॉकी विश्व कप ट्रॉफी का अनावरण

**लखनऊ, वार्ता।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरई की मेजबानी में होने वाले जूनियर हॉकी विश्व कप की ट्रॉफी का बुधवार को यहां अनावरण करेंगे। जूनियर हॉकी विश्वकप की यह ट्रॉफी अपने प्रमोशनल टूर के तहत देश के अलग-अलग शहरों में घूमते हुए कल यहां पहुंच रही है और लखनऊ में रुकने के बाद यह उदयपुर जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने सरकारी आवास में आयोजित एक खास समारोह में इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी का अनावरण करेंगे। अनावरण समारोह में खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव, हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह, हॉकी इंडिया के डायरेक्टर जनरल आरके श्रीवास्तव, खेल सचिव सुहास, खेल निदेशक डॉ. आरपी व यूपी हॉकी के महासचिव रजनीश शामिल होंगे।

### वीनस 2026 सीजन से पहले प्रदर्शनी टेनिस मैच में मैडिसन कीज का सामना करेंगी

**वॉशिंगटन, वार्ता।** अमेरिका की दिग्गज महिला टेनिस खिलाड़ी वीनस विलियम्स 2026 सीजन से पहले एक प्रदर्शनी टेनिस मैच में ऑस्ट्रेलियन ओपन की विजेता हमवतन मैडिसन कीज का सामना करेंगी। शार्लोट स्पोर्ट्स फाउंडेशन द्वारा आयोजित यह मुकाबला नॉर्थ कैरोलिना के स्पेक्ट्रम सेंटर में खेला जायेगा। चार बार की ओलंपिक चैंपियन वीनस विलियम्स चार दिसंबर को इस प्रदर्शनी मुकाबले में ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 की विजेता मैडिसन कीज के खिलाफ खेलेंगी।

# भारत में 15 साल से टेस्ट नहीं जीता द. अफ्रीका



- **स्पिन-फ्रेंडली पिचों पर रवींद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर और अक्षर पटेल जैसे स्पिन ऑलराउंडर भारत की सबसे बड़ी ताकत साबित होंगे**

**नई दिल्ली, वार्ता।** वर्ल्ड टेस्ट चैंपियन साउथ अफ्रीका भारत दौरे पर है, जहां उसे दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। अफ्रीकी टीम के लिए यह दौरा आसान नहीं होगा, क्योंकि वह 15 साल से भारत में एक भी टेस्ट मैच नहीं जीत सकी है।

हालांकि, साउथ अफ्रीका जून 2025 में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप जीतने के बाद एक भी सीरीज नहीं हारा है। दोनों टेस्ट मैच कोलकाता और गुवाहाटी में होंगे। यहां की स्पिन-फ्रेंडली पिचों पर रवींद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर और अक्षर पटेल जैसे स्पिन ऑलराउंडर भारत की सबसे बड़ी ताकत साबित होंगे। इन तीनों के साथ चाइनामैन कुलदीप यादव साउथ अफ्रीकी बल्लेबाजों के लिए बड़ी परेशानी साबित हो सकते हैं। साउथ अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा टीम के साथ सोमवार को कोलकाता पहुंचे। पाकिस्तान में ड्रा खेला साउथ अफ्रीका ने 11 से 14 जून के बीच लंदन के लाडर्स स्टेडियम में आस्ट्रेलिया को हराकर डब्ल्यूटीएफ का खिताब जीता था। इसके बाद अफ्रीकी टीम ने जिम्बाब्वे दौरे पर 2-0 से क्लीन स्वीप किया, जबकि पाकिस्तान दौरे पर खेली गई दो मैचों की सीरीज 1-1 से ड्रा रही। साउथ अफ्रीका के इस अजेय अभियान को शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम रोक सकती है। ऐसा क्यों हो सकता है, इसे हम यहां 6 फैक्टर्स में बता रहे हैं। पिछले 15 साल से भारत में नहीं जीता साउथ अफ्रीका साउथ अफ्रीका पिछले 15 साल से भारतीय सरजमीं पर कोई टेस्ट मैच नहीं जीत सका है। टीम को आखिरी जीत 2010 में नागपुर में ग्रीम स्मिथ की कप्तानी में मिली थी। तब अफ्रीका ने भारत को पारी और 6 रन से हराया था।

उस मैच में हाशिम अमला ने नाबाद 253 रनों की शानदार पारी खेली थी और 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुने गए थे। उस मुकाबले के बाद दोनों टीमों के बीच भारत में 8 टेस्ट खेले गए हैं, जिनमें अफ्रीका को 7 में हार मिली है और एक ड्रा रहा है। साउथ अफ्रीका ने 1996 में पहली बार भारत का दौरा किया था। उसने भारत में 1999 में अपनी पहली और अब तक की एकमात्र टेस्ट सीरीज जीत हासिल की थी। अब तक भारत में दोनों टीमों के बीच 7 टेस्ट सीरीज हुई हैं। भारत ने 4 जीती हैं, साउथ अफ्रीका ने 1 जीती, जबकि 2 सीरीज ड्रा रही हैं। धीमे विकेट पर बल्लेबाजी भी आसान नहीं होगी भारतीय पिचें साउथ अफ्रीकी टीम के बैटर्स के लिए बड़ा सिरदर्द बन सकती हैं। सीरीज का पहला मैच कोलकाता और दूसरा गुवाहाटी में खेला जाएगा। आमतौर पर भारतीय पिचें धीमी और स्पिन फ्रेंडली होती हैं। ऐसे में यहां बल्लेबाजी करना अफ्रीकी बैटर्स के लिए आसान नहीं होगा। केशव महाराज के अलावा किसी के पास अनुभव नहीं 15 दिन पहले भारतीय दौरे के लिए घोषित साउथ अफ्रीकी टीम में 3 स्पेशलिस्ट स्पिनर चुने गए हैं। इनमें केशव महाराज के अलावा, कोई अन्य अनुभवी स्पिनर नहीं है। केशव महाराज ने अब तक 60 टेस्ट मैच खेले हैं, इनमें उन्हें 212 विकेट मिले हैं।

# वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान के बीच होगी टी-20 सीरीज

- **दोनों टीमों के बीच 19 जनवरी से 3 टी-20 मैचों की सीरीज खेली जाएगी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान के बीच अगले साल शारजाह में 19 जनवरी से तीन टी-20 मैचों में सीरीज खेली जाएगी। भारत और श्रीलंका में अगले वर्ष फरवरी में होने वाले टी-20 विश्वकप के मद्देनजर 19 से 22 जनवरी तक शारजाह में होने वाली यह द्विपक्षीय सीरीज दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है। वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड निदेशक माइल्स बास्कोम्बे ने इस सीरीज के महत्व पर बल देते हुए कहा कि यह सीरीज हमारी तैयारी के लिए एक बेहतरीन मंच प्रदान करती है। उपमहाद्वीपीय परिस्थितियों में मजबूत प्रतिद्वंदियों का सामना करने से हमें अपने संयोजन और रणनीति को निखारने तथा उनके खिलाड़ियों को भारत और श्रीलंका जैसी पिचों पर आत्मविश्वास बढ़ाने में मदद मिलेगी। उल्लेखनीय है कि वेस्टइंडीज ने पिछला टी-20 विश्वकप की मेजबानी की थी, जहां वे सुपर एट स्टेज तक पहुंचे थे लेकिन नॉकआउट में नहीं पहुंच पाए थे। अफगा उस स्पर्धा के सेमीफाइनल में पहुंचा था। दोनों टीमों ने एक- दूसरे के खिलाफ आठ अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच खेले हैं, जिसमें विंडीज ने पांच और अफगानों ने तीन मैच जीते है।

# आयरलैंड टेस्ट मैच के पहले दिन बनाए आठ विकेट पर 270 रन

- **पॉल ने 60 रन और माइकल ने 59 और कैम्फर ने 44 रनों की पारी खेली**

**बांग्लादेश, वार्ता।** पॉल स्टर्लिंग (60) और कैड कारमाइकल (59), कर्टिस कैम्फर (44) और लोर्कन टकर (41) के योगदान से आयरलैंड ने पहले टेस्ट मैच के पहले दिन मंगलवार को स्टंप के समय आठ विकेट पर 270 रन बना लिए है। यहां आयरलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड को हसन महमूद ने पहले ही ओवर में कप्तान एंडी बालबर्नी (शून्य) को आउटकर पहला झटका दिया।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आए कैड कारमाइकल ने पॉल स्टर्लिंग के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट लिए 95 रनों की साझेदारी हुई। 27वें ओवर में नाहिद राणा ने पॉल स्टर्लिंग को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। पॉल स्टर्लिंग ने 76 गेंदों में नौ चौके लगाते हुए 60 रनों की पारी खेली। अगले ही ओवर में मेहदी हसन मिस्नराज ने हैरी टेक्टर (एक) को अपना शिकार बना लिया। 44वें ओवर में मेहदी हसन मिराज ने कैड कारमाइकल को आउटकर बंगलादेश को चौथी सफलता दिलाई। कैड कारमाइकल ने 129 गेंदों में सात चौकों की मदद से 59 रनों की जूझारू पारी खेली। पांचवें विकेट के रूप में कर्टिस कैम्फर 44 रन बनाकर आउट हुए।

उन्होंने अपनी पारी में चार चौके और दो छक्के लगाए। इसके बाद हसन मुराद ने लोर्कन टकर को विकेटकीपर लिटन दास के हाथों स्टंप कराकर पवेलियन भेज दिया। लोर्कन टकर ने 80 गेंदों में तीन चैके और दो छक्के लगाते हुए 41 रन बनाए। एंडी मैकब्राइन (पांच) और जॉर्डन नील 30 रन बनाकर आउट हुए।

दिन का खेल समाप्त होने के समय आयरलैंड ने 90 ओवरों में आठ विकेट पर 270 रन बना लिए है और बैरी मैकार्थी (नाबाद 21) क्रीज पर मौजूद है। बांग्लादेश की ओर से मेहदी हसन मिराज ने तीन विकेट लिए।

# जम्मू-कश्मीर ने दिल्ली को हराया

**नई दिल्ली, वार्ता।** कामरान इकबाल (नाबाद 133) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत जम्मू-कश्मीर ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मुकाबले में दिल्ली को सात विकेट से हराया। जम्मू-कश्मीर ने कल के 55 रन पर दो विकेट से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में कामरान इकबाल ने तेजी के साथ रन बटोरे। उन्होंने वंशराज शर्मा के साथ तीसरे विकेट के लिए 82 रन जोड़े। जम्मू-कश्मीर का तीसरा विकेट 38वें ओवर में 134 के स्कोर पर वंशराज शर्मा (आठ) के रूप में गिरा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए कप्तान पारस डोगरा ने कामरान इकबाल के साथ पारी को संभाला और टीम को जीत दिलाई। जम्मू-कश्मीर ने 43-3 ओवर में तीन विकेट पर 179 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से अपने नाम कर लिया। इस दौरान कामरान इकबाल ने अपना शतक पूरा किया। कामरान इकबाल ने 147 गेंदों में 20 चौके और तीन छक्के लगाते हुए 133 रनों की नाबाद पारी खेली। पारस डोगरा 12 गेंदों में 10 रन बनाकर नाबाद

- **कामरान इकबाल ने नाबाद 133 रनों की शानदार पारी खेलकर अपनी टीम की जीत में भागेदारी निभाई**

रहे। 35 रन देकर पांच विकेट लेने वाले जम्मू-कश्मीर के गेंदबाज अकीब नबी को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। दिल्ली के लिए )तिक शौकीन ने दो और मनन भारद्वाज ने एक विकेट लिया। सोमवार को जम्मू-कश्मीर के वंशराज शर्मा ने दिल्ली को दूसरी पारी में 277 के स्कोर पर समेट दिया था। इसके अलावा दिल्ली ने पहली पारी में 211 रन बनाए थे। जम्मू-कश्मीर ने पहली पारी में कप्तान पारस डोगरा (106) और अब्दुल समद (85) के योगदान से 310 रनों का स्कोर बनाया था। इसके अलावा मुम्बई ने शम्स मुलानी (पांच विकेट) और मुशीर खान (दो विकेट) के प्रदर्शन के दम पर हिमाचल प्रदेश को पारी और 120 रनों से हराया। मुशीर खान को 112 रन, 1/9 और 2/23 के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।





# जैनिक सिनर ने फेलिक्स को हराया

**इटली, वार्ता।** विश्व के नंबर दो टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने एटीपी फाइनल्स में अपने खिताब के बचाव की शुरुआत ओलंपिक मिश्रित युगल के कांस्य पदक विजेता फेलिक्स ऑगर-एलियासिमे पर जीत के साथ की। इटली के दिग्गज सिनर ने सोमवार को इंडोर हार्ड कोर्ट पर खेले गए मुकाबले में कनाडा के फेलिक्स ऑगर-एलियासिमे को 7-5, 6-1 से हराकर लगातार 27वीं जीत हासिल की। यह एटीपी फाइनल्स में बिना ब्रेक हुए उनकी लगातार छठी जीत है। मैच जीतने के बाद सिनर ने कहा कि यहां खेलने का एक नया एहसास है, कोर्ट थोड़ा अलग है, इसलिए मैं खुश हूं कि हमने कैसे एडजस्ट किया। आपको पूरे मैच में फोकस रहना होता है, जैसे ही आप एक ब्रेक देते हैं, रिकवर करना बहुत मुश्किल हो जाता है। आज, मैं बहुत फोकस्ड था। मैं खुश हूं, देखते हैं अगला मैच कैसा जाता है।

# सम्राट ने आईएसएसएफ में जीता सोना

**मिस्र, वार्ता।** भारतीय निशानेबाज सम्राट राणा और वरुण तोमर ने आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप राइफल/पिस्टल 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में क्रमशः स्वर्ण और कांस्य पदक जीते। मिस्र के काहिरा में सोमवार को हुई प्रतियोगिता की पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में सम्राट राणा 586-27गग के स्कोर के साथ क्वालीफाइंग राउंड में शीर्ष पर रहे और हमवतन वरुण तोमर (586-26ग) दूसरे स्थान पर रहे। फाइनल राउंड में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिस्रली, लेकिन 20 वर्षीय सम्राट राणा ने 243-7 अंकों के साथ चीन के हू काई को 0-4 अंकों से पीछे छोड़ दिया। वहीं वरुण तोमर 221-7 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। यह राणा का किसी अंतरराष्ट्रीय सीनियर प्रतियोगिता में पहला पदक है। इससे पहले उन्होंने 2022 जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में पुरुष और मिस्रश्रित टीम एयर पिस्टल स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक हासिल किए थे। सम्राट राणा, वरुण तोमर और श्रवण कुमार, जो क्वालीफायर में 582-16ग के स्कोर के साथ 12वें स्थान पर रहे, ने भी कुल 1754 अंक बनाकर भारत को टीम स्टैंडिंग में शीर्ष पर पहुंचाया और स्वर्ण पदक जिताया। इटली और जर्मनी ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। इससे पहले, मनु भाकर (580-20ग) और ईशा सिह (583-25ग) महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल क्वालीफायर में क्रमशः छठे और चौथे स्थान पर रहीं और पदक राउंड में जगह पक्की की। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर ने महिला टीम स्पर्धा का रजत पदक हासिल किया। वहीं व्यक्तिगत पदक नहीं जीत पाई। सुरुचि सिह (577-17ग) 14वें स्थान पर रहीं और जगह बनाने से चूक गई, लेकिन उन्होंने टीम इवेंट में 1740-62ग के स्कोर के साथ भारत को रजत पदक दिलाने के लिए योगदान दिया। चीन की टीम ने 1752-76ग के वर्ल्ड रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जबकि दक्षिण कोरिया ने 1729-58ग के साथ कांस्य पदक जीता। हालांकि, व्यक्तिगत फाइनल में मनु और ईशा सिह दोनों ही पदक जीतने में सफल नहीं हो सकीं। मनु 139.5 अंक बनाकर सातवें स्थान पर रहीं, जबकि ईशा 159-2 अंकों के साथ अपनी सीनियर हमवतन साथी से एक स्थान ऊपर रहीं। मनु भाकर और ईशा सिह के पास महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में पदक जीतने का एक और मौका होगा। ईशा 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा की एंट्री लिस्ट में भी शामिल हैं।

### सीएबी ने ईडन गार्डन्स में सुरक्षा बढ़ाने की मांग

**कोलकाता, वार्ता।** बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) ने रविवार से ईडन गार्डन्स में होने वाली भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका श्रृंखला के पहले टेस्ट मैच के मद्देनजर कोलकाता पुलिस से सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी करने का आग्रह किया है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोमवार को हुए विस्फोट के मद्देनजर शहर हाई अलर्ट पर है। दिल्ली विस्फोट के बाद ईडन गार्डन्स और शहर के सभी महत्वपूर्ण मार्गों और सभी प्रवेश द्वारों पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गई है।अतिरिक्त पुलिस व्यवस्था और व्यापक सुरक्षा घेरा लागू करने की मांग मुख्य रूप से दिल्ली में लाल किले के पास घातक कार बम विस्फोट को देखते हुए की गई है। कोलकाता पुलिस आयुक्त ने सोमवार को एक वीडियो कॉन्फ्रेंसिग में सभी पुलिस थानों के अधिकारियों को आगामी टेस्ट मैच के मद्देनजर सुरक्षा-व्यवस्था सही करने को कहा।

### पचुका ने मुख्य कोच जैमे लोजानो को हटाया

**मेक्सिको सिटी, वार्ता।** मेक्सिको के शीर्ष क्लब पचुका ने टीम के मैनेजर और मुख्य कोच जैमे लोजानो को पद से हटा दिया है। मेक्सिको के फुटबॉल पचुका ने सोमवार को यह घोषणा लीगा एमएक्स रेगुलर सीजन के आखिरी मैचडे पर सैंटोस लगुना से 1-0 से हारने के बाद की। इस हार के साथ पचुका तालिका में नौवें स्थान पर आ गया, जिससे हिडाल्गो-बेस्ड क्लब को सडन-डेथ प्ले-इन राउंड में खेलना पड़ा। पचुका की आधिकारिक वेबसाइट पर एक बयान में कहा गया है कि खुली बातचीत और आपसी सहमति के बाद, जैमे लोजानो और हमारे संस्थान ने हटाने का फैसला किया है। पचुका 19 नवम्बर को पुमास यूएनएएम की मेजबानी करेगा, जिसमें जीतने वाली टीम को अंतिम आठ में जगह बनाने के लिए क्लब तिजुआना और जुआरेज के बीच दूसरे प्ले-इन मुकाबले में हारने वाली टीम से भिड़ना होगा।

# 24 नवम्बर से होगा खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स

- **राज्य के साथ शहरों अजमेर जयपुर, भरतपुर, उदयपुर और कोटा और जोधपुर में यह गेम्स होंगे**

**जयपुर, वार्ता।** राजस्थान में युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने तथा युवा खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मंच उपलब्ध कराने की दृष्टि से खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का 24 नवम्बर से पांच दिसम्बर तक आयोजन किया जाएगा। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार पांचवें खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (केआईयूजी) का आयोजन पहली बार राजस्थान में होगा। राज्य के सात शहरों अजमेर, जयपुर, भरतपुर, उदयपुर, कोटा एवं जोधपुर में ए गेम्स खेले जाएंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर राज्य सरकार खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के सफल आयोजन की तैयारियां सुनिश्चित कर रही है। सभी संभागों में इस संबंध में जिला प्रशासनों द्वारा विभिन्न समिस्रतियों का गठन कर दिया गया है। राजस्थान




राज्य क्रीडा परिषद में भी इस संबंध में समिस्रतियों का गठन कर गेम्स के भव्य आयोजन की तैयारियां की जा रही हैं। यूनिवर्सिटी गेम्स का सीधा प्रसार भारती द्वारा कराया जाएगा। मुख्यमंत्री स्तर पर यूनिवर्सिटी गेम्स के आयोजन की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को निरंतर निर्देशित किया जा रहा है। सभी खेल अधिकारियों द्वारा स्थानीय प्रशासन से समन्वय कर खेलों के सुनियोजित आयोजन की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। जयपुर सहित सभी संभागीय मुख्यालयों पर खेल मैदान तैयार किए जा चुके हैं। सभी संबंधित विभाग भी आपसी समन्वय से इन खेलों की तैयारियों को लेकर काम कर रहे हैं। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में देशभर से लगभग 200 विश्वविद्यालय भाग लेंगे। बारह दिनों तक चलने वाले खेलों के इस महाकुंभ में 24 खेलों में सात हजार से ज्यादा एथलीट हिस्सा लेंगे। केन्द्र सरकार द्वारा आयोजित होने वाले इन खेलों का आयोजन संभागवार किया जाएगा, जिसके तहत जयपुर में 11, उदयपुर में तीन, अजमेर, भरतपुर, बीकानेर, जोधपुर एवं कोटा में दो-दो खेलों का आयोजन किया जाएगा। बुधवार को केआईयूजी के लोगो, मैस्काट, एंथम, टॉर्च और जर्सी का आमेर किला के जलेब चौक पर अनावरण किया जाना प्रस्तावित है। केआईयूजी 2025 में 23 पदक विजेता खेल और एक प्रदर्शन खेल शामिस्रल होंगे। पदक विजेता खेलों में तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिस्रटन, बास्केटबॉल, मुक्केबाजी, तलवारबाजी, फुटबॉल, हॉकी, जूडो, कबड्डी, मल्लखंभ, रग्बी, निशानेबाजी, तैराकी, टेबल टेनिस, टेनिस, वॉलीबॉल, भारोत्तोलन, कुश्ती, योगासन, साइकिलिग, बीच वॉलीबॉल, कैनोइंग और कयाकिग शामिस्रल हैं। खो-खो एक प्रदर्शन कार्यक्रम होगा। पहली बार, केआईयूजी में बीच वॉलीबॉल, कैनोइंग, कयाकिग और साइकिलिंग को शामिस्रल किया जा रहा है। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के माध्यम से जहां एक तरफ युवाओं में खेलों के प्रति जागरूकता को बढ़ावा मिलेगा। देश को नई-नई खेल प्रतिभाएं भी मिलेंगी, जिससे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश-प्रदेश के खिलाड़ी खेलों में नए आयाम स्थापित करेंगे। इस आयोजन से राज्य में भी खेलों के परिदृश्य में सकारात्मक बदलाव आएंगे।

# मेलबर्न रेनेगेड्स ने सिडनी थंडर को रौंदा

- **कप्तान जॉर्जिया ने दो विकेट लेने के बाद 58 रनों की पारी खेलकर टीम को जिताया**

**एडिलेड, वार्ता।** कप्तान जॉर्जिया वेयरहम (दो विकेट/ 58 रन) के शानदार प्रदर्शन के दम पर मेलबर्न रेनेगेड्स ने बिग बैश लीग (बीबीएल) टूर्नामेंट में सिडनी थंडर के खिलाफ चार विकेट से जीत दर्ज की और लगातार दूसरी बार 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार जीता।

चोटिल सोफी मोलिनक्स की जगह खेलते हुए वेयरहम ने 149 रनों के लक्ष्य का पीछा किए जाने के दौरान 32 गेंदों में 58 रन बनाए और इससे पहले लेग स्पिन गेंदबाज वेयरहम ने 25 रन देकर 2 विकेट भी लिए। वेयरहम ने सिर्फ दो दिन पहले ब्रिस्बेन हीट के खिलाफ बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया था और इस मैच में उन्होंने अपने प्रदर्शन को दोहराया। मैच के दौरान कई बार बारिश हुई, लेकिन खिलाड़ी खेलते रहे। थंडर ने अपने 20 ओवर में सात विकेट पर 148 रन बनाए, जिसके जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी



रेनेगेड्स एक समय 73 रन पर 5 विकेट खोकर मुश्किल में थी। ऐसे संकट के समय वेयरहम और निकोल फाल्टम (26 गेंदों में 37 रन) ने मिस्रलकर मैच जिताने वाली साझेदारी की। जिससे मेजबान टीम 11 गेंदें बाकी रहते मुक.ाबला जीत गई।

इससे पहले, थंडर को जॉर्जिया वोल (26) और ताहलिया विल्सन (30) ने अच्छी शुरुआत दी थी। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 60 रन जोड़े थे। इसके बाद 79 रन तक अपने चार विकेट गंवा दिए और इसका श्रेय काफी हद तक वेयरहम को जाता है। वेयरहम ने अपने चार सटीक ओवरों में थंडर की खतरनाक कप्तान फोबे लिचफील्ड को मात्र 12 रन पर आउट कर पवेलियन भेज दिया।

# दिल्ली बम ब्लास्ट के बाद जिले में अलर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** दिल्ली में हुए बम धमाके के बाद पूरे प्रदेश में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं। इसी क्रम में सहारनपुर पुलिस भी सतर्क मोड आ आ गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी के निर्देशन में जनपद में संगम चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

दिल्ली में बम धमाके के बाद पूरे प्रदेश में हााई अलर्ट जारी कर दिया गया, शासन के निर्देष पर आज जनपद के विभिन्न स्थानों पर सघन चौंकिग अभियान चलाया गया। इसी श्रृखला में जनपद में भी हाई अलर्ट कर रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, होटल, रेस्तराओं के साथ-साथ भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में समस्त पुलिस थाना क्षेत्रों में विशेष चौकिंग अभियान चलाया जा रहा है। विगत रात्रि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी के निर्देशानुसार डॉग स्क्वायड के साथ अभिसूचना ईकाई तथा पुलिस,



आरपीएफ व जीआरपी ने संयुक्त रूप् से रेलवे स्टेशन, बस स्टेंड, होटल, रेस्तरा समेत विभिन्न भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सघन चौकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस द्वारा सार्वजिनक स्थानों व संवेदनशील क्षेत्रों की कड़ी निगरानी की जा रही है। एसएसपी आशीष तिवारी ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से जनपद के बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन सहित सभी भीड़भाड़ वाले स्थानों पर लगातार चेकिंग व गश्त की जा रही है। जनपदीय बॉर्डरों पर स्थापित बैरियरों पर भी सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पुलिसकर्मियों को विशेष ब्रीफिंग देकर उनकी ड्यूटी लगाई गई है ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की है कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# गैंगरेप व ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर दलित युवती ने दी जान

**भीम आर्मी जय भीम संगठन जिलाध्यक्ष सन्नी गौतम ने एसएसपी को ज्ञापन देकर की कार्यवाही की मांग**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** लव जिहाद गैंग के चंगुल में फंसी दलित युवती से ब्लैकमेल करके जमकर गैंगरेप किया। जब गैंग ने पीछा नहीं छोड़ा तो युवती में आत्महत्या कर ली। गैंग लगातार युवती के परिजनों को धमकी देकर चुप रहने को मजबूर किया जा रहा है। इस संबंध में भीम आर्मी जय भीम संगठन के पदाधिकारियों ने एसएसपी से मुकद्दमा कायम कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। एसएसपी ने सीओ बेहट को कार्यवाही के लिए लगाया है।

भीम आर्मी जय भीम संगठन के जिलाध्यक्ष सन्नी गौतम ने एसएसपी को दिये ज्ञापन में बताया कि मिर्जापुर थाना क्षेत्र की रहने वाली एक गरीब दलित परिवार की युवती को डरा धमका कर कथित लव जिहाद के इरादे से मिर्जापुर के पूर्व प्रधान के पुत्र ने अपने चंगुल में फंसाया। उसी दौरान आरोपी ने अश्लीली वीडियो बना लिए। वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर लगातार एक फॉर्म हाउस पर बुलाकर आरोपी अपने साथियों के साथ गैंगरेप करते रहे। इसी क्रम में 10 नवंबर को युवती को एक बार फिर जबरदस्ती रात के समय कार मे डाल कर उसे मिर्जापुर क्षेत्र स्थित एक कैफे मे लेकर गए और उसके साथ अत्याधिक दुर्व्यवहार किया। साथ ही जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गैंगरेप का प्रयास किया।

युवती ने जब विरोध किया तो आरोपियों ने उसकी वीडियो वायरल कर देने की धमकी दी और उसके साथ मारपीट की। वहां से किसी तरह से जान बचाकर युवती अपने घर आ गई। आरोपियों के अत्याचार से तंग आकर आत्म हत्या कर ली।

सन्नी गौतम ने एसएसपी को बताया कि आत्म हत्या की जानकारी मिलने पर आरोपियों ने मृतक युवती के परिवार पर दबाव बनाया और कहा कि यदि कोई कार्यवाही की तो तुम्हारी लाश का भी पता नहीं चलने देंगे। जिस डर के कारण जल्द ही आरोपियों ने युवती के शव का अन्तिम संस्कार करा दिया। भीम आर्मी जय भीम संगठन जिलाध्यक्ष ने एसएसपी से मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की मांग की है।

# 16 को होगा राष्ट्रीय अधिवेशन: चौ. नीरपाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि 16 नवंबर को मथुरा के कोसी कलां में राष्ट्रीय लोकदल का राष्ट्रीय अधिवेशन होने जा रहा है जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा और पार्टी की आगामी रणनीति तय की जाएगी।

चौ. नीरपाल ने यह बात गांव दौलतपुर कलां मिलन गार्डन में युवाओं की बैठक में कही। उन्होने कहा कि राष्ट्रीय अधिवेशन में युवाओं की भागीदारी मजबूती से होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव तीन साल बाद होता है। राष्ट्रीय लोक. दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी को तीन वर्ष हो जाएंगे राष्ट्रीय अध्यक्ष बने। इसलिए राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होना अनिवार्य है। चुनाव से पार्टी को नई ऊर्जा,नई दिशा मिलेगी।

इस अवसर पर शशिकांत,राजीव कुमार,अंकित लोधी,मो सिकंदर, चौ कुलदीप सूखा, प्रेमपाल, राहुल, शहजाद,आदि उपस्थित रहे।

# शिक्षा ही देश व समाज की तरक्की का आधार: साहिल

**सहारनपुर।** नगर के चिलकाना रोड पर एजुकेशनल हाल में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षाविदों और संस्थानों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि साहिल खान वरिष्ठ नेता और नूर नवाज खान (फाउंडर हिन्द गुरू एकेडमी) व मो फरमान (फाउंडर यूनिवर्सिटी इनक्यारी) ने कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडवोकेट अमजद अली खान ने की और संचालन राशिद जावेद व फरीद खान द्वारा किया गया इस अवसर पर 35 से अधिक लोगों को मौलाना आजाद एजुकेशनल एक्सीलेंस अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया मौलाना आजाद के कुछ प्रमुख योगदान रहे जिसमे भारतीय शिक्षा प्रणाली का विकास मौलाना आजाद ने भारतीय शिक्षा प्रणाली को



विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई शिक्षा का प्रसार उन्होंने शिक्षा के प्रसार पर जोर दिया और देश के विभिन्न हिस्सों में शिक्षा संस्थानों की स्थापना की शिक्षा नीति मौलाना आजाद ने भारत की पहली शिक्षा नीति का निर्माण किया, जिसने देश की शिक्षा प्रणाली को दिशा दी।

कार्यक्रम के सह आयोजक रहे दा हिन्द गुरु एकेडमी यूनिवर्सिटी इंक्वारी नेशनल एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइट माइनॉरिटी इंस्टीट्यूशंस एसोसिएशन मिली इंस्टीट्यूशंस एसोसिएशन ऑफ इंडिया कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि जिनका अहम योगदान रहा सरवत जमाल, मोहम्मद अहमद खान, मुजा. हिद नदीम, सरफराज खान, मोहम्मद उमर, मोहम्मद नदीम, मसरूर मिर्जा, मंजूर अहमद, सुरैया कौसर, खतीजा फातिमा, शिल्पा कोहली, बुशरा रहमान, आसमा परवीन फातिमा शहादत अफजा, सोबी अंसारी, फराह खान, मुस्तकीम अंसारी, शोएब, अमजद साहिल, शाहजाद, काशिफ खान, मोहम्मद साजिद आदि उपस्थित थे।

## विजेताओं का स्वागत

**सहारनपुर।** मुजफ्फरनगर में आयोजित हुई इंटर स्कूल आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता में सहारनपुर के खिलाड़ियों ने तीन स्वर्ण, तीन रजत व दो कांस्य पदक जीतकर अपने खेल का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में पदक जीतने पर विज. ेता खिलाड़ियों का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया।

दी आर्म रैसलिंग एसोसिएशन सहारनपुर के सचिव मोहित शर्मा ने बताया कि इंटर स्कूल आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता का आयोजन 07 से 09 नवंबर तक चौधरी छोटूराम इंटर कॉलेज मुजफ्फरनगर में किया गया। जिसमे सहारनपुर के अंकुश कुमार ने स्वर्ण, माधव कटारिया ने स्वर्ण, रावीन ने स्वर्ण, असद अंसारी ने रजत, संयम पाराशर ने रजत, अनिरुद्ध शर्मा ने रजत, केशव छाबड़ा ने कांस्य, आर्यन ने कांस्य पदक जीतकर नाम रोशन कर दिया।

# शिक्षक संघ का होगा विस्तार: डा. मलिक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** लेबर कॉलोनी स्थित बी डी एम पब्लिक स्कूल में उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त विद्यालय शिक्षक संघ की बैठक जिला अध्यक्ष के पी सिंह की अध्यक्षता महामंत्री अरविंद शर्मा के संचालन में संपन्न हुई

बैठक को संबोधित करते हुए शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अशोक मलिक ने कहा की 14 नवंबर को लेबर कॉलोनी कॉलोनी स्थित बी डी एम पब्लिक स्कूल में संगठन का विस्तार किया जाएगा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रूपरेखा तैयार की गई सभी लोगों को अपने-अपने कार्य करने की जिम्मेदारी दी गई। आगे श्री मलिक ने कहा कि संगठन के द्वारा किए गए संघर्ष का परिणाम



है की शिक्षा विभाग में बढ़ते भ्रष्टाचार पर अंकुश लग रहा है इसी के सापेक्ष में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहारनपुर को महानिदेशक बेसिक शिक्षा लखनऊ ने आज तलब कर लिया है जनपद सहारनपुर से निजी स्कूलों के खिलाफ शिक्षा विभाग का रवैया ठीक नहीं था द्वेष भावना से काम कर रहे थे मान्यता प्राप्त स्कूलों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं पर पलीता लगाया जा रहा था जिसको संगठन ने धरने प्रदर्शन के माध्यम से उजागर किया और उसका परिणाम है कि आज बी एस ए सहारनपुर को लखनऊ मुख्यालय पर तलब हो गई है जाचो के नाम पर निजी स्कूलों का शोषण हो रहा है मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव जन सूचनाओ व अन्य जांचों को व शिकायतों को शिक्षा विभाग दवाए रखा है जिलाधिकारी द्वारा दी गई जांचे 4 ;4 महीने से लंबित पड़ी है बी एस ए बेखोफ होकर भ्रष्ट अधिकारियों व कर्मचारियों को संरक्षण दे रही है यदि शिक्षा विभाग में सुधार नहीं आया तो संगठन उग्र आंदोलन करेगा।

इस अवसर पर धनंजय शर्मा वीरेंद्र पवार अरविंद शर्मा के पी सिंह प्रवीण शर्मा अमजद अली एडवोकेट गययुर आलम मुकेश कुमार दिनेश रूपडी अजय सिंह रावत आदि उपस्थित रहे।

# नकुड़ में किशोर स्वास्थ्य मंच का आयोजन

**नकुड़।** राजकीय कन्या इंटर कॉलेज नीची नकुड़ में किशोर स्वास्थ्य मंच का आयोजन किया।

यहां कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य श्रीमती पूनम रानी व चिकित्साधिकारी डॉ चक्रेश कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान किशोरावस्था में बढ़ती स्वास्थ्य चुनौतियों के प्रति जागरूक करते हुए छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य, तनाव व एनीमिया से बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। डॉ. कामायनी ने पर्सनल हाइजीन की गहराई से जानकारी देते हुए स्वच्छता से जुड़ी सावधानियों पर जोर दिया। डॉ. तौकीर खान ने मादक द्रव्यों के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताते हुए नशे से दूरी बनाकर स्वस्थ



जीवनशैली अपनाने की अपील की। मंच के अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य, मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव, संतुलित आहार आदि विषयों पर पोस्टर एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें वंशिका सैनी ने प्रथम, वंशिका रानी ने द्वितीय तथा वंशु ने तृतीय स्थान हासिल किया। विजेता छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान छात्राएं स्वास्थ्य परीक्षण से भी गुजरी। मंच का संचालन श्रीमती रजनी रानी ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय स्वास्थ्य नोडल शिवानी वालिया, पंकज कुमार, आंचल श्रीवास्तव, अंजली जैन, रेशमा सहित अन्य शिक्षक व स्टाफ उपस्थित रहे।

# पनियाली से निकाला जाएगा महान नगर कीर्तन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** साहिब श्री गुरु तेग बहादुर जी, भाई मतिदास जी, भाई सतीदास जी, भाई दयाला जी के 350वें शहीदी पर्व पर गुरुद्वारा श्री हरगोबिंद साहिब पनियाली से जनपद में आगामी 16 नवम्बर को महान नगर कीर्तन (जाग्रति यात्रा) निकाली जाएगी।

गुरुद्वारा साहिब पनियाली की सेवा संभाल रहे बाबा रणजीत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर कीर्तन 16 नवम्बर को सुबह 6 बजे गुरुद्वारा साहिब पनियाली से प्रारंभ होकर, देवबंद, बड़गांव, रामपुर मनिहारान, नानौता, महंगी, गंगोह, नकुड़, सरसावा, सहारनपुर, गागालहेड़ी, कोटा, नागल होते हुए वापस पनियाली पहुंचकर सम्पन्न होगा। यात्रा में गुरुओं की ऐतिहासिक निशानियां व सोनीपत से पहुंच रही पालकी साहिब आकर्षण का केंद्र



रहेगी। उन्होंने संगत से बढ़ चढकर सहयोग देने की अपील की। इस दौरान बाबा रणजीत सिंह ने सहारनपुर पहुंच कर गुरुद्वारा श्री गुरुसिंह सभा सहारनपुर, पंजाबी गुरुद्वारा नुमाइश कैंप, गुरुद्वारा संत भागमल जी, उत्तर रेलवे पंचायती गुरुद्वारा खलासी लाइन, गुरुद्वारा भाई जगता जी नवीन नगर एवं सहारनपुर की संगत को नगर कीर्तन का संदेश पत्र दिया गया। इस दौरान सिंह ब्रदर्स वेल्फेयर सोसाइटी से रणजीत सिंह, मनु चौहान, भाई गुरजंट सिंह, मनजोत सिंह, चरणप्रीत सिंह, साहिब सिंह, तेजपाल सिंह, शेरसिंह, इंद्रजीत सिंह मौजूद रहे।

# अंधेरे में तीर चला रही पुलिस

**अंबेहटा।** नकुड़ थाना क्षेत्र के गांव टिड़ोली में शुक्रवार रात भाजपा अनुसूचित मोर्चा के अंबेहटा मंडल अध्यक्ष धर्म सिंह कोरी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के चार दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस हत्यारों का कोई सुराग नहीं लगा पाई है। पुलिस अधर में तीर चला रही है। पीड़ित परिवार और ग्रामीणों ने पुलिस की निष्क्रियता पर रोष है। गांव टिडोली निवासी

धर्म सिंह कोरी (उम्र करीब 65 वर्ष) पिछले 15 सालों से भारतीय जनता पार्टी से जुड़े हुए थे। वे अनुसू. चत मोर्चा के अंबेहटा मंडल उपाध्यक्ष थे, जबकि उनके बेटे सुशील कुमार कोरी पार्टी में महामंत्री हैं। सुशील कुमार कोरी वार्ड 19 से जिला पंचायत चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे थे। शुक्रवार रात अज्ञात हमलावरों उनके घेर घुसकर और चारपाई पर सोते समय सिर में करीब से गोली मारकर फरार हो गए।

शनिवार सुबह पुत्रवधू नीलम पशुओं का दूध निकालने गईं तो ससुर को खून से लथपथ देखकर चीख पड़ीं। बेटे सुमित कुमार कोरी, सुशील कुमार कोरी और अमित कुमार कोरी मौके पर पहुंचे तो पिता की लाशे देकर परिजनों में हड़कंप मच गया। सूचना पर डीआईजी अभिषेक सिंह,एसपी देहात सागर जैन, नकुड़ सीओ अशोक कुमार सिसोदिया, थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार त्यागी सहित कई आला अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने परिवार से मुलाकात कर जल्द खुलासे का आश्वासन दिया।

हालांकि, परिवार और समाज के लोग आश्वासनों से संतुष्ट नहीं हुए। शाम होते होते ग्रामीण महिलाओं सहित सैकड़ों लोग गंगोह-नकुड़ मार्ग पर उतर आए और जाम लगा दिया। मौके पर पहुंचे एसपी देहात, सीओ और थाना प्रभारी ने वार्ता कर जल्दी हत्याकांड सुलझाने का वादा किया। लेकिन चार दिन बाद भी पुलिस की स्पेशल टीम किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है।

परिवार का कहना है कि धर्म सिंह का किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी, फिर भी यह सुनियोजित हत्या लगती है। गांव में दहशत का माहौल है और लोग पुलिस पर भरोसा खो रहे हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है, लेकिन अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई। एसपी देहात सागर जैन ने बताया कि धर्म सिंह हत्या के खुलासे में पुलिस टीम हर बिंदु पर काम कर रही है। आस पास के लोगों की कुंडली खंगाली जा रहे हैं। सीसीटीवी कैमरे और कॉल डिटेल पर भी काम किया जा रहा है। जल्दी ही पुलिस को सफलता मिलेगी हत्या करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

## पुलिस लाइन में धरना

**सहारनपुर।**. अधिवक्ता सुमित बौद्ध के विरुद्ध दर्ज किए गए कथित झूठे मुकदमों को लेकर आज भीम आर्मी जय भीम संगठन के कार्यकर्ताओं ने पुलिस लाइन परिसर में प्रदर्शन कर धरना दिया और मामले की निष्पक्ष जांच करने को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन भी दिया।

आज जिला अध्यक्ष सनी गौतम के नेतृत्व में पुलिस लाइन पहुंचे और अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर धरना दिया उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी से भेंट कर उन्हें ज्ञापन देते हुए बताया कि सुमित बौद्ध, जो लंबे समय से समाज के कमजोर, वंचित एवं दलित वर्गों के अधिकारों की लड़ाई लड़ते आए हैं, उन्हें राजनीतिक दबाव और साजिश के तहत फँसाया जा रहा है। जिला अध्यक्ष सनी गौतम ने कहा कि यह कार्रवाई न केवल एक व्यक्ति पर अन्याय है, बल्कि पूरे दलित समाज की आवाज को दबाने का प्रयास है। संगठन ने प्रशासन से मांग की है कि सुमित बौद्ध पर लगाए गए सभी झूठे मुकदमे तत्काल वापस लिए जाएं और उन्हें शीघ्र रिहा किया जाए। सनी गौतम ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया और सुमित बौद्ध जी को जल्द न्याय नहीं मिला, तो संगठन पूरे दलित समाज को साथ लेकर सड़कों पर उतरकर व्यापक आंदोलन करेगा। यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक सुमित बौद्ध को पूर्ण न्याय नहीं मिल जाता।

इस दौरान भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पदक के लिए बैडमिंटन खिलाड़ियों ने बहाया पसीना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जेवीजैन कालेज में आज मां शाकुंम्भरी विश्व. विद्यालय सहारनपुर अंतर महाविद्यालय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें खिलाड़ियों ने अपने अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए अगले दौर में प्रवेश किया।

महिला वर्ग में पहला सेमीफाइनल मैच एसडी कॉलेज कॉमर्स की गोरी गोयल, श्री राम कॉलेज मुजफ्फरनगर की तनीषा ने फाइनल में प्रवेश किया। आज जेवी जैन कालेज में प्रतियोगिता का उद्घाटन अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक आशुतोष ने खिलाडियों ने परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर संघ के विभाग प्रचारक आशुतोष ने कहा कि खिलाड़ियों को हमेशा अपने खेल के प्रति जागरूक रहना चाहिए। विशिष्ट अतिथि के रूप में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग संगठन मंत्री चौतन्य स्वरूप ने कहा कि पहले यह कहा जाता था पढ़ोगे लिखोगे तो बनोगे नवाब खेलोगे कूदोगे बनोगे खराब लेकिन आज परिभाषा बदल गई है। कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर वकुल बंसल ने कहा कि हमारे लिए बहुत गौरव की बात है की राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के एक अच्छे वक्ता खिलाड़ियों के बीच उपस्थित है जिन्होंने खिलाड़ियों का हमेशा उत्साह वर्धन किया ह। आयोजन सचिव डॉक्टर हरवीर सिंह चौधरी ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। आज उद्घाटन अवसर पर



तथा प्रतियोगिता के दौरान प्रोफेसर मनु गुप्ता, प्रोफेसर शशि नौटियाल, प्रोफेसर मुकेश कुमार, प्रोफेसर हरिओम गुप्ता, प्रोफेसर प्रवीण कुमार, प्रोफेसर ब्रह्मपाल सिंह आदि मुख्य रूप से शामिल रहे। टीम मैनेजर के रूप में डॉक्टर अब्दुल अजीज खान, अंकित धामा, डॉ नागेंद्र, डॉ आदित्य कुमार, चौधरी आयुष, सुश्री सोनम राजपूत आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर संदीप गुप्ता ने किया। दूसरे राउंड के मैच में श्री राम कॉलेज मुजफ्फरनगर के निखिल भारद्वाज ने गोचर महाविद्यालय के कृष्ण को 21 13 दून कॉलेज के सारांश ने एसडी कॉलेज के ध्रुव चौहान को 21 5 से दून कॉलेज के ही गौरव वाल्मीकि ने एसडी कॉलेज लॉ के संजीव कुमार को 21 16एसडी कॉलेज कॉमर्स के मोहम्मद शाहिद ने एसपीएम कॉलेज योग के असद को 21 18 दून कॉलेज के ही सुजल कंबोज ने जैन कॉलेज सहारनपुर के शिवांश बंसल को 21 15 एसडी कॉलेज लॉ के दीपांकर ठाकुर ने श्री राम कॉलेज मुजफ्फरनगर के उज्जवल को 21 15 आईआईएमटी कॉलेज के विकास कुमार ने गोचर महाविद्यालय के विष्णु सैनी को 21 10 से एसडी कॉलेज ला के विद्युत गौर ने एसडी कॉलेज कॉमर्स के यश चौधरी को 21 16 आईआईएमटी कॉलेज के जहांगीर ने दून कॉलेज के अरविंद को 21 12 हारा कर अगले ग्राउंड में प्रवेश किया। महिला वर्ग में पहला सेमीफाइनल मैच एसडी कॉलेज कॉमर्स की गोरी गोयल ने दून कॉलेज की जीनत प्रवीण को 21 18से तथा दूसरे सेमी फाइनल मैच में श्री राम कॉलेज मुजफ्फरनगर की तनीषा ने एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स की प्रियंका को 21-15 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया सभी मैच अभी चल रहे हैं। निर्णायक मंडल में मुख्य रेफरी की भूमिका में मनीष कुमार मैच कंट्रोलर की भूमिका में अंशुल कुमार, अंपायर की भूमिका में रोहित पुंडीर, ज्वेल जॉर्ज व सुनील कुमार उपस्थित रहे।

# जरूरतमंदों को कराया भोजन

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल की जिला इकाई द्वारा व्यापार मण्डल के राष्ट्रीय महामंत्री व उत्तर प्रदेश व्यापार मण्डल के अध्यक्ष मुकुन्द मिश्रा का 51वें जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर स्थानीय जनमंच के निकट प्रभुजी की रसोई के प्रांगण में बड़ी संख्या में जरूरतमंदों को नि:शुल्क भोजन कराकर मनाया गया।

इस अवसर पर व्यापार मण्डल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष शीतल टण्डन ने कहा कि मुकुन्द मिश्रा प्रदेश व देश के व्यापारियों के प्रेरणास्रोत हैं और पं.श्याम बिहारी मिश्रा के निधन के बाद गत वर्षों से वो प्रांतीय अध्यक्ष व भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के राष्ट्रीय महामंत्री के रूप में देश व प्रदेश के व्यापारियों की समस्याओं के निदान के लिए लगातार प्रयासरत हैं। श्री टण्डन ने कहा कि श्री मिश्रा 51 वर्ष के एक ऊर्जावान अध्यक्ष के साथ-साथ व्यापारी एकता व समस्याओं के निदान के लिए संघर्ष व इन सबके साथ-साथ नम्रता की भी प्रतिमूर्ति हैं और पिछले वर्ष प्रदेश व्यापार मण्डल की स्थापना के स्वर्णजयन्ती वर्ष में रथयात्रा के माध्यम से पूरे प्रदेश की गांव की पगडंडी से लेकर कस्बा, तहसील, नगर व जिला सभी इकाईयों में प्रांतीय पदाधिकारियों के साथ भ्रमण किया।

**किसान सहकारी चीनी मिल्स लि. नानौता (सहारनपुर)**

**-ई-निविदा सूचना-**

समस्त अनुभवी ठेकेदारो से मिल के विभिन्न सिविल कार्यों हेतु ई-निविदा दिनाक 17.11.2025 को दोपहर 12-00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। तथा किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है। अधोहस्ताक्षरी को एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

**प्रधान प्रबन्धक**

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

बुधवार, 12 नवम्बर 2025

# धमाके के बाद उथल-पुथल

10 नवंबर की शाम 6.52 बजे दिल्ली में लाल किले के पास हुए कार धमाके के बाद हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और बिहार समेत 11 राज्यों में सुरक्षा कड़ी कर दी गई और चेकिंग बढ़ा दी है। यह जरूरी भी है क्योंकि आम चर्चा है कि आतंकी किसी भी तरह पुलवामा हमले के बाद हुई कार्रवाई का बदला लेना चाहते हैं। हालांकि हमारा खुफिया तंत्र एक बार फिर नाकाम हुआ और एक कार में हुए विस्फोट और लोगों के मरने की बात ने सभी को झकझोर दिया है। अगर समय रहते दिल्ली में घुसने से पहले बॉर्डर पर वाहनों की सघन चेकिंग होती, तो शायद इस कार को पकड़ा जा सकता था। हालांकि यह अभी तक स्पष्ट नहीं हुआ कि ब्लास्ट किस मारक क्षमता का था, लेकिन फिर भी जरूरी है कि किसी भी राज्य में घुसने से पहले दूसरे राज्यों से आए वाहनों की तलाशी लेना हमारे देश की पुलिस का काम है। इस धमाके के बाद 11 राज्यों में उथल-पुथल सी है और इनमें सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, बिहार, केरल, तमिलनाडु, उत्तराखंड, पंजाब और गुजरात समेत 11 जिलों में पुलिस अलर्ट पर है। सख्त चेकिंग और पुलिस फोर्स दोगुनी कर दी गई है।यह बात उस कहावत को चरितार्थ कर रही है कि मुद्दई सुस्त और गवाह चुस्त। सुरक्षा एजेंसियों ने एहतियातन मेट्रो स्टेशन के 2 गेट बंद कर दिए हैं। लाल किले को भी 13 नवंबर तक लोगों के लिए बंद कर दिया गया है। शवों की जांच करने वाले एलएनजेपी अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया कि आमतौर पर आईईडी विस्फोट में मृतकों के शरीर काले पड़ जाते हैं, लेकिन इस धमाके में ऐसा नहीं दिखा है। इसलिए अभी यह कहना मुश्किल है कि ये आतंकी हमला था या फिर कार के सिलेंडर में विस्फोट हुआ। अभी इस मामले पर जांच जारी है। पुलिस की प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि विस्फोट में अमोनियम नाइट्रेट, फ्यूल और डेटोनेटर का इस्तेमाल किया गया है। दिल्ली से सटे प्रदेशों में हाई अलर्ट जारी किया है और कई राज्यों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। दिल्ली धमाके को फरीदाबाद टेरर मॉड्यूल से जोड़कर देखा जा रहा है। 11 राज्यों में हाई अलर्ट जारी कर दिया है और सभी बड़े धार्मिक स्थलों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। जब सांप निकल गया, तो लाठी पीटने से क्या फायदा। ऐसे मामलों को लेकर देश के खुफिया तंत्र को और मजबूत करने की जरूरत है। पुलिसकर्मियों को खास ट्रेनिंग देने की जरूरत है, ताकि भविष्य में होने वाली घटनाओं को रोका जा सके। इस धमाके के बाद दहशतगर्दी से जुड़े मॉड्यूल्स पर कार्रवाई तेज हो गई है, जिसमें छापेमारी, गिरफ्तारियां और विस्फोटक बरामदगी शामिल है। गाड़ियों की चेंकिंग, रेल्वे स्टेशन और एयरपोर्ट पर भी सुरक्षा बढ़ाई है। धार्मिक स्थलों पर बैरिकेड्स लगाए गए हैं। दिल्ली भारत का दिल है। देश को चलाने वाले सभी बड़े मंत्रालय और कार्यालय स्थापित हैं। यहां की सुरक्षा इसलिए भी जरूरी है कि यदि इनमें से किसी को क्षति पहुंची, तो देश का भविष्य बर्बाद हो जाएगा। इसलिए पहली जिम्मेदारी खुफिया विभाग की बनती है, इसके बाद पुलिसबल का नंबर आता है। दिल्ली कार ब्लास्ट के तार अल-फलाह ट्रस्ट से जुड़ गए हैं.। 11 नवंबर को एनआईए ने अल-फलाह यूनिवर्सिटी (फरीदाबाद) में छापेमारी की। आरोप है कि जैश जैसे आतंकी संगठन फंड जुटाने और कट्टरपंथ के लिए कैंपस का इस्तेमाल कर रहे थे। ट्रस्ट और यूनिवर्सिटी दोनों के प्रमुख जव्वाद सिद्दीकी हैं, जो एक बड़े कारोबारी नेटवर्क के मालिक हैं। अल-फलाह का नाम, जो अब तक हरियाणा के नूंह में अपने चेरिटेबल ट्रस्ट और एक उलझे हुए कारोबारी नेटवर्क के लिए जाना जाता था।

## बिहार में चुनाव हार रही भाजपा



बिहार विधानसभा चुनाव पहले चरण के मतदान से ही यह स्पष्ट हो गया है कि भाजपा बिहार में चुनाव हार रही है, पहले चरण में लगभग आधा मतदान हुआ था, जिसमें जनता ने अपना रुख साफ कर दिया है, बिहार की जनता बदलाव चाहती है और महागठबंधन बहुमत से आगे निकल जाएगा,सपा विभाजन की राजनीति के खिलाफ है और वह एकजुटता, विकास और समावेशी सोच की राजनीति करती है, पार्टी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दे रही है ताकि वे अपने क्षेत्रों में मतदाता सूची में पात्र लोगों के नाम जुड़वाने और संगठन को मजबूत करने का काम करें, यह केवल राजनीतिक संघर्ष नहीं, बल्कि विचार और विजन की लड़ाई है, दिल्ली विस्फोट पर प्रधानमंत्री ने जांच का भरोसा दिया है, अब पूरे देश को इंतजार है कि सच्चाई सामने आए और दोषियों पर कार्रवाई हो। **-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# बिहार में चुनाव और दिल्ली में विस्फोट





अमरेंद्र राय

**सचमुच इससे पहले देश में चुनाव और आतंकवादी घटनाओं का जुड़ाव नहीं होता था। आतंकवादी घटनाएं होती थीं, खूब होती थीं लेकिन शासक वर्ग की मंशा पर संदेह नहीं होता था कि किसी लाभ के लिए शासक वर्ग खुद इस तरह की घटनाएं करा रहा है या इन घटनाओं का राजनीतिक लाभ उठाने की को. शिश कर रहा है। लेकिन जब से पुलवामा की घटना घटी है तब से लोगों के मन में यह संदेह है कि इन घटनाओं के पीछे सरकार की कुछ न कुछ मंशा अवश्य है। यह सरकार अपने आप को बहुत ज्यादा ताकतवर बताती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब विपक्ष में थे और गुजरात के मुख्यमंत्री थे तो सवाल उठाते थे कि सेना केंद्र के अधीन है। सीमाओं पर केंद्रीय बल तैनात हैं। फिर आतंकवादी भारत में घुस कैसे जाते हैं लेकिन वही मोदी जी अब जब खुद केंद्र में हैं यह नहीं बताते कि आतंकवादी कैसे भारत में घुस जाते हैं।**

बिहार में मंगलवार को 11 नवम्बर को दूसरे और आखिरी दौर का मतदान है। इससे एक दिन पहले सोमवार को दिल्ली में लाल किले के पास एक चलती कार में बम विस्फोट हुआ जिसमें नौ लोगों की मृत्यु की खबर है। देश की राजधानी नई दिल्ली से बिहार की राजधानी पटना की दूरी करीब एक हजार किलो मीटर है। क्या इन दोनों घटनाओं का आपस में कोई रिश्ता है?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2014 में सत्ता में आने के बाद देश में बहुत कुछ नया हो रहा है। सबसे खास बात यह है कि यह सरकार घटनाओं या कार्यक्रमों को आयोजन के रूप में पेश करती है। कुछ इस अंदाज में कि इससे पहले न तो देश में ऐसा कुछ हुआ न भविष्य में ऐसा कुछ हो सकता है। बात-बात में कहा जाता है कि पिछले सत्तर सालों में ऐसा कभी नहीं हुआ। हालांकि यह सब बेकार की मनगढ़ंत और झूठी बातें होती हैं, लेकिन दावा जरूर किया जाता है। इसे आप वर्तमान शासक वर्ग की कुंठा कह सकते हैं। ए हर मामले में अपनी तुलना उस क्षेत्र के ताकतवर व्यक्ति से करते हैं। जैसे देश में आम धारणा है कि पंडित जवाहर लाल नेहरू देश के सबसे सुयोग्य और विद्वान प्रधानमंत्री रहे हैं। उन्होंने तीन बार आम चुनाव जीते और प्रधानमंत्री बने। देश में अभी तक सबसे ज्यादा समय तक वही प्रधानमंत्री रहे। अब यहां दो काम किया जा रहा है। एक, हर मामले में नेहरू से अपनी तुलना और दो नेहरू जैसा जो काम नहीं कर सकते वहां उनकी बनाई लकीर को छोटा करना। आजकल आप आम तौर पर सुनते रहते होंगे कि नेहरू ने कितनी बड़ी-बड़ी गलतियां कीं। यहां तक कि अगर नेहरू नहीं प्रधानमंत्री बने होते तो देश का वंटवारा भी नहीं हुआ होता। हालांकि इन बातों में कोई सच्चाई नहीं है। इन बातों को वही लोग मानते हैं जिनका इतिहास का ज्ञान शून्य है। किताबों से दूर-दूर तक वास्ता नहीं है। इसी तरह देश की सबसे ताकतवर प्रधानमंत्री इंदि. रा गांधी को माना जाता है। उन्होंने पाकिस्तान को दो टुकड़ों में बांट दिया था। तो ताकतवर प्रधानमंत्री की बात होती है तो अब का शासक वर्ग अपनी तुलना इंदिरा गांधी से करता है। वे बताते हैं कि देश अब आतंकवाद बर्दाश्त नहीं करेगा। घर में घुसकर मारेगा। 2019 में पुलवामा की घटना के बाद घर में घुसकर मारा। अभी पीछे भी पहलगाम की घटना के बाद ऑपरेशन सिंदूर चलाया। कुल मिलाकर यह बताने की कोशिश की जाती है कि पिछले सत्तर सालों में इतना सुयोग्य और ताकतवर प्रधानमंत्री दूसरा नहीं हुआ। जबकि सच्चाई इसके बिल्कुल विपरीत है। जो व्यक्ति डर कर संसद का सामना न कर पाता हो, देश का एक राज्य मणिपुर जल रहा हो और वहां जाने की हिम्मत न जुटा पा रहा हो, विदेशों में लगातार अपमानित हो रहा हो, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार दावा कर रहे हैं कि व्यापार की धौंस जमाकर हमने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रुकवाया और अपने प्रधानमंत्री में इतना भी साहस नहीं है कि वो कह सकें कि ट्रंप झूठ बोल रहे हैं, वो नेहरू और इंदिरा गांधी की योग्यता और साहस का मुकाबला कहां से करेंगे ?

सचमुच इससे पहले देश में चुनाव और आतंकवादी घटनाओं का जुड़ाव नहीं होता था। आतंकवादी घटनाएं होती थीं, खूब होती थीं लेकिन शासक वर्ग की मंशा पर संदेह नहीं होता था कि किसी लाभ के लिए शासक वर्ग खुद इस तरह की घटनाएं करा रहा है या इन घटनाओं का राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश कर रहा है। लेकिन जब से पुलवामा की घटना घटी है तब से लोगों के मन में यह संदेह है कि इन घटनाओं के पीछे सरकार की कुछ न कुछ मंशा अवश्य है। यह सरकार अपने आप को बहुत ज्यादा ताकतवर बताती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब विपक्ष में थे और गुजरात के मुख्यमंत्री थे तो सवाल उठाते थे कि सेना केंद्र के अधीन है। सीमाओं पर केंद्रीय बल तैनात हैं। फिर आतंकवादी भारत में घुस कैसे जाते हैं ? लेकिन वही मोदी जी अब जब खुद केंद्र में हैं यह नहीं बताते कि आतंकवादी कैसे भारत में घुस जाते हैं और आतंकवादी हरकत करके वापस भी चले जाते हैं। पुलवामा की घटना जहां हुई वह हाई सिक्योरिटी जोन है। वहां बिना चेकिंग के आम आदमी नहीं जा सकता। उस घटना को हुए छह साल हो चुके लेकिन आजतक यह पता नहीं चला कि वे आतंकवादी पाकिस्तान से भारत में कैसे घुसे? उतने हाई सिक्योरिटी जोन में कैसे पहुंचे? जिन जवानों को वायुयान के जरिए भेजा जाना चाहिए था, उन्हें सड़क के रास्ते क्यों भेजा गया? इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री कहां से आई? कुछ लोग शक जताते हैं कि मोदी जी की लोकप्रियता का ग्राफ तेजी से गिर रहा था। 2016 की नोटबंदी और 2017 में जीएसटी कानून लगाने के बाद मोदी जी से देश की जनता निराश थी और 2019 में इनके चुनाव जीतने की उम्मीद बिलकुल भी नहीं थी। चुनाव जीतने के लिए ही पुलवामा की साजिश रची गई। नतीजा यह हुआ कि चुनाव में इसका बखूबी लाभ उठाया गया और जहां बीज. पी और नरेंद्र मोदी के हारने की आशंका थी वहां पुलवामा के जरिए माहौल बनाकर पहले से भी ज्यादा सीटें जीती गईं। इसी तरह 2024 के चुनाव में चार सौ सीटें जीतने का दावा किया गया। लेकिन जनता ने मोदी जी को बहुमत भी नहीं दिया। सरकार बैसाखी पर आ गई। कुछ लोगों का कहना है कि तब जनता का ध्यान देश की समस्याओं से हटाने और लोकप्रियता बढ़ाने के लिए पहलगाम की घटना का उपयोग किया गया।

ऐसे भी बहुत सारे लोग हैं जो मानते हैं कि पहलगाम की घटना भी राजनीतिक लाभ के लिए कराई गई। उस घटना के बाद मोदी जी ने पूरे देश में सिंदूर बंटवाने का अभियान छेड़ने की घोषणा की। पूरे देश में तिरंगा यात्रा निकाली गई। मतलब ए कि उस आतंकवादी घटना का राजनीतिक लाभ लेने की पूरी कोशिश की गई। अब जब बिहार में दूसरे चरण का मतदान है और उससे ठीक एक दिन पहले जब दिल्ली में बम विस्फोट हुआ है तो बहुत सारे लोगों के मन में ए सवाल खड़ा हो गया है कि क्या पुलवामा और पहलगाम की घटना की तरह यह घटना भी राजनीतिक लाभ के लिए कराई गई है ? क्या बिहार में मतदान को प्रभावित करने या अपने पक्ष में वोटों के ध्रुवीकरण के लिए इस घटना का उपयोग किया जाएगा ? बिहार के नतीजे दो दिन बाद 14 नवंबर को आएंगे। शायद तब इस सवाल का जवाब मिल पाए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण, जिम्मेदारी की नई पहल



मौ. सुलेमान

मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण इस समय पूरे देश में चर्चा और बहस का विषय बना हुआ है। सत्ता पक्ष और विपक्ष एक दूसरे पर आरोप और प्रत्यारोप लगा रहे हैं मगर भारतीय लो. कतंत्र की सबसे बड़ी ताकत उसकी जागरूक जनता है और जब यही जागरूक जनता अपने मताधिकार का सही प्रयोग करती है, तब लोकतंत्र वास्तव में मजबूत होता है। लेकिन यह तभी संभव है जब मतदाता सूची न केवल व्यापक हो, बल्कि सटीक, पारदर्शी और भरोसेमंद हो। लोकतंत्र में इसी भरोसे को बनाए रखने के लिए भारतीय चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण अर्थात स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन अभियान की शुरुआत की गई है। जिसका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि एक भी सच्चे भारतीय नागरिक का नाम मतदाता सूची से न हटे लेकिन एक भी गलत प्रविष्टि नहीं होनी चाहिए।

मतदाता सूची का यह गहन पुनरीक्षण अभियान सिर्फ एक औपचारिक प्रशासनिक कार्य नहीं है बल्कि यह लोकतंत्र की आत्मा में सुधार का यज्ञ है। भारतीय चुनाव आयोग का तर्क है कि प्रवासन, मृत्यु, दोहरी प्रविष्टियों, और अपूर्ण रिकॉर्ड्स के कारण जो असंगतियां वर्षों से बढ़ती गई हैं उन्हें अब व्यवस्थित करने का कार्य किया जा रहा है। संविधान के अनुच्छेद 324 और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 के अंतर्गत चुनाव आयोग को यह अधिकार प्राप्त है कि वह समय समय पर मतदाता सूची का पुनरीक्षण कर सके ताकि हर पात्र भारतीय नागरिक का नाम सूची में बना रहे और कोई भी अपात्र प्रविष्टि लोकतंत्र की पवित्रता को क्षति न पहुंचा सके।

हाल ही में इस पहल की शुरुआत सबसे बिहार से हुई, जहां 2003 की सूची को आधार बनाकर एक व्यापक सत्यापन अभियान चलाया गया। अब यही प्रक्रिया देश के 9 राज्यों और 3 केंद्रशासित प्रदेशों में 4 नवम्बर से आरंभ हो चुकी है जिनमें उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, गुजरात, केरल, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़, गोवा, पुडुचेरी, अंडमान-निकोबार और लक्षद्वीप शामिल हैं। भारतीय चुनाव आयोग द्वारा 28 अक्टूबर 2025 को इन राज्यों की मतदाता सूचियों को फ्रीज कर दिया गया है ताकि बिना गहन पुनरीक्षण किए कोई प्रविष्टि शामिल की जाए और न ही हटाई जाए। 4 नवम्बर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक गहन पुनरीक्षण की यह प्रक्रिया चलेगी, जिसके उपरांत नई मतदाता सूची 7 फरवरी 2026 को प्रकाशित की जाएगी।



कई जगहों पर यह भ्रम फैलाया जा रहा है कि मतदाता सूची का यह गहन पुनरीक्षण ढ्ढस्नक्र का उद्देश्य नाम हटाना या मताधिकार सीमित करना है। या यह किसी एक समुदाय विशेष के लोगों के नाम हटाने के लिए किया जा रहा है। यह धारणा पूरी तरह गलत है। यह कार्रवाई किसी को निशाना बनाने के लिए नहीं की जा रही है बल्कि यह सभी के लिए समान और पारदर्शी प्रक्रिया है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी व्यक्ति या उसके माता-पिता का नाम 2003 की सूची में दर्ज है, तो उसे किसी अतिरिक्त दस्तावेज की आवश्यकता नहीं। जिनके नाम नहीं हैं, उन्हें भी किसी प्रकार घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्हें बस अपनी पहचान, जन्म या निवास के प्रमाण देने होंगे ताकि उनकी सही पहचान कर उन्हें नई मतदाता सूची में शामिल किया जा सके। और जो मूल रूप से सच्चे भारतीय हैं उन्हें किसी भी प्रकार से डरने या घबराने की आवश्यकता नहीं है। इस प्रक्रिया में बूथ लेवल अधिकारी BLO घर-घर जाकर सत्यापन का कार्य करेंगे आयोग ने यह भी सुनिश्चित किया है कि बूथ लेवल अधिकारी अधिकतम तीन बार घरों का दौरा करेंगे, ताकि किसी का नाम केवल अनुपस्थिति के कारण न हटे। और जिन नागरिकों से संपर्क न हो सके, उन्हें भी घबराने की जरूरत नहीं है उनके लिए ऑनलाइन माध्यम से विवरण अपडेट करने की सुविधा भी दी गई है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# 25 वर्षों में सुधरी राज्य की सेहत, सुलभ हुई स्वास्थ्य सुविधाएं

## सुदूरवर्ती अस्पतालों में पहुंचे डॉक्टर, आम लोगों को मिला उपचार, 2182 पंचायतें हुई टीबी मुक्त, चार धाम यात्रियों का भी रखा ख्याल



एस. आलम अंसारी

उत्तराखंड का गठन जिन उद्देश्यों को लेकर हुआ था, उसके मूल में जनसुलभ एवं गुणवत्तापरक स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार भी शामिल था। विगत 25 वर्षों में राज्य सरकार ने इस दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। विषम भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद स्वास्थ्य सुविधाओं का जाल प्रदेश के कोने-कोने तक फैला। राज्य सरकार ने सुदूरवर्ती एवं दुर्गम क्षेत्रों में चिकित्सकों की नियुक्ति कर आम जनता को स्थानीय स्तर पर उपचार मुहैया कराया। स्वास्थ्य उपकेन्द्रों से लेकर जिला अस्पतालों को आधुनिक संसाधनों से लैस किया गया, जिससे ग्रामीण अंचलों में भी बेहतर चिकित्सा सेवाएं सुनिश्चित हो सकी है।

**स्वास्थ्य सेवाओं को मिला विस्तार**

राज्य में चिकित्सा सुविधाओं की गुणवत्ता सुधारने तथा चिकित्सा इकाईयों में एकरूपता स्थापित करने के लिए आईपीएचएस मानकों को लागू किया गया। उक्त मानकानुसार वर्तमान में 13 जिला चिकित्सालय, 21 उप जिला चिकित्सालय, 80 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, 525 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र टाईप-ए, 52 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र टाईप-बी, 25 अन्य चिकित्सा इकाईयां तथा 1998 मातृ शिशु कल्याण केन्द्र ढ्ढउपकेन्द्रऋ स्थापित हैं। जहां पर आम जनमानस को सुलभ चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अतिरिक्त 6 उप जिला चिकित्सालय, 6 साम. ुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, 9 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के उच्चीकरण को सरकार ने स्वीकृति प्रदान की है, जिनके निर्माण एवं संचालन की कार्यवाही गतिमान है। इसके अलावा 100 शैय्यायुक्त मानसिक चिकित्सालय क्रमशः सेलाकुई देहरादून व गेठिया नैनीताल में निर्माणाधीन हैं। आईपीएचएस मानकों के अनुरूप चिकित्सा इकाईयों में एलोपैथिक चिकित्साधिकारी, फार्मासिस्ट, डीआरए/फिजियोथैरेपिस्ट एवं नेत्र सहायक संवर्गों का चिन्हिकरण किया जा चुका है। शेष संवर्गों की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। जबकि भारत सरकार के सहयोग से जिला चिकित्सालय उत्तरकाशी, गोपेश्वर, बागेश्वर तथा उप जिला चिकित्सालय रूड़की में 200 शैय्यायुक्त जबकि उप जिला चिकित्सालय मोतीनगर, हल्द्वानी, नैनीताल में 50-50 शैय्यायुक्त क्रीटीकल केयर ब्लॉक का निर्माण गतिमान है। देश में पहली बार हेली एम्बुलेंस सेवा का संचालन एम्स ऋषिकेश के सहयोग से किया जा रहा है।

**साधन सम्पन्न बनी चिकित्सा इकाईयां**

राज्यभर की चिकित्सा इकाईयों में आधुनिक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं ताकि मरीजों की सटीक जांच हो सके। वर्तमान में सभी जिला अस्पतालों में प्रमुख रूप से सीटी स्कैन मशीन, अल्ट्रासाउंड मशीन व एक्स-रे मशीन स्थापित की गई है। जबकि समस्त उप जिला चिकित्सालयों में अल्ट्रासाउण्ड मशीन व एक्स-रे मशीन उपलब्ध है। इसके अलवा जिला चिकित्सालय हरिद्वार व पौड़ी के बेस चिकित्सालय, कोटद्वार में एमआरआई मशीन स्थापित की गई है। इसके साथ ही जिला चिकित्सालय देहरादून व बेस चिकित्सालय, हल्द्वानी में मैमो ग्राफी मशीन भी स्थापित है।

**दुर्गम क्षेत्रों में हुई डॉक्टरों की तैनाती**

विगत 25 वर्षों में सरकार ने चिकित्सकों की कमी को दूर कर सुदूरवर्ती चिकित्सा इकाईयों में भी चिकित्सकों व पैरामेडिकल स्टॉफ की तैनाती की। जिससे आम लोगों को स्थानीय स्तर पर उपचार सुलभ हो पाया। राज्य गठन के समय स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत पीएमएचएस संवर्ग में चिकित्सा अधिकारियों के 1621 पद स्वीकृत थे, सरकार ने 1264 और पदों को स्वीकृत कर प्रदेश के चिकित्सालयों में डॉक्टरों की संख्या में इजाफा किया। वर्तमान में चिकित्सकों के कुल 2885 पद सृजित हैं। समय-समय पर सरकार ने रिक्त पदों को भर कर स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत किया। वर्तमान में चिकित्सकों के बैकलॉग के 220 पदों को भर कर दुर्गम चिकित्सा इकाईयों में चिकित्सकों को तैनाती दी गई। इसके अलावा विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी को देखते हुए चिकित्सकों की सेवानिवृत्ति की आयु 60 से 65 वर्ष कर दी गई है। स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से सरकार ने कड़ा रूख अपनाकर लम्बे समय से गायब 56 चिकित्सकों को बर्खास्तगी का रास्ता भी दिखाया।

**नर्सिंग अधिकारियों की बम्पर भर्ती**

राज्य सरकार ने 1399 नर्सिंग अधिकारियों की बम्पर भर्ती कर अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत किया। राज्य गठन के दौरान एएनएम के 1933 पद स्वीकृत थे, जिनमें 362 पदों की वृद्धि की गई। वर्तमान में एएनएम के स्वीकृत पदों की संख्या 2295 है। विगत 25 वर्षों में सरकार द्वारा एएनएम के 1918 पदों पर भर्ती की जा चुकी है। इसके अलावा चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड के माध्यम से 34 एक्स-रे टेक्नीशियन सहित अन्य पैरामेडिकल स्टॉफ की भर्ती भी की गई।

**संकटमोचक बनी 108 आपातकालीन सेवा**

सूबे के स्वास्थ्य क्षेत्र में 108 आपातकालीन सेवा ने नया मोड़ लाया। आपात स्थिति में लोगों को तत्काल एम्बुलेंस उपलब्ध होने से यह सेवा आम लोगों के लिए संकटमोचक साबित हुई। वर्ष 2008 से संचालित 108 आपातकालीन सेवा में वर्तमान में 272 एम्बुलेंस का बेड़ा है। जिसमें 217 बीएलएस, 54 एएलएस व एक बोट एम्बुलेंस शामिल है। वर्ष 2019 से अगस्त 2025 तक कुल 879105 लाभार्थियों को 108 आपातकालीन सेवा प्रदान की गई, जो कि एक रिकॉर्ड है।

**लोक निजी सहभागिता का आम लोगों को मिला लाभ**

प्रदेश में लोक निजी सहभागिता के माध्यम से आम लोगों को कई स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जा रही है। जिसमें डायलिसिस, कार्डिक केयर, टीबी टेस्टिंग आदि शामिल है। राज्य में लोक निजी सहभागिता के तहत नेफ्रो डायलिसिस यूनिट क्रमशः जिला चिकित्सालय देहरादून, सोबन सिंह जीना बसे चिकित्सालय हल्द्वानी में स्थापित की गई है।



राज्य सरकार का संकल्प है कि प्रदेश के प्रत्येक नागरिकों को स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो। आने वाले समय में स्वास्थ्य क्षेत्र में नवाचार, डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार और सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सा सुविधाओं की दिशा में और ठोस कदम उठाए जाएंगे।

**-डॉ. धन सिंह रावत, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री, उत्तराखंड।**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका ने सीरिया पर लगे प्रतिबंधों को अस्थाई रूप से हटाया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में सीरियाई राष्ट्रपति अहमद अल-शरा के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक में द्विपक्षीय संबंधों को मज़बूत करने, क्षेत्रीय शांति और अंतर्राष्ट्रीय मामलों पर चर्चा की। अरब मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, ट्रंप ने बैठक के बाद सीरियाई राष्ट्रपति की प्रशंसा की और कहा कि मैं सीरियाई राष्ट्रपति को पसंद करता हूं और हम यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे कि सीरिया कामयाब हो, क्योंकि यह मध्य पूर्व का हिस्सा है।

### अमेरिकी सैन्य हमलों में पूर्वी प्रशांत क्षेत्र में छह लोग मारे गए

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा है कि रविवार को पूर्वी प्रशांत क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय जलक्षेत्र में कथित तौर पर मादक पदार्थ ले जा रही दो नौकाओं को निशाना बनाकर किए गए दो अमेरिकी हमलों में छह आतंकवादी मारे गए। हेगसेथ ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के निर्देश पर आतंकवादी संगठनों द्वारा संचालित दो नौकाओं पर दो घातक हमले किए गए। उन्होंने कहा कि दोनों हमले अंतर्राष्ट्रीय जलक्षेत्र में किए गए। और प्रत्एक नौका पर मादक पदार्थों को ले जा रहे तीन आतंकवादी सवार थे। इन हमलों में सभी छह आतंकवादी मारे गए।

### हमास ने 11 साल बाद इजरायली सैनिक का शव सौंपा

**गाजा।** इजरायल को 11 साल बाद अपने सैनिक लेफ्टिनेंट हदार गोल्डिन का शव वापस मिला है। हदार गोल्डिन की उम्र उस समय 23 साल थी, जब वे 2014 में गाजा में हमास के हमले में मारे गए थे। इजरायली सेना (आईडीएफ) ने पुष्टि की कि गोल्डिन के शव की पहचान हो गई है और अब उन्हें पूरे राजकीय सम्मान के साथ दफनाया जाएगा। उनकी अंतिम यात्रा में हजारों लोग शामिल हुए। हमास के मिलिट्री विंग ने रविवार को घोषणा की थी कि वह सीजफायर डील के पहले चरण के तहत गोल्डिन का शव सौंप देगा।

### पाक की प्रख्यात विद्वान व साहित्यकार डा. आरिफा सैयदा ज़हरा का निधन

**लाहौर।** पाकिस्तान महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष, शिक्षाविद्, बुद्धिजीवी और प्रख्यात मानवाधिकार कार्यकर्ता डा. आरिफा सैयदा ज़हरा (83) का यहां सोमवार देर शाम निधन हो गया। डा. आरिफा एक प्रख्यात शिक्षाविद्, विचारक और मानवाधिकारों की पैरोकार थीं। उन्होंने सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में विशिष्ट ख्याति हासिल की। वह उर्दू साहित्य और भाषा के अपने विशद ज्ञान के लिए जानी जाती थीं। वह 50 से अधिक वर्षों तक शिक्षण के क्षेत्र से जुड़ी रहीं।



जम्मू। नगरोटा विधानसभा उपचुनाव के दौरान वोट डालने के बाद मतदाता स्याही लगी उंगली दिखाते हुए।

## पाक के खैबर पख्तूनख्वा में आईईडी विस्फोट, 16 सुरक्षाकर्मी घायल

**इस्लामाबाद।** पेशावर (पाकिस्तान) पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षा बलों के काफिले को निशाना बनाकर किए गए इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) विस्फोट में कम से कम 16 जवान घायल हो गए। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तानी सेना और फंटियर कोर के जवानों का यह काफिला डेरा इस्माइल खान जिले की लोनी चौकी से लौट रहा था तभी सोमवार देर रात लोनी गांव में आईईडी विस्फोट हुआ। इस बीच, सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को अफगानिस्तान की सीमा से लगे दक्षिण वजीरिस्तान जिले में कैडेट कॉलेज के मुख्य द्वार पर एक आत्मघाती हमलावर द्वारा किए गए विस्फोट में छह लोग घायल हो गए। सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार, कैडेट कॉलेज वाना पर हमला कथित तौर पर प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने किया था।

# इस्लामाबाद कोर्ट कैंपस ब्लॉस्ट में 12 की मौत

## 36 घायल, हमलावर ने खुद को उड़ाया



प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का आरोप: भारत ने इस्लामाबाद में धमाके करवाए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के पास मंगलवार को दोपहर 1 बजे (भारतीय समय के मुताबिक) जोरदार धमाका हुआ। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इसमें 12 लोगों की मौत हुई, जबकि 36 घायल हुए हैं।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने मंगलवार को हुए इस्लामाबाद कोर्ट में हुए सुसाइड अटैक के लिए भारत को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने दावा किया कि यह हमला और अफगान सीमा के पास कैडेट कालेज पर हुआ हमला, दोनों ही इंडिया स्पांसर्ड आतंकवादी घटनाएं हैं। धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि यह पुलिस लाइन्स हेडक्वार्टर तक सुनी गई, जिससे आसपास के इलाकों में दहशत फैल गई। हादसे के तुरंत बाद रेस्क्यू टीम और सुरक्षाबल मौके पर पहुंचे और पूरे क्षेत्र को घेरकर जांच शुरू की। पीएम शहबाज ने बयान जारी कर कहा, भारतीय आतंकियों के आतंकी हमलों की मैंने कड़ी निंदा की है। मैंने घटना की तुरंत जांच करने का आदेश दिया है। जो भी दोषी पाया जाएगा उसे कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी। पीएम शहबाज ने आगे कहा-हम बेगुनाह पाकिस्तानियों का खून बर्बाद नहीं होने देंगे। हम आतंकवाद को मिटाने तक संघर्ष जारी रखेंगे। शहबाज ने आगे कहा कि अब समय आ गया है कि दुनिया भारत की इन साजिशों की निंदा करे। भारत का यह चेहरा अब पूरे दुनिया के सामने बेनकाब हो चुका है। पाकिस्तानी जियो न्यूज के मुताबिक, यह विस्फोट एक सुसाइड अटैक था। अधिकारियों ने बताया कि हमलावर का सिर घटनास्थल पर मिला है, जिससे आत्मघाती हमले की पुष्टि हुई है। वहीं, इस हमले को लेकर पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि देश अब 'जंग की स्थिति' में है। उन्होंने इस हमले के लिए अफगान सरकार को जिम्मेदार ठहराया। आसिफ ने कहा कि यह हमला दिखाता है कि अब यह लड़ाई सिर्फ सीमा इलाकों तक सीमित नहीं रही, बल्कि पूरे देश में फैली हुई है। धमाके के समय कोर्ट हाउस इलाके में भारी ट्रैफिक था, जिसके कारण आसपास खड़े कई लोग भी घायल हो गए। सभी घायलों को तुरंत पीआईएमएस अस्पताल ले जाया गया। धमाके के बाद इलाके की घेराबंदी कर दी गई और सुरक्षा बलों ने पूरे क्षेत्र को सील कर दिया। अदालत परिसर को खाली करा लिया गया, वकीलों, न्यायाधीशों और अन्य नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। न्यायिक परिसर के पीछे से लोगों को बाहर जाने की अनुमति दी गई, जबकि न्यायाधीशों को भी वहां से सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया गया। इस्लामाबाद धमाके से एक दिन पहले पाकिस्तानी आर्मी ने खैबर पख्तूनख्वा के वाना शहर में एक आर्मी कालेज पर आतंकी हमले की साजिश को नाकाम किया था। एजेंसी एपी के मुताबिक, 6 पाकिस्तानी तालिबान लड़ाके इस कालेज पर हमला करने पहुंचे थे।

# दुनियाभर में लाल किला विस्फोट की कड़ी निंदा

## विश्व नेताओं और विदेशी दूतों ने घातक विस्फोट पर दुख जताया, भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की



■ इस घटना से 'स्तब्ध' हैं व विश्वास व्यक्त किया कि चल रही जांच से घटना के कारणों का पता चल जाएगा: डेनिस
■ पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं

**नई दिल्ली।** विश्व नेताओं और विदेशी दूतों ने सोमवार शाम दिल्ली के लाल किले के पास हुए घातक विस्फोट पर दुख जताया और भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की है। भारत में रूसी राजदूत डेनिस अलीपोव ने कहा कि वह इस घटना से 'स्तब्ध' हैं और विश्वास व्यक्त किया कि चल रही जांच से घटना के कारणों का पता चल जाएगा।

अलीपोव ने एक्स पर लिखा कि लाल किले में हुए विस्फोट से स्तब्ध हूं। मुझे विश्वास है कि चल रही गहन जांच से घटना के कारणों का पता चल जाएगा। पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। भारत में चीनी राजदूत जू फेइहोंग ने भी अपनी संवेदना और एकजुटता व्यक्त की और एक्स पर लिखा कि दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए विस्फोट से दुखी हूं। पीड़ितों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है, और मेरी संवेदनाएं सभी प्रभावित लोगों के साथ हैं। इजरायली विदेश मंत्री गिदोन सार ने भारत के लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि मैं भारत के लोगों और विशेष रूप से दिल्ली के बीच में हुए विस्फोट में मारे गए निर्दोष पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी और इज़राइल की गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। भारत में इजरायली राजदूत रूवेन अज़ार ने इस घटना को 'हृदयविदारक' बताया और बचाव दल की त्वरित प्रतिक्रिया की प्रशंसा की। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अनुसार यह विस्फोट सुभाष मार्ग ट्रैफिक सिग्नल के पास हुआ और इसमें एक कार शामिल थी जिससे आस-पास के वाहनों को नुकसान पहुंचा। शाह ने कहा कि कई एजेंसियां सभी संभावित पहलुओं की जांच कर रही हैं। दिल्ली पुलिस ने यूएपीए, विस्फोटक अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। दिल्ली के सबसे व्यस्त हेरिटेज क्षेत्रों में से एक में हुए इस विस्फोट के बाद सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और 'देशव्यापी अलर्ट' जारी कर दिया गया है क्योंकि जांचकर्ता इसके कारणों का पता लगाने और जिम्मेदार लोगों की पहचान करने में लगे हैं। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके और विपक्ष के नेता साजिथ प्रेमदासा ने भी हमले की निंदा की। प्रेमदासा ने इसे 'आतंकवादी हमला' करार दिया और आतंकवाद से निपटने के लिए वैश्विक एकता का आह्वान किया। दिल्ली स्थित कनाडा और अमेरिकी दूतावासों ने भी शोक संदेश जारी किए हैं। अमेरिकी दूतावास ने अपने नागरिकों को लाल किले और चांदनी चौक के आसपास के इलाकों में जाने से बचने की सलाह दी है। गौरतलब है कि दिल्ली में हुए विस्फोट में 10 लोगों की मौत हो गई और 24 अन्य घायल हो गए।

## दिल्ली धमाके पर पाकिस्तानी मीडिया ने लिखा: ब्लॉस्ट ने भारत को हिला दिया

नई दिल्ली। दिल्ली में सोमवार शाम को लाल किले के पास कार ब्लॉस्ट मामले को वर्ल्ड मीडिया प्रमुखता से कवर कर रहा है। पाकिस्तानी मीडिया डान ने लिखा कि दिल्ली के लाल किले के पास सोमवार शाम एक भीषण धमाका हुआ, जिसमें कम से कम 8 लोगों की मौत और 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए। लाल किला, जो 17वीं सदी का मुगलकालीन किला है, भारत का ऐतिहासिक स्थल है। इस इलाके में सुरक्षा हमेशा कड़ी रहती है, इसलिए इस धमाके ने पूरे देश को हिला दिया है। बीबीसी ने इस घटना को कवर करते हुए लिखा कि भारत की राजधानी दिल्ली के लाल किले के पास सोमवार शाम एक कार में हुए धमाके से राजधानी दहल उठी। द गार्डियन ने लिखा कि दिल्ली के लाल किले के पास सोमवार को एक कार में हुए जोरदार धमाके में कम से कम 8 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। धमाके से आसपास खड़ी कई गाड़ियां जलकर खाक हो गईं।

## सीमा पार से आतंकवाद व अवैध हथियार की तस्करी जारी

■ भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद म बिना नाम लिए पाकिस्तान को घेरा

**न्यूयॉर्क।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सख्त लहजे में कहा कि देश लंबे समय से सीमा पार से आने वाले आतंकवाद और अवैध हथियारों की तस्करी का शिकार रहा है। भारत ने बिना नाम लिए पाकिस्तान पर हमला करते हुए कहा कि अब ड्रोन के जरिए भी हथियार भारत में भेजे जा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वथानेनी हरीश ने 'स्मॉल आर्म्स' पर खुले विचार-विमर्श के दौरान कहा कि यूएनएससी को ऐसे हथियारों की आवाजाही और इस्तेमाल को बढ़ावा देने वालों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति अपनानी चाहिए।

हरीश ने कहा भारत ने कई दशकों तक आतंकवाद की भयावहता झेली है। छोटे हथियारों और गोला-बारूद की अवैध तस्करी और आतंकवादी संगठनों तक इसकी पहुंच बेहद चिंता का विषय है। भारत का यह बयान उस समय आया जब दिल्ली के लाल किले के पास एक कार में जोरदार धमाका हुआ, जिसमें कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। हरीश ने कहा कि ऐसे हमलों के पीछे सीमा पार से तस्करी कर लाए गए हथियारों का हाथ होता है। हरीश ने कहा भारत ने सीमा पार से आने वाले आतंकवाद का सामना किया है, जहां अवैध हथियारों की तस्करी अब ड्रोन के माध्यम से भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि इन आतंकी समूहों के पास इतने आधुनिक हथियार तभी संभव हैं जब उन्हें बाहर से वित्तीय और तकनीकी सहायता मिल रही हो। भारत ने यूएनएससी से आग्रह किया कि वह आतंकवादियों और सशस्त्र समूहों को हथियार पहुंचाने वालों के खिलाफ कठोर और समन्वित कदम उठाए। हरीश ने कहा सुरक्षा परिषद को आतंकवाद के किसी भी रूप या उसे समर्थन देने वालों के प्रति सहिष्णुता नहीं दिखानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि हथियार प्रतिबंध संघर्ष क्षेत्रों में हथियारों के प्रवाह को रोकने का एक प्रभावी तरीका है, लेकिन इसे निष्पक्ष और सख्ती से लागू किया जाना चाहिए। भारत ने कहा कि छोटे हथियारों और हल्के हथियारों की तस्करी न केवल सुरक्षा बल्कि विकास और मानवीय पहलुओं को भी प्रभावित करती है।

# सीमा बंदी से पाक को रोज करोड़ों का नुकसान

## पाक और अफगान के बीच सीमा व्यापार पूरी तरह ठप



■ दोनों देशों की अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीमा व्यापार पूरी तरह ठप हो गया है। इससे दोनों देशों की अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर पड़ रहा है। बलूचिस्तान के कारोबारी संगठनों ने चेतावनी दी है कि सीमा बंदी के कारण पाकिस्तान को हर दिन करीब 200 मिलियन पाकिस्तानी रुपये का नुकसान हो रहा है।

इससे सीमावर्ती इलाकों में हजारों व्यापारी और मजदूर बेरोजगारी के संकट में फंस गए हैं। चमन चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री (सीसीसीआई) के अध्यक्ष हाजी अब्दुल नफाय जान अचकजई ने मंगलवार को कराची में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि सैकड़ों पाकिस्तानी व्यापारी और कामगार अफगानिस्तान में फंसे हुए हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान-अफगान सीमा के सभी प्रमुख बार्डर पाइंट चमन, तोरखम और अंगूर अढा पर व्यापार पूरी तरह रुका हुआ है। इससे पाकिस्तान का मध्य एशियाई देशों से व्यापार भी प्रभावित हुआ है। अचकजई ने बताया कि दोनों देशों के बीच होने वाले अधिकांश निर्यात और आयात नाशवान वस्तुओं से संबंधित हैं। लंबे समय तक बंदी रहने से फलों, दवाओं, कपड़ों और अन्य सामान का नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि कई व्यापारियों के पासपोर्ट पर लगी वीज़ा अवधि खत्म हो चुकी है और वे अफगानिस्तान में फंसे हुए हैं। सीसीसीआई अध्यक्ष ने कहा कि सीमा बंदी से आपूर्ति श्रृंखला पर गहरा प्रभाव पड़ा है और यदि स्थिति लंबी चली तो पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को बड़ा झटका लग सकता है। उन्होंने कहा कि इस बंदी से पाकिस्तान के आयात-निर्यात को रोज़ाना करीब 850 मिलियन पाकिस्तानी रुपये का अनुमानित नुकसान हो रहा है।

# मोदी और भूटान नरेश ने किया बड़ी परियोजना का उद्घाटन

■ हमने ऊर्जा, क्षमता निर्माण, संपर्क, प्रौद्योगिकी, रक्षा और सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की

**थिम्फू।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान ऊर्जा, क्षमता निर्माण, कनेक्टिविटी, तकनीकी, रक्षा और सुरक्षा विषयों पर व्यापक चर्चा हुई।

दोनों देशों के बीच प्रतिनिधियों के स्तर की बातचीत के बाद पीएम मोदी और भूटान के राजा ने संयुक्त रूप से 1020 मेगावाट पुनात्सांगछू- आईआई जल-विद्युत परियोजना का उद्घाटन किया। पुनातसंगचू-आईआई जलविद्युत परियोजना का निर्माण भारत और भूटान ने संयुक्त रूप से किया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने इस मुलाकात के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा कि भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक के साथ बहुत अच्छी बैठक हुई। हमने भारत-भूटान के संबंधों के हर पहलू पर चर्चा की। हमने ऊर्जा, क्षमता निर्माण, संपर्क, प्रौद्योगिकी, रक्षा और सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की। भारत को भूटान की विकास यात्रा में एक प्रमुख भागीदार होने पर गर्व है। विदेश मंत्रालय ने इस परियोजना के उद्घाटन पर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर जानकारी दी. विदेश मंत्रालय ने कहा कि भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों की मौजूदगी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भूटान के राजा महामहिम जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने संयुक्त रूप से 1020 मेगावाट की पुनात्सांगछू-आईआई जलविद्युत परियोजना का उद्घाटन किया। यह जलविद्युत परियोजना, जो भूटान की बिजली उत्पादन क्षमता को 40 प्रतिशत तक बढ़ाएगी, दोनों देशों को बिजली की आपूर्ति करेगी। परियोजना के पूरा होने के साथ गतिशील और पारस्परिक रूप से लाभकारी भारत-भूटान ऊर्जा साझेदारी में एक और मील का पत्थर हासिल हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को दो दिवसीय यात्रा पर भूटान पहुंचे। भारत और भूटान के बीच रिश्ते काफी मजबूत होते जा रहे हैं।

## भूटान नरेश ने दिल्ली विस्फोट पीड़ितों के लिए की प्रार्थना

थिम्फू। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर भूटान पहुंचे हैं। भूटान की राजधानी थिम्फू के एयरपोर्ट पर पीएम मोदी भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान भूटान सरकार के कई वरिष्ठ मंत्री और शीर्ष अधिकारी मौजूद रहे। पीएम मोदी 11-12 नवम्बर को भूटान दौरे पर रहेंगे। इस दौरे से द्विपक्षीय संबंध मजबूत होंगे। प्रधानमंत्री मोदी भूटान के चौथे राजा जिग्मे सिंग्ये वांगचुक के 70वें जन्मदिन समारोह में भी शामिल होंगे। भूटान नरेश ने दिल्ली विस्फोट पीड़ितों के लिए की प्रार्थना की। पीएम मोदी ने भूटान में दिल्ली विस्फोट पर दुख व्यक्त किया।

# ट्रम्प की बीबीसी पर 8400 करोड़ के मुकदमे की धमकी

## मानहानी का आरोप, वकील बोले: चैनल ने बयान तोड़ा-मरोड़, इससे ट्रम्प की इमेज खराब हुई



■ ट्रम्प की कानूनी टीम का कहना है कि इसे जानबूझकर इस तरह एडिट किया गया था जिससे ट्रम्प की इमेज को नुकसान पहुंचा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने ब्रिटेन के प्रमुख मीडिया संगठन बीबीसी पर 1 अरब डालर (करीब 8400 करोड़) का मुकदमा करने की धमकी दी है। ट्रम्प के वकीलों ने बीबीसी को कानूनी नोटिस भेजा है, जिसमें कहा गया है कि अगर संस्था ने अपने 'पैनोरमा डाक्यूमेंट्री' पर माफी नहीं मांगी, तो उस पर मुकदमा किया जाएगा।

वकीलों ने न सिर्फ माफी की मांग की है, बल्कि आर्थिक मुआवजे की भी बात कही है। दरअसल, अक्टूबर 2024 में रिलीज बीबीसी की इस डाक्यूमेंट्री में 6 जनवरी 2021 की ट्रम्प की दो अलग-अलग स्पीच के हिस्सों को जोड़कर एक साथ दिखाया गया, जिससे ऐसा लगा कि उन्होंने यह सब एक ही बार में कहा था। ट्रम्प की कानूनी टीम का कहना है कि इसे जानबूझकर इस तरह एडिट किया गया था, जिससे ट्रम्प की इमेज को नुकसान पहुंचा। उन्होंने बताया कि यह केस फ्लोरिडा में दाखिल किया जाएगा, जहां कानून के मुताबिक पीड़ित इंसान दो साल के भीतर मुकदमा दर्ज कर सकता है। इस विवाद के बाद बीबीसी के डायरेक्टर जनरल टिम डेवी और न्यूज सीईओ डेबोरा टर्नेस ने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। बीबीसी के चेयरमैन समीर शाह ने इस गलत फैसले के लिए माफी मांगी है और कहा है कि संगठन ने सुधार के लिए कदम उठाए हैं। 6 जनवरी 2021 को जब अमेरिकी कांग्रेस जो बाइडेन की जीत की पुष्टि करने वाली थी उसके पहले ट्रम्प ने अपने समर्थकों से कहा था कि हम शांति से और देशभक्ति के साथ अपनी आवाज बुलंद करेंगे। इसके बाद अगले बयान में उन्होंने यह भी कहा था अगर तुम जमकर लड़ाई नहीं करोगे तो तुम्हारा देश नहीं बचेगा। बीबीसी की डाक्यूमेंट्री ने ट्रम्प के बयान के इन दोनों अलग-अलग हिस्सों को ऐसे जोड़ा, जैसे ये एक ही लाइन में बोले गए हों। इससे ऐसा लगा कि ट्रम्प सीधे तौर पर अपने समर्थकों को हिंसा के लिए उकसा रहे थे। इस 'कट-एंड-जाइन एडिटिंग' से यह धारणा बनी कि ट्रम्प ने जानबूझकर कैपिटल हिल हमले को उकसाया, जबकि असली स्पीच में उन्होंने शांति से विरोध की बात भी कही थी।

# फलस्तीनी राजदूत ने की भारत को यूएनएससी में शामिल करने की मांग

■ अब्दुल्ला अबू शावेश बोले: हमारी सुरक्षा के लिए यह जरूरी भारतीय नेताओं ने फलस्तीन की हिमायत की है

**नई दिल्ली।** फलस्तीन के राजदूत को उम्मीद है कि स्वतंत्र फलस्तीन राष्ट्र के गठन और खाड़ी क्षेत्र में स्थाई शांति में भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। फलस्तीनी राजदूत अब्दुल्ला अबू शावेश के मुताबिक भारत हमारा बड़ा भाई है और 1930 में महात्मा गांधी से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक हर भारतीय नेताओं ने फलस्तीन की हिमायत की है।

शावेश ने यह बातें अमर उजाला से विशेष बातचीत में कहीं। शावेश ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अमेरिका इजरायल के पक्ष में वीटो करता है इसलिए भारत का वहां होना जरूरी है और अगर भारत सुरक्षा परिषद का स्थाई सदस्य बन जाए तो सौ फीसदी फैसला फलस्तीन के पक्ष में होगा, ऐसा हमें विश्वास है। उन्होंने कहा कि शर्मलशेख में हुए शांति प्रस्तावों के बाद भी अभी गाजा में हालात जस के तस बने हुए हैं। हम पर ये प्रस्ताव थोपे गए हैं लेकिन हम निराश नहीं हैं और हम राख के ढेर से भी उठ खड़े होंगे। अब्दुल्ला अबू शावेश ने कहा कि हालांकि गाजा में जंग नहीं चल रही है बल्कि इजरायल न हमला किया है। यह एकतरफा कार्रवाई है जो दो साल से जारी है। इसमें 67 हजार से ज्यादा निर्दोष फलस्तीनियों की मौत हुई है, जिसमें बच्चे, बूढ़े, महिलाएं और मरीज तक शामिल हैं। शावेश के मुताबिक अभी भी गाजा में सात हजार टन विस्फोटक पड़ा हुआ है जो वहां के जनजीवन के लिए सबसे बड़ा खतरा है। बच्चे भुखमरी के शिकार हो रहे हैं। स्कूल अस्पताल नष्ट हो चुके हैं।

यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108